दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित



अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7-9 जुलाई 2022 - शिक्षा का महाकुंभ

पहल टुडे

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार

धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।



वर्ष: 02 अंक: 262 गाजियाबाद, 08 जुलाई, शुक्रवार 2022 गाजियाबाद से प्रकाशित मूल्य 1 रूपए पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

राजनीति

### हमारे देश में मेधा की कभी कमी नहीं रही

# शिक्षा और शोध पर मंथन जरूरी : पीएम मोदी

पहल टुडे

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अक्षय पात्र मिड डे मील किचन का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम का भी उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अखिल भारतीय शिक्षा समागम का ये आयोजन उस पवित्र धरती पर हो रहा है। जहां आजादी से पहले देश की इतनी महत्वपूर्ण यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि ये समागम आज ऐसे समय हो रहा है, जब देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अमृत काल में देश के अमृत संकल्पों को पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी हमारी शिक्षा व्यवस्था और युवा पीढ़ी पर है।

मोदी ने कहा कि काशी को भी मोक्ष की नगरी इसलिए कहते हैं, क्योंकि हमारे यहां मुक्ति का एकमात्र मार्ग ज्ञान को ही माना गया है। इसलिए शिक्षा और शोध का, विद्या और बोध का मंथन, जब सर्व विद्या के प्रमुख केंद्र काशी में होगा, तो इससे निकलने वाला अमृत अवश्य देश को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य आधार शिक्षा को संकुचित सोच के दायरे से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के विचारों से जोड़ना है। हमारे देश में मेधा की कभी कमी नहीं रही। लेकिन दुर्भाग्य से हमें ऐसी व्यवस्था बनाकर दी गई थी, जिसमें पढ़ाई का मतलब नौकरी ही माना गया। प्रधानमंत्री मे कहा कि आजादी के बाद शिक्षा नीति में थोड़ा बहुत बदलाव हुआ, लेकिन बहुत बड़ा बदलाव रह गया था। अंग्रेजों की बनाई व्यवस्था कभी भी भारत के मूल स्वभाव का हिस्सा नहीं थी और न हो सकती।



वाराणसी से सांसद मोदी ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए नई व्यवस्थाओं का निर्माण, आधुनिक व्यवस्थाओं का समावेश उतना ही जरूरी है। जो पहले कभी भी नहीं हुआ, जिनकी देश पहले कभी कल्पना भी नहीं करता था, वो आज के भारत में हकीकत बन रहे हैं। आज हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में जहाँ पहले केवल सरकार ही सब करती थी वहां अब प्राइवेट प्लेयर्स के जरिए युवाओं के लिए नई दुनिया बन रही है।

### काशी को केंद्र की दर्जनों सौगात

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी में एक प्रोजेक्ट खत्म होता है, तो चार नए प्रोजेक्ट शुरू हो जाते हैं। आज भी काशी में 1,700 करोड़ रुपए के दर्जनों प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। काशी में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सुंदरीकरण से जुड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि काशी की आत्मा अविनाशी है, लेकिन काया में निरंतर नवीनता लाने के लिए हम जी-जान से प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास काशी को और ज्यादा गतिशील, प्रगतिशील और संवेदनशील बनाने का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी के जागरूक नागरिकों ने जिस तरह देश को दिशा देने वाला काम किया है, उसे देखकर मैं आनंदित हूं। काशी के नागरिकों ने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि शॉर्ट-कट से देश का भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि जब दुरगामी प्लानिंग होती है, तो किस तरह नतीजे भी निकलते हैं। 8 वर्षों में काशी का इंफ्रास्ट्रक्चर कहां से कहां पहुंच गया है। इससे किसान, मजदूर, व्यापारी सभी को लाभ हो रहा है। व्यापार बढ़ रहा है, कारोबार बढ़ रहा है, पर्यटन में विस्तार हो रहा है।

## 'कांग्रेस की वजह से देश में बढ़ी आतंकवादी गतिविधि'

### शिवराज का आरोप- आतंकवाद और कांग्रेस एक दूसरे के पूरक

पहल टुडे

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश में निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बड़ी हुई है। शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा लगातार नगर निगम में बढ़िया प्रदर्शन के लिए जमकर प्रचार कर रही है। इन सब के बीच आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीधी पहुंचे थे यहां उन्होंने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। कांग्रेस पर हमला करते हुए शिवराज ने कहा कि आतंकवाद और कांग्रेस का सीधा-सीधा रिश्ता रहा है..इतिहास उठाकर देख लीजिए देश में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं तो केवल कांग्रेस की वजह से बढ़ी हैं। आतंकवाद और कांग्रेस एक दूसरे के पूरक हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही अजमेर शरीफ देख लीजिए। वहां सभी धर्मों के लोग जाते हैं। हम सभी धर्मों का आदर करते हैं। उन्होंने कहा कि वहां के खादिम आतंक को फैलाने और हत्या करने की धमकी देते हैं और कांग्रेस ऐसे लोगों को बचाने की कोशिश करती है।



## महाराष्ट्र में भाजपा की सत्ता वापसी 2024 के लिहाज से बेहद अहम

### अब अपने समीकरणों को साध सकेगी भगवा पार्टी

पहल टुडे

मुंबई। 2024 के आम चुनाव में मुश्किल से डेढ़ साल का वक्त बचा है। केंद्र की मोदी सरकार लगातार जनमानस तक अपनी योजनाओं के जरिए पहुंचने की कोशिश कर रही है। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा भी अब अपने राजनीतिक समीकरणों को साधने और उसे धार देने की कोशिश में जुट गई है। 2019 में महाराष्ट्र में सत्ता में काबिज होने से चूकने वाली भाजपा ने आखिरकार सत्ता में वापसी कर ली है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में बगावत के बाद भाजपा मजबूत होकर उभरी। भाजपा ने एकनाथ शिंदे को समर्थन दिया और देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बना दिया। इतना ही नहीं, विधानसभा स्पीकर के पद पर भी भाजपा नेता काबिज हो गए। भाजपा चाहती तो देवेंद्र फडणवीस आसानी से मुख्यमंत्री बन सकते थी। लेकिन 2024 के लिहाज से हिंदुत्व को धार देने की कोशिश में एकनाथ शिंदे को समर्थन देना भगवा पार्टी ने ज्यादा उचित समझा। महाराष्ट्र में 48 लोकसभा की सीटें हैं। पिछले चुनाव में भाजपा और शिवसेना एक होकर चुनावी मैदान में उतरी थी। भाजपा ने 23 जबकि शिवसेना ने 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। यानी कि महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन ने एकतरफा जीत हासिल की थी। 2024 में केंद्र की सत्ता में वापसी के लिए महाराष्ट्र में इसी तरह का प्रदर्शन भाजपा के लिए जरूरी है। भगवा पार्टी को यह लगता था कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चलने वाली महा विकास आघाडी की सरकार रहते हुए यह संभव नहीं है।

# बकरीद, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर सतर्क-सावधान रहना होगा : आदित्यनाथ

पहल टुडे

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि बकरीद, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा सहित आगामी पर्वों एवं त्योहारों के दृष्टिगत सतत सतर्क-सावधान रहना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के साथ पेश आएं एवं माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। उन्होंने आगामी त्योहार बकरीद पर कुबार्नी के लिए पहले से स्थान के चिन्हांकन पर जोर देते हुए कहा कि तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और खासकर विवादित जगहों पर कुबार्नी नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबन्धित पशु की कुबार्नी न हो। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जोनल पुलिस महानिरीक्षकों, मण्डलायुक्तों, पुलिस कमिश्नरों के साथ बकरीद, नाग पंचमी, रक्षा बंधन , श्रावण मास, कांवड़ यात्रा आदि के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की। एक सरकारी बयान के मुताबिक उन्होंने अधिकारियों से बकरीद, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा सहित आगामी पर्वों व त्योहारों के दृष्टिगत तैयारियों, कार्ययोजना एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। आदित्यनाथ ने कहा, विगत दिनों रमजान माह में अलविदा की नमाज और ईद के अवसर पर धार्मिक कार्यों से यातायात प्रभावित नहीं हुआ। कई जनपदों में स्थान का अभाव होने पर बेहतर समन्वय के साथ पालियों में नमाज अदा हुई। इस प्रयास की पूरे देश में सराहना हुई है। इस बार बकरीद के मौके पर हमें यही व्यवस्था लागू रखनी होगी। पीस कमेटी की बैठक कर लें, मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के साथ पेश आएं एवं माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए क्योंकि ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि पर्व-त्योहार में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं , धार्मिक परम्परा/आस्था को सम्मान किया जाए, किन्तु नई परम्परा न शुरू हो। मुख्यमंत्री ने कहा , कावंड़ यात्रा आस्था के साथ उत्साह का आयोजन है। परम्परागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए।



### बतौर मंत्री अपने कार्यकाल से संतुष्ट, प्रयास किया कि मंत्रालय प्रतीकात्मक न रहे: नकवी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल से संतुष्ट हैं और पद पर रहते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय पूर्णकालिक काम करे और महज प्रतीकात्मक नहीं रहे। नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल से बुधवार को इस्तीफा देने वाले नकवी ने बातचीत में यह भी कहा कि फिलहाल संसद का सफर पूरा हुआ है, लेकिन वह अपना सियासी एवं सामाजिक सफर जारी रखते हुए बतौर कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करेंगे और यह प्रयास करेंगे कि पार्टी की सभी वर्गों में स्वीकार्यता और पहुंच हो। उन्होंने कहा, जो संसद का सफर है वो जरूर पूरा हुआ है, लेकिन सियासी और सामाजिक सफर जारी रहेगा।

## 'विवाह के बंधन में बंध रहे भगवंत मान'

### केजरीवाल बोले- पंजाब सीएम को भगवान सुखी वैवाहिक जीवन दें

पहल टुडे

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को विवाह के बंधन में बंधने वाले हैं। ऐसे में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल विवाद में शिरकत करने के लिए जा रहे हैं। आपको बता दें कि भगवंत मान की यह दूसरी शादी है। उनकी पहली पत्नी के साथ साल 2015 में आपसी तालमेल के साथ तलाक हो गया था। जिसके बाद उनकी पहली पत्नी अपने बच्चों के साथ अमेरिका चली गईं।

भगवंत मान की शादी में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली से रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है कि मेरे छोटे भाई और पंजाब के मुख्यमंत्री विवाह के बंधन में बंध रहे हैं। मैं भगवान से प्रार्थना करते हूं की उनको सुखी वैवाहिक जीवन दें।



### किसके साथ हो रही शादी?

भगवंत मान की शादी डॉ. गुरप्रीत कौर से हो रही है। आपको बता दें कि चंडीगढ़ के मुख्यमंत्री आवास में शादी समारोह की तैयारियां की गई हैं। शादी एकदम साधारण तरीके से सिख रीति-रिवाज के साथ होगी, क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी होने वाली पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर दोनों ही सिख हैं। गुरप्रीत कौर हरियाणा के हिसार की रहने वाली हैं। उनकी उम्र 32 साल है और वो मुख्यमंत्री भगवंत मान से 16 साल छोटी है और एक साधारण से परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

### उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने राज्यसभा के मनोनीत सदस्यों को बधाई दी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत नए सदस्यों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके अनुभव से उच्च सदन का विमर्श और समृद्ध व सार्थक बनेगा। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, प्रख्यात एथलीट पीटी ऊषा, संगीतविद् इलैयाराजा, समाजसेवी वीरेंद्र हेगड़े तथा फिल्म पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद को राज्यसभा के सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपने अपने क्षेत्रों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं उस अनुभव से उच्च सदन का विमर्श और अधिक समृद्ध तथा सार्थक बनेगा। केंद्र सरकार ने दक्षिण भारतीय राज्यों की इन चार दिग्गज हस्तियों को बुधवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।

## मां काली विवाद पर आया ममता बनर्जी का बयान

### नकारात्मक मुद्दों पर विवाद ठीक नहीं, काम के दौरान गलती हो जाती है

पहल टुडे

कोलकाता। मां काली विवाद को लेकर अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। ममता बनर्जी ने कहा कि कभी-कभी मुझे लगता है कि हम हमेशा किसी भी नकारात्मक मुद्दे पर विवाद पैदा करने पर जोर देते हैं। नकारात्मक मुद्दों पर विवाद ठीक नहीं है। हर दिन कई विवाद होते हैं, लेकिन मीडिया उन चीजों के बारे में नहीं बोलता है। ममता ने कहा कि जो काम करता है उससे गलती हो जाती है। हमें भावनाओं को समझने की जरूरत है। । एक बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि भूल करने के लिए लिखो। जो काम करता है उससे गलती हो सकती है। इसे ठीक किया जा सकता है. लेकिन इसके लिए चिल्लाना क्यों?



इससे पहले बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सीएम ममता पर निशाना साधते हुए कहा था कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की चुप्पी और निष्क्रियता एक मौन समर्थन है। मालवीय ने ट्विट करते हुए कहा कि माँ काली पर महुआ मोइत्रा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर ममता बनर्जी की चुप्पी और निष्क्रियता एक मौन समर्थन है। यदि नहीं, तो उन्हें टीएमसी सांसद को निलंबित कर देना चाहिए था और पश्चिम बंगाल पुलिस को कार्रवाई करने की अनुमति देनी चाहिए थी। उसकी रक्षा करके वह हिंदू बंगालियों की धार्मिक भावनाओं को कुचल रही है। बता दें कि काली पोस्टर विवाद पर बात करते हुए एक कार्यक्रम में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने मां काली को लेकर कुछ आपत्तिजनक बातें कही थी। जिसके बाद टीएमसी ने उनके बयान से किनारा करते हुए मोइत्रा की निजी टिप्पणी बताया था।

### राज बब्बर को झटका, 26 साल पुराने केस में हुई 2 साल की सजा

मुंबई। अभिनेता से नेता बने राज बब्बर को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, 26 साल पुराने एक मामले को लेकर एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें 2 साल की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला राज बब्बर से जुड़ा हुआ है जब उन्होंने एक मतदान अधिकारी की पिटाई कर दी थी। इसी को लेकर मतदान अधिकारी ने वजीरगंज में 2 मई 1996 को एक एफआईआर दर्ज कराई थी। उसी मामले को लेकर आज सुनवाई हुई है। राज बब्बर को एमपी एमएलए कोर्ट ने 2 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा 8,500 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। उस समय राज बब्बर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। फैसला सुनाए जाने के वक्त राज बब्बर अदालत में मौजूद थे। कुल मिलाकर देखें तो राज बब्बर को लोक सेवक के सरकारी कार्य में बाधा डालने और और तीन अन्य अपराधों के लिए दो साल कारावास की सजा सुनाई गई है।

## जम्मू कश्मीर प्रशासन ने आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया : अमित शाह

पहल टुडे

श्रीनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कहा, आज उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में, जम्मू कश्मीर शांति और विकास के रस्ते पर आगे बढ़ रहा है। सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। सोनावर में दार्शनिक और समाज सुधारक रामानुजाचार्य की शांति प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ पीस) का अनावरण करने का बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने यह बात कही।

शाह ने कहा कि सिन्हा के नेतृत्व में प्रशासन ने कश्मीर के लोगों को बिना किसी भेदभाव के विकास उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा, लंबे समय तक, देश के लोगों को उम्मीद थी कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान और अनुच्छेद 35ए हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का राष्ट्र के साथ एकीकरण हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उम्मीद को पूरा किया। पांच अगस्त 2019 को कश्मीर में एक नए युग की शुरूआत हुई। शाह ने कहा कि उन्हें यह सोचकर शांति मिलती है कि श्रीनगर में सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो सका। उन्होंने कहा, श्रीनगर में शांति प्रतिमा का अनावरण होना भारत के लोगों के लिए अच्छा संकेत है विशेष रूप से जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि शांति प्रतिमा कश्मीर के हर धर्म के लोगों के लिए रामानुजाचार्य की शिक्षा और उनका आशीर्वाद लाएगी और उन्हें शांति तथा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाएगी।



शाह ने कहा कि रामानुजाचार्य ने ज्यादातर काम दक्षिण भारत में किया लेकिन एक महत्वपूर्ण पांडुलिपि बोदायन वृत्ति को लाने के लिए वह कश्मीर गए क्योंकि उसकी एक ही प्रति उपलब्ध थी जो घाटी के शाही पुस्तकालय में रखी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कश्मीर के राजा ने न केवल अपने पुस्तकालय के द्वार खोल दिए बल्कि रामानुजाचार्य का स्वागत भी किया। रामानुजाचार्य की चार फुट ऊंची प्रतिमा हाथ जोड़कर बैठे हुए मुद्रा में है। छह सौ किलोग्राम की इस प्रतिमा को जमीन से तीन फुट की ऊंचाई पर रखा गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस्वी से की बात

### लालू यादव के स्वास्थ्य के बारे में ली जानकारी

पहल टुडे

नयी दिल्ली। राजद सुप्रीम और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव लगातार खराब स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। वह पिछले कुछ सालों से विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं। उनका इलाज दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान में चल रहा है। इन सब के बीच कुछ दिन पहले वाह सीढ़ियों से गिर गए जिसकी वजह से उनके दाहिने कंधे में चोट आई है। इसके बाद से लालू यादव की तबीयत लगातार खराब रह रही है। उन्हें पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खुद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अस्पताल जाकर लालू यादव का हालचाल जाना था। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने भी तेजस्वी यादव को फोन कर लालू यादव का हालचाल जाना है।



इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी तेजस्वी यादव को फोन किया है। तेजस्वी यादव को फोन कर रक्षा मंत्री ने लालू यादव के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने लालू यादव के शीघ्र स्वस्थ हो जाने की कामना की है। आपको बता दें कि बुधवार देर शाम लालू यादव को पटना से बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स लाया गया। बिहार के 74 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री के साथ डॉक्टरों की एक टीम, उनकी एमबीबीएस डॉक्टर पुत्री एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती साथ थीं। उनकी पत्नी राबड़ी देवी और छोटे बेटे तेजस्वी यादव दिन में दिल्ली आ गए थे। वहीं, लालू यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा था कि चिंता की बात नहीं है। लालू यादव ठीक होकर जल्द वापस लौटेंगे।

अपनी मां के साथ पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा था कि हम उन्हें दिल्ली के एम्स ला रहे हैं क्योंकि यहां बेहतर इलाज हो सकता है और डॉक्टर उनके मेडिकल इतिहास से परिचित हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा था कि वह गिर गए थे जिसके बाद उन्हें तीन जगह फ्रैक्चर हुआ है।

# तीन वाहन आपस में भिड़े, 15 मजदूर घायल

पहल टुडे / असजद चौधरी

हापुड़-दिल्ली लखनऊ बाइपास पर एक क्रूजर गाड़ी- मिनी बस ओवरटेक करने के प्रयास में कैंटर और कंटेनर से जा भिड़ी। इस क्रूजर गाड़ी में 20 से अधिक मजदूर थे।जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।इस दौरान दिल्ली लखनऊ मार्ग पर जाम भी लग गया। जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया।जानकारी के अनुसार क्रूजर गाड़ी- मिनी बस में सवार लगभग 20 मजदूर पीलीभीत से हरियाणा एक फार्म हाऊस पर धान की रोपाई के लिए जा रहे थे।जैसे ही वह हापुड़ में बाइपास पर पहुंचे तो चालक ने कंटेनर को ओवरटेक करने का प्रयास किया तो वह एक कैंटर से से भिड़ गया। देखते ही देखते तीनों वाहन आपस में भिड़ गए। इस दौरान क्रूजर गाड़ी में सवार 15 लोग घायल हो गए। इस दौरान सड़क पर जाम भी लग गया। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायलों में छपान सिंह, नेरंद्र सिंह, लालाराम, रामअवतार, सत्यपाल, कल्याण सिंह निवासी गांव दूधियाखुर्द पीलीभीत, अशोक निवासी गांव बानगंज पीलीभीत, राकेश, मुकेश कुमार, निवासी गांव छोटा शेरपुर पीलीभीत, रोहित, धीरज निवासी गांव सबलापुर पीलीभीत, हरिओम निवासी गांव महंतखास पीलीभीत, प्रभात निवासी गांव सहितापुर जिला शाहजहांपुर घायल हो गए। वहीं पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया।थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि क्रूजर गाड़ी चालक द्वारा ओवरटेक का प्रयास किया गया। जिसके चलते हादसा हो गया। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर आने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# जिले में फाइलेरिया उन्मूलन मुहिम को ले स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध

## फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है

पहल टुडे / मोहम्मद अजीमुद्दीन



**किशनगंज** जिले के स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर लगातार प्रयास कर रहा है।फाइलेरिया उन्मूलन को ले समय समय पर अभियान के तहत अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा दी जाती है।इसके बाद आवश्यक पड़ने पर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आवश्यक दवा सेवन के लिए अभियान चलाया जाता है। फाइलेरिया से संक्रमित हो जाने पर लंबे समय तक इलाज चलने और दवा की खुराक पूरी करने पर रोगी सामान्य जीवन जी सकता है।दवाई की खुराक पूरी नहीं करने पर यह रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक है। सभी सरकारी अस्पताल पर डीईसी दवा निःशुल्क उपलब्ध है।जिसे 5 सालों तक साल में एक बार लेना जरूरी है।फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया की जिले में फाइलेरिया से बचाव से संबंधित आवश्यक और जरूरी जानकारी समय समय पर डी जाती है। जिसमें संक्रमित मरीजों को किन-किन बातों का ख्याल रखते हुए इलाज कराना है।फाइलेरिया से बचाव के लिए क्या-क्या सावधानी बरतनी है। इसके कारण और लक्षण समेत अन्य जरूरी जानकारी दी गई। वहीं, उन्होंने बताया, फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसका कोई पर्याप्त इलाज संभव नहीं है। लेकिन, इसे शुरूआत में ही पहचान करते हुए रोका जा सकता है। इसके लिए संक्रमित व्यक्ति को फाइलेरिया ग्रसित अंगों को पूरी तरह स्वच्छ पानी से साफ करना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा का नियमित सेवन करना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा, फाइलेरिया मुख्यतः मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल है। हाइड्रोसील के अलावा फाइलेरिया संक्रमित अन्य अंगों को ऑपरेशन द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है। संक्रमित व्यक्ति को समान्य उपचार के लिए किट उपलब्ध कराई जाती है, जबकि हाइड्रोसील फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

### फाइलेरिया क्या है ?

- फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है।
- किसी भी उम्र के व्यक्ति फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है।
- फाइलेरिया के लक्षण हाथ और पैर में सूजन (हाँथीपाँव) व हाइड्रोसील (अण्डकोष में सूजन) है।
- किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के पश्चात बीमारी होने में 05 से 15 वर्ष लग सकते हैं।

### फाइलेरिया से बचाव के उपाय :

- सोने के समय मच्छरदानी का निश्चित रूप से प्रयोग करें।
- घर के आसपास गंदा पानी जमा नहीं होने दें।
- अल्बेंडाजोल व डीईसी दवा का निश्चित रूप से सेवन करें।
- साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें।

## फास्ट ट्रैक

# एसटीएफ टीम जनपद देहरादून ने इनामी अभियुक्त शाहरुख को राजस्थान के जनपद टोंक थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार




दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा जिला हरिद्वार

जिला हरिद्वार :- थाना कनखल पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 372/18 धारा 395 आईपीसी में वांछित इनामी अभियुक्त शाहरुख पुत्र लियाकत अली निवासी डेरा लहरपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को एसटीएफ टीम जनपद देहरादून द्वारा अभियुक्त को राजस्थान के जनपद टोंक थाना क्षेत्र से दिनाक 6.7.2022 को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त लगभग 5 वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था जिस पर राज्य सरकार द्वारा नगद इनाम घोषित किया गया, था को पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों के बाद मुखबिर की सूचना पर गैर प्रांत राजस्थान से गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

# पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार महोदय के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश

दैनिक पहल टुडे



जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार महोदय के द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेशों के क्रम में कोतवाली रानीपुर द्वारा आगामी ईद पर्व के चलते शांति व्यवस्था के संबंध में चौकी गैस प्लांट पर शहर के संभ्रांत लोगों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी ,सभी धर्मों से संबंधित वरिष्ठ नागरिक, मस्जिद के कारी, मौलवी आदि सभी को आमंत्रित किया गया ।जिसमें ईद को लेकर कुछ हिदायतें एवं निदेशों को दिया गया। साथ ही साथ यह भी सख्त हिदायत की गई कि कुबार्नी को प्रत्येक दशा में पर्दे में ही करेंगे एवं बचे हुए मांस( पोटा ) /हड्डियों या मलबे को किसी निश्चित स्थान पर गड्ढा खोदकर दबा देंगे ।जिससे कि आने वाले समय में उससे किसी भी प्रकार की दुर्गंध या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो। नालियों की साफ-सफाई समय रहते करवा देंगे यदि पुलिस से किसी भी प्रकार की मदद की अपेक्षा हो तो समय रहते सूचित कर देंगे उपस्थित संभ्रांत जनों द्वारा ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने का आश्वासन दिया।

# पंचायती मंदिर कनखल से बिजली के तार तथा डीवीआर की चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



दैनिक पहल टुडे/ कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वार :- थाना कनखल पर वादी मुकदमा अजय कुमार जैन पुत्र स्वर्गीय नरेश चंद्र जैन निवासी मोहल्ला सतीघाट थाना कनखल हरिद्वार के द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 212/2022 धारा 379/411 आईपीसी में दिनांक 6.7.2022 को पब्लिक द्वारा चोरी के सामान के साथ नव निमार्णाधीन महावीर दिगंबर जैन पंचायती मंदिर कनखल से बिजली के तार तथा डीवीआर की चोरी करते हुए पकड़े जाने पर अभियुक्त लक्ष्य पुत्र वीर सिंह निवासी हनुमानगढ़ी निकट रामदेव पुलिया थाना कनखल जिला हरिद्वार उम्र 20 वर्ष को वादी के चोरी हुए सामान के साथ समय 21:35 बजे जनता के व्यक्तियों द्वारा गिरफ्तार कर थाने पर लाकर दाखिल किया दाखिल अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

## स्याना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर के खो-खो खिलाड़ी रजत मलिक का चौथी एशियन खो-खो चैंपियनशिप कैंप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ



बुलंदशहर। स्याना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर के खो-खो खिलाड़ी रजत मलिक का चौथी एशियन खो-खो चैंपियनशिप कैंप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन होने की सूचना पर खो-खो खिलाड़ी रजत मलिक का परिवार खुशी से झूम उठा। साथ ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

## हत्या के प्रयास में दो वंचित गिरफ्तार 2 फरार




पहल टुडे /साजिद खान

थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत वादी श्री हारून पुत्र श्री बाबू निवासी ग्राम भडी थाना झिंझाना द्वारा उसके भाई के साथ गाँव के ही वकील, नसीम, आमीर व अफसर द्वारा गाली-गलौंच, मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया। झिंझाना पुलिस द्वारा लगातार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इस क्रम आज थाना झिंझाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में वांछित वकील पुत्र जीजू निवासी ग्राम भडी भरतपुरी आमीर पुत्र नसीम नवासी ग्राम भडी भरतपुरी अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर किया रेप

पहल टुडे / असजद चौधरी

हापुड़-नशीला पदार्थ खिलाकर युवती से रेप थाना पिलखुवा क्षेत्र निवासी एक युवती को एक युवक ने लंच के बहाने हापुड़ स्थित एक रेस्टोरेंट बुलाया। आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। बेहोश हो गई आपको बता दें थाना पिलखुवा क्षेत्र निवासी एक युवती को एक युवक ने लंच के बहाने हापुड़ स्थित एक रेस्टोरेंट बुलाया। आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी युवक पीड़िता को रेस्टोरेंट के एक कमरे में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पिलखुवा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सिंभावली क्षेत्र स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जाती थी। यहां सिंभावली क्षेत्र के गांव नवादा निवासी अमित वर्मा भी पढ़ने के लिए आता था। इसी बीच दोनों की दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी पीड़िता ने फोन काल पर बात करनी शुरू कर दी। 7 फरवरी 2022 को आरोपी ने पीड़िता को फोन काल कर हापुड़ बुलाया। लंच कराने के बहाने आरोपी युवक पीड़िता को एक रेस्टोरेंट में ले गया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाते ही पीड़िता बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी पीड़िता को रेस्टोरेंट में बने एक कमरे में ले गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। होश में आने पर पीड़िता को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लकैमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी द्वारा वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाती। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजन को दी। जिस पर मामले की शिकायत एसपी से की थी

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किशनगंज के माननीय सांसद डॉ० मो० जावेद आजाद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित हुई

पहल टुडे



किशनगंज - किशनगंज के माननीय सांसद डॉ० मो० जावेद आजाद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित हुई जिसमें किशनगंज जिला के विभिन्न समस्याओं एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई और सभी विभागों को समस्याओं के निष्पादन के लिए आदेश दिए गए।इस बैठक में किशनगंज के माननीय विधायक इज्हारुल हुसैन, ठाकुरगंज के माननीय विधायक सऊद आलम,बहादुरगंज के माननीय विधायक अंजार नईमी,जिला परिषद चेयरमैन नुदरत महजबीन,दिशा बैठक के आमंत्रित सदस्यों,किशनगंज जिला के आला अधिकारियों के इलावे सभी प्रखंड के प्रमुख।बैठक के दौरान मुख्यतःकिशनगंज जिला के सभी प्रखंडों में हो रहे भीषण कटाव, कटावग्रस्त क्षेत्र में फ्लड फाइटिंग के उपरांत कटावनिरोधक कार्य,धवस्त हुए सड़कों में रिस्टोरेशन का कार्य, गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करना,रमजान नदी की अतिक्रमणमुक्ति, बिजली आपूति की सुनिश्चितता,पुलों का निर्माण,,सड़कों का निर्माण,सड़कों का मरम्मती कार्य,सड़क एवं स्वास्थ्य की समस्याएँ,गलगलिया से बहादुरगंज छफढ एवं छफढ से अररिया तक निर्माण से हो के अधीन लोगो से जुड़े समस्या, रेलवे,फळए के तहत गरीब बच्चो की छूट, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यायल के मुद्दे,किशनगंज निबंधन कार्यालय की समस्याओं,नगर परिषद की जर्जर सड़कों की समस्या, नगर परिषद अंतर्गत नालों का निर्माण,बाढ़ से पहले नालों की सफाई,किशनगंज नगर परिषद में होल्डिंग रसीद का मामला,किशनगंज शहर में जाम की समस्या, किशनगंज शहर एवं नगर पंचायतों में साफ सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बकरीद के लिए पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी, कउऊर द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति , जनवितरण प्रणाली, आधार कार्ड पंजीकरण, मनरेगा, नल जल योजना, जल जीवन हरियाली आदि विषयों गहन मंथन और विचार विमर्श किया गया।

## भोपाल के ईरानी गिरोह ने अट्टा से चुराई थी 19 लाख की जूलरी

नोएडा। भोपाल के ईरानी गिरोह ने जून में अट्टा मार्केट स्थित कामाख्या शॉप से 19 लाख की जूलरी चुराई थी। कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने गिरोह के सरगना नजफ अली उर्फ काले ईरानी को गिरफ्तार कर 160 ग्राम जूलरी बरामद की है, जबकि दो बदमाशों की तलाश की जा रही है। कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस के मुताबिक, नजफ ने हैदर व सरताज के साथ मिलकर 380 ग्राम जूलरी चुराई थी। काले पर पुणे व भोपाल सहित अलग-अलग शहरों में चोरी आदि के 26 मामले दर्ज हैं। गिरोह ने जूलरी शॉप से चुराई सोने की चेन, अंगूठी, लॉकेट आदि को भोपाल में पिघला दिया था।

# बेश कीमती सरकारी भूमियो पर भूमाफियाओं का कब्जा

## नगर पंचायत कार्यवाही के नाम पर खेल रही है.नोटिस-नोटिस

पहल टुडे / फरमान अली

शामली थानाभवन नजर में भू-माफियाओं का आतंक सैकड़ों करोड़ की बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा अनेकों शिकायतों के बाद भी नगर पंचायत वह राजस्व विभाग उक्त भू माफियाओं के खिलाफ नहीं कर रहा है कोई प्रभावी कार्यवाही।

जहां एक और योगी सरकार भू-माफियाओं के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर के दम पर सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त करा रही है। वहीं थानाभवन में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी एवं राजस्व विभाग सरकार के आदेशों की खुल्ली धज्जियां उड़ा रहें है.। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कब्रिस्तान की भूमि कब्जा करके भू-माफियाओं ने मार्केट में बड़े-बड़े घेर बना लिए ,चरथावल रोड पर रास्ते,खाद के गड्डो व नाले की भूमि पर कब्जा , दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर चमड़ा रंगाई केन्द्र के पास कब्रिस्तान व रास्ते की भूमि पर कब्जा व हीरो होंडा एजेंसी के पास रास्ते के नंबर पर मार्केट बनाकर कब्जा, चरथावल किराए पर नाले की एक पटरी को बेचकर भू-माफियाओं ने करोड़ों के वारे-नारे कर लिए हैं। नगर पंचायत व राजस्व विभाग के अधिकारियो की मिलीभगत से कार्यवाही के नाम पर केवल पैमाइश व नोटिस का खेल खेला जा रहा है.।

कब्जा नही हटाकर मुकदमा लिखने के नाम पर अवैध वसूली

सूत्रो की माने तो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थानाभवन सरकारी सम्पत्ति से भू-माफियाओं का कब्जा नही हटाकर उनके खिलाफ पीपी एक्ट मे मुकदमा लिखवाने के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रही है.।

क्या है.पीपी एक्ट के मुकदमों का खेलपीपी एक्ट के मुकदमों की पैरवी नगर पंचायत करती है.। कुछ समय बाद नगर पंचायत व भूमाफिया आपस मे साठ-गांठ कर लेते है.। उसके बाद नगर पंचायत अदम पैरवी मे मुकदमा हारकर करोडो की सरकारी सम्पत्ति का भू-माफियाओं का मालिकाना हक दिलवा देती है.।

# पुलिस चौकी पर पथराव करने पर 53 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, दो पुलिसकर्मियों से मारपीट का भी आरोप

पहल टुडे

लोनी बॉर्डर थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सेवाधाम पुलिस चौकी इंचार्ज मलखान सिंह ने तहरीर दी है। उसमें लिखा है कि चौकी के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चौकी में घुसकर बदतमीजी की। पुलिस की कैप उठाकर बाहर फेंक दी। दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की सेवाधाम पुलिस चौकी के सामने मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे मोनू शर्मा और उनके समर्थकों ने पुलिस चौकी पर बुधवार देर रात पथराव करने के मामले में पुलिस ने आठ नामजद समेत 45 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस का आरोप है कि पथराव के दौरान सेवाधाम पुलिस चौकी का फर्नीचर टूटा और दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट हुई। मौके पर तीन थानों की पुलिस फोर्स बुलाई गई थी। लोनी बॉर्डर थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सेवाधाम पुलिस चौकी इंचार्ज मलखान सिंह ने तहरीर दी है। उसमें लिखा है कि चौकी के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चौकी में घुसकर बदतमीजी की। पुलिस की कैप उठाकर बाहर फेंक दी। दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। पथराव के दौरान चौकी का फर्नीचर टूट गया। हंगामा बढ़ता देख तीन थानों की पुलिस फोर्स बुलाई गई। इसके बाद मामला शांत हुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोनू शर्मा, हिमांशु शर्मा, दीपांशु शर्मा, दीपा, मोनू का भाई, गनर कैलाश मिश्रा, प्रदीप, एक अन्य और 45 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मोनू शर्मा और उनके कुछ समर्थकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के घर दबिश देकर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

ये है पूरा मामला

सेवा धाम चौकी क्षेत्र मोनू धाम कॉलोनी में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मारपीट में कार्रवाई की मांग को लेकर मोनू शर्मा उर्फ मोनू गुरुजी अपने समर्थकों के साथ सेवाधाम पुलिस चौकी पहुंचे। यहां वह कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने धरने पर बैठे लोगों से उठने को कहा। लेकिन समर्थकों के साथ मोनू गुरुजी धरने से नहीं उठे। कुछ देर बाद समर्थकों द्वारा पुलिस चौकी पर पथराव किया गया

## वर्चुअल इंटरएक्टिव सत्र के माध्यम से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया

# जागरूकता से ही संभव है स्वस्थ समाज

पहल टुडे




**रांची :** डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के योगदान को याद करते हुए, स्विचऑन फाउंडेशन ने ह्यद एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के सहयोग से वर्चुअल इंटरएक्टिव सत्र के माध्यम से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया। कार्यक्रम में रांची के प्रख्यात डॉक्टरों सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। यह दिन समर्पित है उन सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को जो अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, विनय जाजू एमडी स्विचऑन फाउंडेशन ने कहा, डॉक्टरों के पास सबसे पहला अनुभव है वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में हम ध्यान देते हैं और उनकी बातें सुनते हैं जब वे वायु प्रदूषण को प्रमाणित करते हैं आज के सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य खतरे और आपातकाल के रूप में। कोविड का असर देखा जा सकता है परन्तु वायु प्रदूषण एक तेज साइलेंट किलर है और इसीलिए यह कोविड से भी ज्यादा खतरनाक है। वेबिनार में मानव स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव के ऊपर प्रकाश डाला गया - एक वेब टूल से साक्ष्य प्राप्त करते हुऐ जिसे की द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया है- वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) कहा जाता है जो वायु प्रदूषण के अनुसार मानव जोखिम और कम जीवन प्रत्याशा के बीच का संबंध स्थापित करता है। एक्यूएलआई के मुताबिक बनाई गई वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित देश है। वेबिनार में बोलते हुए, डॉ रुद्र प्रसाद सामंत, सलाहकार और प्रभारी, पुलोमोलॉजी टीएमएच ने कहा, हाल के दिनों में तीव्र और पुराने लक्षणों की रिपोर्ट करने वाले रोगियों में वृद्धि हुई है, खासकर राइनाइटिस और सीओपीडी जैसे श्वसन संबंधी विकारो में। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है और इसमें तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है, विशेष रूप से झारखंड के लिए एक्यूएलआई रिपोर्ट के निष्कर्षों को देखते हुए। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सुप्रोवा चक्रवर्ती, पल्मोनरी फिजिशियन, एम्स देवगढ़, झारखंड ने कहा, ह्लभारत में करीब 20 लाख लोगों की मौत सीधे तौर पर वायु प्रदूषण के कारण होती है। सीओपीडी वर्तमान में ह्रदय की समस्याओं और अस्थमा के मामलों के बाद भारत में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों और महिलाओं में बीमारी के कारण काफी उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत में सी ओ पी डी का मुख्य कारण जैव द्रव्यमान ईंधन और घरेलू प्रदूषण है। भारत विश्व स्तर पर पहले स्थान पर है अस्थमा से होने वाली मौतों में और दूसरी सीओपीडी से होने वाली मौतों में। हालांकि अन्य देशों में सीओपीडी को धूम्रपान से संबंधित बीमारी के रूप में जाना जाता है, लेकिन भारत में हम इसे ह्यगैर धूम्रपान सीओपीडी के बहुमत में देखते हैं।

कमजोर समुदायों (बच्चों, बुजुर्गों, बाहरी श्रमिकों) के लिए बैठक में निम्नलिखित उपाय प्रस्तावित किए गएः- उनके साथ जुड़ें और उन्हें वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों और सावधानियों के बारे में जागरूक करें रखना। प्रदूषित हवा के सीधे संपर्क से बचने के लिए मास्क का उपयोग करने की आदत बढ़ाएं। कमजोर वर्ग के लिए स्वस्थ फेफड़े सुनिश्चित करने के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना। एन सी ए पी की गतिविधियों को लागू करें।

फास्ट ट्रैक

## चकबंदी विभाग दोबारा स्कूल की 120 बीघा जमीन बदरबांट वे अन्य किसानों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी



दैनिक पहल टुडे/ अशोक शर्मा जिला

**प्रभारी सहारनपुर** सहारनपुर , देवबंद के गांव मिरगपुर मे प्रमुख समाजसेवी चौ डा प्रेमसिह पवार के निवास पर चकबनदी विभाग द्वारा स्कूल की 120 बीघा जमीन की बंदरबांट, व अन्य किसानो की समस्याओ के बारे मे जानकारी। रामकिशन सैनी एडवोकेट ने कहा है कि जिस तरह से चौ प्रेमसिह पवार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ी है लोकायुक्त को शिकायत की है हम इस मुहिम मे किसानो के साथ खडे है। चकबनदी विभाग मे बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा, जिसकी निष्पक्ष जांच हो। चो प्रेमसिह पवार ने कहा किसान, मजदूर, गरीब की लड़ाई हम जरूरत पडी तो मुख्यमन्त्री के निवास पर जाकर अपना पक्ष रखेंगे। किसानो के चक पैसा लेकर ईधर उधर लगाये गये है। जिससे किसानो मे भारी रोष है। मिटिग मे शामिल रहे, रूचि सैनी एडवोकेट, चौ सुनील कुमार, चौ अनिल कुमार, नरेंद्र पवार, आदि रहे।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

### लोगों को किया संचारी रोगों से बचाव को जागरूक

दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर नागल उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली निकाल लोगों को संचारी रोगों से बचाव को जागरूक किया। जागरूकता रैली मेन बाजार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से शुरू होकर रामलीला चौक, शिव चौक होती हुई वापस उच्च प्राथमिक विद्यालय पर जाकर संपन्न हुई। रैली में प्राथमिक विद्यालय बढेडी कोली नंबर एक व दो के छात्र-छात्राओं में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय बढेडी कोली की प्रभारी अध्यापिका बबीता देवी ने कहा कि अपने घर मकान के आसपास गंदा पानी न जमा होने दें। फ्रिज व कूलर आदि की नियमित सफाई करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने तथा रात में मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार की शिकायत होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल से उपचार लें। इस दौरान यासमीन बेगम, वंदना मलिक, मीना, मनीषा व मनमोहन सिंह आदि रहे।



## शाहजहांपुर में पत्नी का गला घोंटकर हत्या

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में पति ने पत्नी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। शादी को महज छह महीने ही हुए थे। मायके पक्ष का आरोप है कि, पति का दूसरी महिला से अवैध संबध हैं। जिसका पत्नी विरोध करती थी। अपनी गलती को छुपाने के लिए पति अपनी पत्नी पर ही शक करने लगा। आए दिन पत्नी के साथ मारपीट होती थी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण का सन्तुलन बनाये रखने का आहावान किया

दैनिक पहल टुडे/ अमरीश पंडित गंगोह

सहारनपुर , गंगोह तीतरों क्षेत्र के ग्राम महंगी स्थित ग्राम पंचायत भवन के निकट शिव मन्दिर के परिसर में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहरसिंह पुण्डीर ने आक्सीजनयुक्त पौधों को रौंपा है, इससे पूर्व उन्होने पार्टी कार्यकताओं से राष्ट्रीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लेने का आहावान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को हर घर एक वृक्ष के नियम के तहत पौधे लगाने होगें तभी पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखा जा सकता है, उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार वृक्षारोपण के लिए करोडों रूप खर्च करके हरेक गांव में वृक्षारोपण का कार्य करा रही है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाये जाने की जरूरत बताई है। इस दौरान तीतरों किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अमित गुर्जर, लखपतराय सैनी, रविन्द्र गुर्जर, सन्नी गुर्जर, सोनू जाट, पूर्व क्षत्र पंचायत सदस्य पलविन्द्र सिंह, गगोंह मण्डल महामन्त्री श्रवण पटेल, इकलाब मलिक सहित अन्य लोग शामिल रहे।



## उपभोक्ताओं की जेब पर डाल रहे है डाका गैस एजेंसी सं चालक बढ़ती कीमतो ने बिगाड़ा जेब का बजट

दैनिक पहल टुडे // सुरेंद्र विश्वकर्मा




सहारनपुर , बड़गांव रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने उपभोक्ताओं किजेब का बजट बिगाड़ दिया है वही दूसरी ओर गैस एजेंसी संचालक भी जेब पर डाका डालने से पीछे नहीं हट रहे है गैस उपभोक्ताओं के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जा रही कैश एंड केरी ( सीएनसी ) की सुविधा गैस एजेंसियों की काली कमाई जा जरिया बन रही है गैस डिलीवरी के लिए (सीएनसी)चार्ज लेने के बावजूद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर डिलीवरी होने पर अलग से सर्विस चार्ज देना पड़ रहा हैं उपभोक्ताओं को सही जानकारी न होने पर वे ठगे जा रहे है उपभोक्ताओं की गैस एजेंसियों से जेब कटवाना उनकी मजबूरी बन गई है इन गैस एजेंसियों के खिलाफ कोई भी उपभोक्ता आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। अगर कोई हिम्मत करता भी है तो उसे डरा धमका कर चुप करा दिया जाता है जबकि सरकार का नियम है की जो उपभोक्ता गोदाम से गैस सिलेंडर लेगा उसे कैश एंड केरी की छूट का लाभ एजेंसी के द्वारा दिया जाएगा और हाकर उसके घर पर होम डिलीवरी नहीं करेगा अगर ग्राहक होम डिलीवरी चाहता है तो उसे कैश एंड कैरी की छूट का लाभ नहीं मिलेगा और न ही। अलग से कोई चार्ज देना पड़ेगा होम डिलीवरी फिरी में होगी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी फिरी होने के बावजूद ही २०से३०रुपए सर्विस चार्ज अलग से देना पड़ता है जो ग्राहकों की मजबूरी बन गई हैं और कैस एंड केरी के २७रुपए६०पैसे को जोड़ कर ४८रुपए ग्राहक को बेवकूफ बना कर ठगे जा रहे है और अलग से गैस एजेंसी को प्रती सिलेंडर कमीशन मिलता है एक तो उपभोक्ता वर्तमान समय में गैस के आसमान छूते दामों से परेशान हैं तो दूसरी तरफ गैस एजेंसी संचालक ग्राहकों की जेब पर। डाका डालने से बाज नहीं आ रहे है लोगो को इसकी भनक तक नहीं लग पाती (सीएनसी) कैस एंड केरी जब गोदाम से गैस लेने जाते है तो उन्हें ट्रांसपोर्टेशन खर्च के रूप में लाभ देने की योजना है मगर इस योजना के बारे में गैस एजेंसी संचालक किसी भी ग्राहक को कोई भी जानकारी नहीं देते हैं और न ही इस योजना के कोई लिखित बोर्ड गैस एजेंसी के दफ्तर या गोदाम पर लिखे हुए लगे नही मिलेंगे एजेंसी संचालक ग्राहकों को बेवकूफ बना कर अपना उल्लू सीधा कर रहे है और कैस एंड केरी को इन लोगो ने अपनी काली कमाई का जरिया बना रक्खा है गैस एजेंसी हर महीने ३से४लाख रुपयेकी काली कमाई कर रही हैं सहारनपुर जिले में इंडियन की ३५एचपी की ०७ और भारत की १३गैस एजेन्सी है

## कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न हो,इसी के दृष्टिगत एसएसपी विपिन टाडा द्वारा किया कई थाना क्षेत्रो का निरीक्षण

### कानून व्यवस्था एवम सुरक्षा के दृष्टिगत महानगर के तिराहों एवम चौराहो पर तेनात डियूटीरत पुलिस अधिकारियों एवम कर्मचारियों को भी किया सख्ती के साथ निर्देशित

दैनिक पहल टुडे /बेनी प्रसाद शर्मा



सहारनपुर थाना गागलहेडी से काली नदी पुलिस चौकी एवम थाना कुतुबशेर से गंगोह एवम अम्बाला रोड पर स्थित पुलिस चौकियो का निरीक्षण कर थाना प्रभारियों सहित,सक्रिय पुलिस दल को दिए आवश्यक दिशा निर्देश सहारनपुर की बागडोर संभालते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा द्वारा कांवड यात्रा लेकर कानून एवम सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के कई थाना क्षेत्रो का निरीक्षक कर थाना प्रभारियो सहित सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा द्वारा थाना कुतुबशेर क्षेत्र के अन्तर्गत गंगोह रोड एवम अम्बाला रोड पर पडने वाली पुलिस चौकियो का निरीक्षण किया,जहां पर सक्रिय थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित सहित चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया,कि कांवड यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कौई कोताही ना बरती जाए,लोगो के सम्पर्क मे रहकर कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये।इसके बाद उनके द्वारा थाना गागलहेडी क्षेत्र के कस्बा गागलहेडी सहित काली नदी पुलिस चौकी का बहुत ही बारिकी के साथ निरीक्षण किया एवम पेदल मार्च कर लोगो से सम्पर्क साध सुरक्षा का दिया भरोसा,इस दौरान उनके साथ पुलिस उपाधीक्षक चित्रांशु गौतम,थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिह सहित भारी पुलिस बल मोजूद रहा।यहा पर भी एसएसपी विपिन टाडा द्वारा थाना प्रभारी सूबे सिह सहित सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये,कि कांवड यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने साथ ही साथ थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिह को यह भी निर्देश दिए,कि नशा कारोबारियो जैसे,कि शराब,चरस,स्मैक की तस्करी करने वालो को कही से कही तक भी बख्शा ना जाए।इसके बाद एसएसपी द्वारा कानून एवम सुरक्षा के दृष्टिगत कल देर रात महानगर के तिराहो एवम चौराहो पर तैनात डियूटीरत पुलिस अधिकारियो एवम कर्मचारियो का जाएजा लेते हुए सख्ती के साथ दिए आवश्यक दिशा निर्देश।आपको बता दे,कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर विपिन टाडा कांवड यात्रा एवम ईद-उल-अजहा को लेकर काफी गम्भीर है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पेदल मार्च मे भारी पुलिस बल रहा मोजूद।

## खनन माफियाओं के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई



### राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बिना रायल्टी के पकड़े पांच डंपर खनन कारोबारियों में मचा हड़कंप

दैनिक पहल टुडे /अशोक शर्मा

सहारनपुर ,पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना रायल्टी के पांच डंपरों को पकड़कर सीज कर दिया हैं। इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया हैं। बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि मंगलवार को देर रात में मुखबिर से सूचना मिली कि बिना रायल्टी रवन्नें के खनन सामग्री लेकर रायपुर की ओर से आ रहीं हैं। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक मानसिंह, प्रेम राजसिंह ने अपने साथ राजस्व विभाग के अमीन ओमकार सिंह एवं पुलिस बल को साथ लेकर गंदेवड़ तिराहे पर खनन वाहनों को रोककर चैंकिंग करना शुरू कर दिया। चैंकिंग के दौरान पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पांच डंपरों क्रमशः यूके 17 सीए-4734, यूपी 12 बीटी-4376, यूपी 12 बीटी-1767, यूके 17 सीए-2172 तथा यूपी 11 बीटी- 6424 को रोककर कागजात मांगे तो वाहन चालकों ने किसी भी तरह का कोई भी कागज नहीं दिखाया। जिस पर कार्रवाई करते हुए पांचों डंपरों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया तथा आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई हैं। पुलिस व राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया हैं।

## भारत विकास परिषद नुपुर के द्वारा दिव्यांग पोलियो निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन

दैनिक पहल टुडे / रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय




जलेसर। भारत विकास परिषद नुपुर के द्वारा निशुल्क दिव्यांग पोलियो जाँच शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। भारत विकास परिषद नुपुर तत्वाधान मे नारायण सेवा संस्थान के द्वारा दिनांक 17जुलाई 2022 को अग्रवाल सेवा सदन बडा बाजार पर निशुल्क दिव्यांग, पोलियो जाँच एवं कृत्रिम अंग माप तथा आँपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।हरिओम पिडारा ने बताया कि स्व0पुरूषोत्तम दास एवं कुसुमवती अग्रवाल की पुण्यतिथि पर निशुल्क दिव्यांग पोलियो जांच एवं कृत्रिम अंग माप तथा ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन कराया जा रहा है जो भी इन बीमारियों से ग्रस्त मरीज है वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में अग्रवाल सेवा सदन बड़ा बाजार पहुंच कर निशुल्क शिविर का लाभ प्राप्त करें।

शिविर में दिव्यांग भाई बहनों की निशुल्क जांच की जाएगी, दिव्यांग अपना आधार कार्ड प्रमाण पत्र साथ में अवश्य लाएं, उदयपुर में ऑपरेशन के समय मरीज के साथ एक तीमारदार रहेगा, निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित रोगियों को निर्धारित दिनांक के अनुसार उदयपुर जाना होगा।

## अवैध चरस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया



सहारनपुर चिलकाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र राय के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाए गए अभियान के अंर्तगत ग्राम दुमझेड़ा स्थित पुल के समीप से अभियुक्त अश्मीर उर्फ मजनू पुत्र इमरान निवासी ग्राम चकवाली हाल ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को 110ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया गया है।

## विधायक ने किया तालाब का निरीक्षण गंदगी देख भड़के विधायक

### नागल में चांद वाली तालाब का निरीक्षण करते विधायक

दैनिक पहल टुडे




सहारनपुर, नागल रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने कस्बे में पहुंच व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा मेन बाजार स्थित चांद वाली तालाब का निरीक्षण किया। तालाब के चारों ओर गंदगी देख विधायक भड़क उठे तथा एसडीएम को फोन कर शीघ्र ही तालाब की सफाई कराने को कहा।

व्यापारियों ने विधायक के समक्ष कस्बे में जलभराव व तालाब की गंदगी का मुद्दा रखा। व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल डाबर ने कहा कि नागल व बढेडी कोली ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में आने वाला यह तालाब बीमारियों को न्योता दे रहा है। विधायक ने दोनों ग्राम सभाओं के प्रधानों से तालाब को सरकार के अमृत सरोवर कार्यक्रम में शामिल कराने को प्रयास करने का अनुरोध किया उन्होंने कहा कि तालाब के सौंदर्यीकरण को अपने स्तर से उनके द्वारा भी प्रयास किया जाएगा। विधायक का कस्बे में व्यापारियों ने जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान मनमोहन सिंह, स्वराज चौधरी, अमित गर्ग, शिवम चौधरी, मुकेश माहेश्वरी, संजय गिरधर, अमित वालिया, सुबोध शर्मा आदि व्यापारी रहे।

## जन शिकायतों के निस्तारण के लिए नयी सेवा 1533 की शुरूआत

## नगर विकास मंत्री से किया नगर आयुक्त गजल भारद्वाज ने किया वर्चुअल संवाद

दैनिक पहल टुडे/ जतिन शर्मा



सहारनपुर। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने बुधवार को प्रदेश स्तर पर जन शिकायतों के निस्तारण के लिए एक और टोल फ्री नयी टेलीफोन सेवा 1533 जनता को समर्पित की। उन्होंने कहा कि सरकार नयी टेक्नॉलाजी के साथ एक मॉडर्न एडमिनिस्ट्रेशन जनता को देने का प्रयास कर रही है। इससे जनता के प्रति जवाबदेही के साथ पूरे शासन में पारदर्शिता और गतिशीलता आयेगी। यह सरकार की ऐतिहासिक और आधुनिक शुरूआत है।

नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने बुधवार दोपहर इमरजेंसी सेवाओं की तरह ही जन शिकायतों के लिए एक नयी टोल फ्री टेलीफोन सेवा 1533 जनता को समर्पित करते हुए बताया कि 1533 पर जिस स्थान से भी कॉल की जायेगी, उसी स्थान के निगम या नगरपालिका स्थित कंट्रोल रुम में यह कॉल पहुंचेगी और यदि वहां कॉल नहीं उठायी जायेगी तो लखनऊ निदेशालय में बने कंट्रोल रुम में यह शिकायत रिसीव की जायेगी, और फिर सम्बंधित निगम या नगरपालिका से पूछा जायेगा कि वहां कॉल क्यों नहीं ली गयी है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस सेवा की मॉनेटरिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी इस सेवा की शुरूआत सुबह पांच बजे से रात नौ बजे तक रखी गयी है। उन्होंने सभी निगमों से उम्मीद जतायी कि वे इस सेवा को 24 घंटे चालू रखेंगे, चूंकि वहां आईसीसीसी से 24 घंटे सेवाएं अपेक्षित है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि सभी 75 जिलों के निकायों में सेवा शुरू होने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने सभी निगमों व निकायों के मेयर, नगरायुक्तों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि वे 1533 के माध्यम से और बेहतर ढंग से जनता की सेवा कर सकेंगे। इसे आसानी से याद रखा जा सकेगा।

नगर विकास मंत्री ने आशा व्यक्त की कि इससे जनता के प्रति जवाबदेही के साथ पूरे शासन में पारदर्शिता और गतिशीलता आयेगी। उन्होने कहा एक से एक नयी टेक्नीक आ गयी है, इस टेक्नीक का उपयोग हम जनसेवा को सुलभ बनाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि सरकार नयी टेक्नॉलाजी के साथ एक मॉडर्न एडमिनिस्ट्रेशन जनता को देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल, जियो और एयरटेल किसी भी नेटवर्क से 1533 पर मोबाइल या लैंडलाइन से डायल किया जा सकेगा। नगर विकास मंत्री ने सहारनपुर की नव नियुक्त नगरायुक्त गजल भारद्वाज से भी वर्चुअल संवाद करते हुए कंट्रोल रुम की स्थिति के सम्बंध में जानकारी ली। नगरायुक्त ने बताया कि अभी निगम के डैडिकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में तीन शिफ्ट में डियूटी करायी जा रही है। नगरायुक्त ने नगर विकास मंत्री को आश्वस्त किया कि नयी सेवा 1533 के माध्यम से जनता की सेवा करते हुए नगर निगम सहारनपुर उनकी कसौटी पर खरा

## उत्तराखंड शासन में तीतरों निवासी ने मिला अपर सचिव का पद नगर व क्षेत्र में खुशी की लहर

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर कस्बा तीतरों निवासी चौधरी ओमकार सिंह को उत्तराखंड में अपर सचिव पद पर नियुक्त किए जाने से बढा जनपद सहारनपुर के कस्बा तीतरों का मान।

ओमकार सिंह पुत्र स्व जिलेसिंह उत्तराखंड के सचिवालय में कार्यरत थे लेकिन उनके लंबे अनुभव एवंम मेहनत और ईमानदारी से उनकी पदोन्नति होने पर उन्हें अपर सचिव नियुक्त किया गया है जिसकी सूचना मिलते ही कस्बा तीतरों सहित देहात क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों सहित अन्य ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशियां व्यक्त किए हैं। और ओमकार सिंह को उत्तराखंड सचिवालय के पदोन्नति मिलने नेपाल चौधरी , संजय चौधरी , सुबोध सिंह , गुरुदयाल सिंह , आदित्य चौधरी ,सत्य कुमार तरुण पाराशर, पंडित राम कुमार शर्मा , पंडित रामअवतार शर्मा आदि शुभचिंतकों ने ओंकार सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं

## संक्षेप

### कुल्हाड़ी के प्रहार से एक गाय घायल इलाज के दौरान तोड़ा दम रिपोर्ट दर्ज

दियोरिया। फसल की रखवाली करते समय खेत में घुसी गाय को युवक ने कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया था जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाबत बीसलपुर निवासी एक युवक द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र ग्राम दियोरिया निवासी फूलचंद अपने खेत में गन्ने की फसल कि रखवाली कर रहा था उसी खेत में लावारिस अवस्था में घूम रही एक गाय खेत में जा घुसी और गन्ना खाने लगी गन्ना स्वामी फूलचंद ने फसल को खाते हुए देखकर कुल्हाड़ी फेंककर मार दी जिससे गाय घायल हो गई। गाय के जख्मी होने के बाद खेत स्वामी ने बड़ागांव पशु चिकित्सालय में तैनात पशु मित्र को बुला कर गाय का इलाज शुरू करा दिया जिसने इलाज के दौरान दो दिन बाद दम तोड़ दिया। घटना की सूचना बीसलपुर के मोहल्ला दुबे निवासी राजेश कुमार को हुई उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेकर पुलिस को तहरीर दी। उक्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने गाय का मेडिकल परीक्षण करा कर मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक एम एम चतुर्वेदी, एस आई मुजम्मिल खां , आकाश चौधरी व अमन अवस्थी मौजूद थे।

### तीन वर्ष की पुत्री को छोड़कर महिला गई मायके

बीसलपुरः- महिला तीन वर्ष की पुत्री को छोड़कर रुपया व माल जेबर लेकर मायके चली गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पत्नी को घर वापस बुलवाये जाने की मांग की। मोहल्ल हबीबुल्ला खां जुनूबी निवासी नाजिम खां पुत्र भुल्लन खां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी पत्नी बबली पुत्री आजाद दिनांक 5 जुलाई को समय करीब दिन के 3 बजे अपने मायके चली गई। वह काम करने गया था। जब घर पर आया तो पता लगा तो उसने अपने घर में रखा माल जेबर व पैसा देखा तो सब गायब था। कानों के बुंदे, अंगूठी, पायलें, 3200 रुपया घर से निकाल ले गयी। इससे पहले भी कई बार ऐसी हरकतें करती रही। तो दोनों के परिवार वालों ने फैसला करवा दिया। लेकिन वह आये दिन धमकियां देती थी कि मैं तेरे साथ किसी भी कीमत पर नहीं रहूंगी। 3 वर्ष की पुत्री को छोड़ गई है। उसने मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### जमीनी बिवाद को लेकर लोगों में चले लाठी डंडे, पुलिस को दी तहरीर

बीसलपुरः- गांव अदिलाबाद में जमीनी बिवाद को लेकर दो लोगों ने दो महिलाओं व एक बच्चे को पीटकर घायल कर दिया। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अदिलाबाद निवासी ज्योति, गायत्री व महेश को परिवार के ही दो लोगों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भदोही पुलिस ने अपहृत युवक को कुछ घंटों में किया बरामद, चार गिरफ्तार

- पत्नी के प्रेमी ने रची थी अपहरण की साजिश।
- दो माह पूर्व ही हुई थी अपहृत युवक की शादी।
- अपहरण में शामिल चार अभियुक्त गिरफ्तार।
- तमंचे के बल पर दिनदहाड़े युवक का किया था अपहरण।
- भदोही पुलिस और क्राइम ब्रांच को मिली सफलता।



पहल टुडे

भदोही। शहर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को उस समय हडकंप मच गया जब एक युवक को कार सवार बदमाशों ने जबरदस्ती तमंचे के बल पर कार में अपहरण करके लेकर चले गये। मौजूद लोगों से वह युवक बचाने की गुहार लगाता रहा लेकिन तमंचे के डर से लोगों ने युवक को बयान की हिम्मत न की। यह बात जंगल में आग की तरह पूरे जिले में पहुंच गई। घटना की जानकारी होते ही भदोही पुलिस सक्रिय हो गई। और क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर युवक के मोबाइल और अपहरणकर्ता के कार को ट्रैस करते हुए मात्र कुछ ही घंटों में बदमाशों को जौनपुर के रामपुर में घेराबंदी करके चार अपहरण करने वालों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। साथ में अपहृत युवक को भी सकुशल बरामद किया। अपहरणकर्ताओं के पास से पुलिस ने एक कार, तीन मोबाइल, एक चाकू, एक तमंचा, एक एयर पिस्टल व एक बैग बरामद किया। चारों गिरफ्तार अभियुक्त जौनपुर के ही निवासी है।

भदोही के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि भदोही निवासी अपहृत युवक मो रिजवान की शादी बीते मई में जौनपुर जिले में हुई थी और रिजवान के पत्नी का प्रेमी मुअज्जम ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस अपहरण की साजिश रची थी। जिससे रिजवान का उसकी पत्नी से तलाक हो जाये और फिर रिजवान की पत्नी और उसका प्रेमी मुअज्जम आपस में शादी कर सके। बुधवार की सुबह जब अपहरण कर्ताओं ने रिजवान को अपहरण करके जौनपुर ले जा रहे थे तो कार में ही रिजवान के मोबाइल से उसकी पत्नी और ससुर को फोन करने को कहे। तमंचे और चाकू के डर से रिजवान ने अपहरणकर्ताओं के कहने पर फोन पर तीन बार तलाक भी कह दिया। और ससुर को भी यह बात बता दी। साथ में मुअज्जम ने रिजवान को धमकी दी कि इस बात को किसी से बताओगे तो जान से मार दूंगा। अपहृत रिजवान उनकी बात मानकर पत्नी को तलाक की बात कह दी। लेकिन इसी बीच भदोही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने जौनपुर के रामपुर के पास से कार की घेराबंदी करके बदमाशों को गिरफ्तार करने और युवक को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी पुलिस जुटा रही है। भदोही पुलिस की सक्रियता की काफी चर्चा हो रही है। मात्र कुछ ही घंटे में पुलिस ने इस बडी घटना का पदार्फाश किया। इस सफलता में भदोही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम का प्रयास काफी सराहनीय रहा।

# द्वितीय पुण्यतिथि पर स्व. माताप्रसाद दूबे को किया गया याद

पहल टुडे / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट



**मिर्जापुर** । लालडिग्गी स्थित गैलेक्सी पवेलियन हाल में गुरुवार को जनप्रिय नेता स्व. पं. माता प्रसाद दुबे की द्वितीय पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम का कुशल संचालन आशुतोष दुबे ने किया जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने विचार प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया क कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित ब्रजदेव पाण्डेय ने बताया कि स्व.दुबे का व्यक्तित्व शब्दों में समेटा नहीं जा सकता वह एक महान हस्ती थे ।जिनका योगदान जनपद के लोग कभी नहीं भूल पाएंगे क पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने बताया कि स्व. दुबे एक दल के सिद्धांत वादी नेता होने के साथ-साथ सभी दलों के प्रिय थे, हर गांव,बस्ती के लोग जानते पहचानते थे वह सबके चहेते थे उनका जाना हम लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है ।कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत हर्ष नारायण दुबे और उत्कर्ष नारायण दुबे ने एवं आभार प्रकट मनीष दुबे ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन दीप चंद्र जैन, चेयरमैन मनोज जायसवाल, अरुण मिश्रा बालेंदु मणि त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, कोन ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह, कैलाश नाथ उपाध्याय, डॉ एसएन पाठक, कमलेश दुबे, चुनमुन शुक्ला,राजेश नारायण तिवारी, भारतेंदु यादव,जनार्दन पाठक,राजन पाठक,सतीश मिश्रा,प्रभु तिवारी, राम नाथ दुबे, शैलेंद्र अग्रहरी, द्वारिका प्रसाद पाल,राजेंद्र तिवारी, शिव शंकर चौबे, संजय दुबे, केदारनाथ दुबे, सुनील पाण्डेय , अमिताभ पाण्डेय , इस्तियाक अंसारी,बऊ पाठक, उपेंद्र तिवारी, ज्ञान गुप्ता रामानुज पाण्डेय,शिवराज शर्मा, आयुष त्रिपाठी, निहाल दुबे, प्रसून मिश्रा,समीर पाण्डेय आदि लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे

# सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

पहल टुडे /सलीम फारूकी

कैराना प्राथमिक विद्यालय मलकपुर विकास क्षेत्र कैराना ज़िला शामली में बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय मलकपुर के सुलेख प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले कुछ बच्चों ने प्रतिभाग किया। सुलेख प्रतियोगिता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैराना से डा. ऋतू पंवार की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर सादिक, द्वितीय स्थान पर सोनू, तृतीय स्थान पर खुशी रहे। ज्ञात हो की पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग व विद्यालय प्रबंध समिति की मीटिंग में सामूहिक रूप से प्रस्ताव पास हुआ था की इस सप्ताह लगातार बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा कराई जाए। जिससे बच्चों की विद्यालय में उपस्तिथि को बढ़ावा मिलेगा व बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव होगा। प्राथमिक विद्यालय मलकपुर विकास क्षेत्र कैराना में और भी अनेक कार्यक्रम लगातार विद्यालय में आयोजित किए जायेंगे। जिसके उपलक्ष में आज प्राथमिक विद्यालय मलकपुर में सुलेख प्रतियोगिता रखी गई। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को विद्यालय में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा ।जिससे कि बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें। और शारीरिक विकास मानसिक विकास



नैतिक विकास आदि को बढ़ावा मिले ।अभिभावकों और शिक्षकों का एक सामूहिक प्रयास है ।कल विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी ।डा. अनिल कुमार ग्राम प्रधान आनंद सैनी प्रधानाध्यापक मोहम्मद वासिल अली आदि मौजूद रहे।

# औराई ब्लॉक में सफल शुरूआत कार्यक्रम के अंतर्गत द्वारिकापुर गांव में संगोष्ठी का किया गया आयोजन

पहल टुडे/ आनंद तिवारी



महराजगंज भदोही। औराई विकास खंड क्षेत्र के द्वारिकापुर गांव में सफल शुरूआत कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वैक्सीन संस्था हिदुस्तान यूनीलीवर लाइफबॉय एवं ग्रुप एम की एक पहल है यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज औराई ब्लॉक के द्वारिकापुर गांव में श्रीमति सरोज कुमारी स्वास्थ्य विभाग, अनूप कुमार श्रीवास्तव ब्लॉक मिशन मैनेजर आजीविका मिशन भदोही ने सफल शुरूआत संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन भदोही व सफल शुरूआत कार्यक्रम एक साथ मिलकर समूह सखियों के माध्यम से 0 से 02 वर्ष के बच्चो के माता पिता को बच्चों के सफल परिवरिश हेतु जागरूक किया जा रहा है। बच्चो के सफल परवरिश के बगैर स्वस्थ्य भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है ।सतीशंकर ग्राम प्रधान ने कहा की सफल शुरूआत कार्यक्रम में 0 से 2 वर्ष के बच्चों के माता पिता को बच्चों कि सफल परवरिश के लिए शुरूआती 1000 दिन माँ और बच्चे के लिए बहुत जरूरी होता है यदि क्योकि शुरूआती 1000 दिन में ही बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास पूरी तरह से होता है। इसलिए माँ और बच्चे का बहुत अच्छे से ध्यान रखा जाए तो सफल परवरिश निश्चित तरह से हो पाएगी। पूर्व प्रधान विक्रमपुर सुनील मिश्रा ने बताया कि सभी माता-पिता जब अपने जीवन में सफल परवरिश की चार बुनियादी बातों को अपना कर ही अपने बच्चे की सफल परवरिश कर सकते है।

सफल शुरूआत कार्यक्रम के जिला समन्वयक कृष्ण मुरारी ने सफल शुरूआत की चार बुनियादी बातो के बारे में विस्तार से बताया

चार बुनियादी बातें निम्नलिखित हैं -

1- बीमारियों से बचाव

संपूर्ण टीकाकरण (ब) खास मौकों पर साबुन से हाथ धोना

2- समय से उचित पोषण (अ) 6 माह तक सिर्फ मां का दूध (ब) 6 माह के बाद ऊपरी आहार

3- शुरूआती विकास से जुड़ी गतिविधियां (अ) बच्चों के साथ समय बिताएं, (ब) बच्चों के साथ खेले बोले

4- पालन पोषण की कुशलता (अ) आपस में बात करें और योजना बनाएं (ब) पिता भी बच्चें देखभाल में हाथ बटाएं

कार्यक्रम मे ट्रेनर सुमन मिश्रा व सफल शुरूआत के ब्लॉक समन्वयक राजीव यादव, समूह सखी सुनीता देवी आगनबाडी-अर्चना देवी व आशा-गीता देवी आदि तमाम लोगों उपस्थित रहे।

# बकरीद व श्रावण मास के दौरान कांवड़ के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा शहर क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया गया पैदल मार्च

पहल टुडे / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** ।आगामी त्योहार बकरीद व श्रावण मास के दौरान कांवड़ के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा शहर क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया गया पैदल मार्च पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्यसंतोष कुमार मिश्रा द्वारा आगामी त्योहार बकरीद व श्रावण मास के दौरान कांवड़ के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया, जिसका आरम्भ थाना को0शहर अन्तर्गत स्थित संकटमोचन मंदिर से हुआ



जो वासलीगंज, बरियाघाट, घण्टाघर, को0शहर के रास्ते नारघाट होते हुए इमामबाड़े पर पहुंचकर समाप्त हुआ । इस दौरान विभिन्न धर्मगुरूओं से वार्ता की गई तथा बालिकाओं, महिलाओं, व्यापारियों तथा आमजन से जनसंवाद स्थापित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया गया ।जनपद मीरजापुर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने कि लिए कटिबद्ध एवं तत्पर है । उक्त पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक नगर, प्रभारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक को0शहर व कटरा सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा ।

# स्थानीय प्रशासन चंद रुपयों के लिए करा रहा है खनन

### शासन के निदेशों की लगातार स्थानीय प्रशासन उड़ा रहा है धज्जियां

पहल टुडे



बीसलपुरः- सरकार द्वारा खनन पर पूर्णतया रोक लगा दी गई है लेकिन स्थानीय प्रशासन लगातार नदियों से खनन करवाने में जुटे हुए हैं। देवहा नदी से तांगा बुग्गी, बैलगाड़ी व ट्रैक्टर ट्रालियों से लगातार रेत कर खनन किया जा रहा है। खनन माफियाओं पर प्रशासन चंद पैसों के लिए अंकुश लगाता नजर नहीं आ रहा है।

बीसलपुर देवहा नदी, कटना नदी, माला नदी से लगातार ट्रैक्टर ट्राली, बैलगाड़ी व तांगा बुग्गी द्वारा खनन माफिया लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। तहसील के लेखपाल ट्रैक्टर ट्राली चालकों से चंद रुपये लेकर उन्हें खनन करने की छूट दे रहे हैं। पुलिस के सिपाही गश्त के दौरान उन्हें बैलगाड़ी या तांगा चालक रेत भरकर मिलते हैं तो वह 500 से लेकर 1000 रुपये तक लेकर उन्हें जाने देते हैं। इसीलिए खनन माफिया लगातार रेत का खनन कर रहे हैं। वहीं भट्टा मालिक व खेत स्वामी अपने खेतों की मिट्टी उठवा रहे हैं। प्रशासन चंद रुपयों को लेने के चक्कर में लगातार खनन करवा रहे हैं। कई बार लोगों ने खनन रुकवाये जाने के लिए प्रशासन से मांग की लेकिन खनन माफियाओं को रोकने में प्रशासन बिफल दिखाई दे रहा है। ट्रैक्टर चालक मिट्टी भरकर ट्रैक्टर को तेजी से दोड़ाते हैं जिससे मार्गों पर मिट्टी गिर रही है और मार्ग खराब होने की स्थिति में हैं।

# वन महोत्सव सप्ताह.....



वन महोत्सव सप्ताह के अनुभव किये साझा पर्यावरण व वन संरक्षण की शपथ

पहल टुडे

पीलीभीत। समाधान विकास समिति विपनेट क्लब के तत्वाधान में मनाया जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के सातवें दिन आज प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं तत्पर रहने व समाज को तत्पर करने की शपथ ली। क्लब की अध्यक्षा उर्मिला देवी ने बताया यदि 130 करोड़ की आबादी वाले भारत में हर नागरिक हर साल एक पौधारोपण करे तो हमारा देश प्रकृति के अपने पुराने वैभव को फिर से धारण करेगा। यदि इस मानसून सीजन में आपने एक पौधे को नहीं रोपा है तो पौधारोपण करें और पौधे को वृक्ष बनाने के अपने कदम की शुरूआत करें। राज मिश्रा, मोहित पांडे, ओम गुप्ता, शबनम की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां रहीं।

# सरकारी अस्पताल में लगा आरओ कई दिनों से है खराब



मरीजों को पानी पीने के लिए इधर उधर पड़ता है भटकना

बीसलपुरः- सरकारी अस्पताल में कई दिनों से आरओ खराब पड़ा है। इस समय भीषण गर्मी पड़ने के कारण लोगों के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो गये हैं। बड़ी संख्या में सरकारी अस्पताल में मरीज दवा लेने आ रहे हैं। जिन्हें पानी पीने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे मरीजों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

सरकारी सामुदायिक केन्द्र में लगा आरओ काफर दिनों से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मरीज दवा लेने के लिए सरकारी अस्पताल में आते हैं। अस्पताल में लगे आरओ की टोटी दवाकर देखते हैं तो उसमें पानी नहीं निकलने से मरीज मायूश होकर प्यासे ही दवा लेने के लिए लाइन में लगे रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग आरओ को बनवाने की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे मरीजों को पानी पीने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। मरीजों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

## फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधान

# जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया





पहल टुडे

पीलीभीत। समाज में बढ़ते हुए साइबर अपराधों से रोकथाम एवं बचाव हेतु जानकारी देने के दृष्टिगत आज सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर पीलीभीत में जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनको साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडिट कार्ड, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के संबंध में साइबर अपराध, सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, पालिसी, चिट फण्ड,लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड, आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान जनपदीय साइबर सेल टीम के प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक अजय यादव, अनुज कुमार, अंकुर कुमार व थाना पूरनपुर साइबर हेल्प डेस्क टीम भी उपस्थित रही।

### बाढ़ बचाव कार्य के लिए किया गया रिहर्सल

**जलालाबाद** रामगंगा नदी के संविलियन विद्यालय कोला में गुरुवार को बाढ़ राहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम शामिल नहीं हुई ।इसकी अध्यक्षता तहसीलदार चमन सिंह ने की। तहसीलदार ने कहा कि बाढ़ राहत बचाव के लिए तहसील में 13 चौकियां खंडहर, बरुआ, कोला, तिकोला ताल्लुक दुलरामई ,जेरा रहीमपुर, रघुनाथपुर, वजीरपुर ,चौरसिया, फरीदापुर, फतेहपु विरिया, टॉपर , अल्लाहगंज, गोरा महुआ गाड़ में स्थापना की गई है। जिसमें तेरह लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जिलाधिकारी ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से किया सम्मानित

पहल टुडे



पीलीभीत। आज ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल को स्वच्छ सर्वेक्षण के आधार पर ₹स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 ₹से गांधी सभागार में जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम में 8 विद्यालय कंपोजिट चार्ट फिरोजपुर, कंपोजिट कैच, पी एस चोखापुरी, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल टनकपुर रोड, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज न्यूरिया, नवोदय विद्यालय बीसलपुर तथा केंद्र विद्यालय का चयन हुआ ।इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत जिले का एकमात्र मान्यता प्राप्त विद्यालय है जो सुपर-8 में स्थान बनाने में सफल रहा। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा तथा प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने जिलाधिकारी पुलकित खरे से सम्मानित होकर अमित कुमार सिंह (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) तथा धर्मेंद्र प्रताप सिंह (मुख्य विकास अधिकारी) पीलीभीत को धन्यवाद दिया तथा सभी को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय को पुरस्कार प्रदान कर विद्यालय की सराहना की गई। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ,टनकपुर रोड पीलीभीत जिले का एकमात्र प्राइवेट सीबीएसई ऐसा विद्यालय रहा जो राज्य स्तर पर सुपर-8 में अपनी जगह बनाने में सफल रहा। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों की स्वच्छता नीति के विषय में चर्चा की गई तथा अन्य सभी विद्यालयों को भी स्वच्छता के संबंध में आगे आने को प्रेरित किया गया।

फास्ट ट्रैक

## डीएलएड सत्र 2022 में आवेदन करने की अन्तिम तिथि बड़ी

### ऑनलाइन करने से वंचित रह गए छात्रों के खिले चेहरे

ललितपुरः शहर के श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में प्रबंध समिति और शिक्षक स्टाफ की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रबंधक चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को सरकारी शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षक बनने के लिए डीएलएड कोर्स बहुत ही बेहतर है, जो भी विद्यार्थी अभी डीएलएड का रजिस्ट्रेशन करने से वंचित रह गए थे, उनको अब द्वारा मौका मिला है ऐसे अभ्यर्थी अब 25 जुलाई से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। और डीएलएड में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को सफल बना सकते हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ जे एस तोमर ने कहा कि डीएलएड प्रशिक्षण कोर्स के ऑनलाइन आवदेन की तिथि 6.07.2022 से बढ़कर 25.07.2022 होने पर आज महाविद्यालय में डीएलएड स्टाफ के साथ प्रबंधतंत्र और प्राचार्य जी ने वातार्लाप किया। इस बैठक में मुख्य रूप से उन छात्रों के लिये खुशी जाहिर की गयी जो ऑनलाइन की अन्तिम तिथि पर ऑनलाइन करने से रह गये थे। साथ ही सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी के द्वारा आवदेन की अन्तिम तिथि बढायें जाने के निर्देश की प्रशंसा की गई। मीटिंग मे मुख्य वार्ता का प्रकरण यही था कि उन सभी छात्रों को ये सूचना किसी भी माध्यम से दी जाये कि डीएलएड की अन्तिम तिथि में परिवर्तन हो चुका है और आपको निराश होने की जरूरत नही है यदि शिक्षक बनना है तो आवदेन की प्रक्रिया को पहली सीढ़ी मानकर उस को पार करना अति आवश्यक है। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग प्रभारी अंशुल दुबे ने कहा कि शिक्षा की जड़ कड़वी होती है पर उसके फल कड़वे नहीं होते है। जो हो गया उसे सांचा नहीं करते, जो मिल गया उसे खोया नही करते, सफलता भी उन्ही को मिलती है जो हालातों पे रोया नही करते हैं। बैठक में प्रबंधन की ओर से कमलेश चौधरी प्रदीप चौधरी प्रवीण चौधरी सहित प्राचार्य डॉ ज एस तोमर, राकेश राजन, आदित्य मिश्रा, अंशुल दुबे, सुमिता पांडेय, नीतू शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, नीरज सिंह, बृजेश पटेरिया, अभिषेक रावत, एकता शर्मा, नितिन जैन, डॉ रामेंद्र कुमार, डॉ खुशबू सिद्दीकी, डॉ सलमान अली, प्रदीप कुमार, प्रदीप गंगेले, आकाश राय, श्रीराम, शुभम सिंघई, सपना चक्रवर्ती, रीमा यादव, प्रकाश साहू, सुमन कुमार, अनुज सेन, भगवानदास, मुकुल आदि मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में युवक ने लगाई फांसी

### पिता बोले-कोई शिकायत थी तो हमसे कहता, दूर जाने की क्या जरूरत थी

**शाहजहांपुर** शाहजहापंर में दिल्ली से लौटे एक युवक ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दिव्यांग पिता खेत में पानी लगाने पहुंचा। तो बेटे का शव फंदे से लटका मिला। युवक दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी करके अपने पिता को रुपये भेजता था। इसी को याद करके पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। कहा अगर बेटे को कोई शिकायत थी तो हमे बताता। हमसे दूर होने की क्या जरूरत थी। मेहनत-मजदूरी कर परिवार की करता था मददजिले के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र कपास खिरिया निवासी राम भरोसे पैर से दिव्यांग हैं। उनका 22 साल का बेटा अमित दिल्ली में रहकर मेहनत मजूदरी करके परिवार को रुपये भेजकर मदद करता था। जिससे परिवार का पालन-पोषण होता था। दो बेटे खेतीबाड़ी करते हैं। बुधवार की सुबह अमित दिल्ली से लौटकर घर आया और दिन में उसने खेत में पानी लगाया था। शाम में परिवार के साथ खाना खाने के बाद अमित करीब दस बजे घर से बगैर बताए निकल गया। उसके बाद वो घर नहीं लौटा। परिवार ने उसको तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुरूवार को विकलांग पिता खेत में पानी लगाने पहुंचे तो एक नीम के पेड़ पर रस्सी से बेटे का शव लटका देखा। शव देखने के बाद पिता ने परिजनों को सूचना देकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ बनने के बाद करना चाहता था शादीपिता राम भरोसे ने बताया कि अमित पूरे परिवार का बहुत ख्याल रखता था।

## पौधरोपण से पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है :- उमाशंकर सिंह



पहल टुडे / नेहाल अख्तर

रसड़ा,बलिया।. बिभिन्न संस्थानों एवम स्कूलों में पौधारोपण का पर्यावरण को सुरक्षित रखने का लिया गया। विधायक उमाशंकर सिंह ने सरायभारती गाँव के खेल मैदान में फलदार वृक्ष लगा कर अधिक से अधिक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। कहा कि पौधों को सुरक्षित करके ही अपनी जीवन की रक्षा की जा सकती है। खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत ने कहा कि पेड़ लगाने उसकी सुरक्षा की परंपरा भारतीय संस्कृति का मूल संदेश प्रमुख रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राम, खण्ड विकास अधिकारी प्रवीनजीत, सतीश सिंह, निर्भय सिंह, अश्वनी कुमार, रणधीर सिंह, पिंकी सिंह आदि उपस्थित रहे। वही फुलेहरा स्मारक महाविद्यालय में प्रवन्धक गोविन्द नारायण सिंह, बाबा रामदल सूरजदेव स्मारक कालेज पकवाइनार में प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजमोहन, विशाल यादव, रमाकांत सिंह, टुनटुन सिंह, सतीश सिंह, सियाराम यादव, राम अवध यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ,एसपी ने जनपद वासियों से की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



### पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

पहल टुडे/अजय बरया

ललितपुरः आगामी ईद के त्योहार को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक निखिल पाठक द्वारा पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। बैठक में धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## शाहजहांपुर में मंत्री सुरेश खन्ना ने पौधा लगाया

**शाहजहांपुर** मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर में बृहस्पतिवार को पौधा लगाया। - शाहजहांपुर के शहीद संग्राहलय में गुरुवार को मंत्री सुरेश खन्ना ने पौधे लगाए। सामाजिक संगठन श्कढ ग्रुप की तरफ पौधरोपण किया गया था। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा, ्पति-पत्नी का रिश्ता बहुत जज्बाती होता है, पति अपनी पत्नी के नाम पर और पत्नी पति के नाम पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें। 15 अगस्त को प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। तरफ से एक सप्ताह में शहर में एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पौधे लगाने की शुरूआत करने के लिए सूबे के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने की।

# हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय का जन्मदिवस हिंदुत्व प्रहरी के रूप में मनाया गया

पहल टुडे



किशनगंज/नई दिल्ली अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय का जन्मदिवस पूरे देश मे हिंदुत्व प्रहरी के रूप में मनाया गया। पूरे देश विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुभकामनाये दी गई और हिंदुत्व की रक्षा के साथ हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। हिन्दू महासभा के शीर्ष नेता रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने नई दिल्ली से नितिन उपाध्याय को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए हुए उन्हें हिंदुत्व का सजग प्रहरी बताया। उन्होंने कहा कि नितिन उपाध्याय के मार्गदर्शन में हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान एक नया इतिहास रचेगा और भारत हिन्दू राष्ट्र बनकर रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नितिन उपाध्याय हिंदुत्व की आवाज बनकर देश की राजनीति में उभर रहे हैं, उसी प्रकार देश का हिन्दू समाज भी उनकी आवाज बनकर उनके साथ खड़ा है। हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति की चार राज्यों की संयोजक निहारिका शर्मा ने जयपुर में एक सभा आयोजित कर मिष्ठान्न वितरित कर नितिन उपाध्याय वक्त जन्मदिवस हर्षोल्ल्लास से मनाया। उन्होंने फोन पर भी नितिन उपाध्याय को जन्मदिवस की शुभकाकनये दी। आज जारी बयान में हिन्दू महासभा की राष्ट्रीय प्रवक्ता कामिनी झा ने यह जानकारी दी। जारी बयान के अनुसार हिन्दू महासभा हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष नरेश सिंह ने नितिन उपाध्याय का जन्म दिवस हिंदुत्व प्रहरी के रूप में मनाते हुए गरीबों में फल वितरण करते हुए उनसे हिन्दू राष्ट्र निर्माण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पंजाब हिन्दू महासभा के अध्यक्ष सुमित्र राय ने नितिन जी के जन्मदिवस पर पत्रकारों को हिन्दू समाज के हित और हिन्दू विरोधी ताकतों के विरुद्ध अपनी कलम से हिन्दू महासभा के धर्मयुद्ध को प्रचण्ड करने का संकल्प दिलवाया। हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने नितिन उपाध्याय के जन्मदिवस पर प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उनका जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में भंडारा आयोजित किया गया। हिन्दू महासभा गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मीतेश पटेल ने अहमदाबाद की गौशाला में जाकर गौसेवा कर गौशाला की सभी गायों को गौग्रास देकर नितिन उपाध्याय के दीघार्यु होने की मंगलकामना की। राष्ट्रीय प्रवक्ता कामिनी झा के अनुसार हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, केशव चौहान, राजेश पाल सिंह, राष्ट्रीय मंत्री दीपक कनोजिया, राष्ट्रीय धमाचार्य सह प्रमुख महामंडलेश्वर पूजा माई,, हिन्दू व्यापारी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश मिश्र, हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गीता रानी, हिन्दू युवक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल गुर्जर, महाराष्ट्र के महामंत्री सुरेन्द्र मिश्र, जम्मू कश्मीर अध्यक्ष अमित शर्मा, पाश्चिम बंगाल संयोजक समीर बनर्जी, झारखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने नितिन उपाध्याय को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से मंगलकामना की।

## जनपद हरिद्वार में उपवा द्वारा उपवा एंव पुलिस परिवार के लिये एक दिवसीय मेडिकल कैम्प का आयोजन



दैनिक पहल टुडे

जिला हरिद्वार :- आज जनपद हरिद्वार में अध्यक्ष उपवा डॉ अलकनंदा अशोक महोदया के आदेशानुसार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निदेर्शानुसार पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, महिला पुलिस कर्मियों तथा पुलिस परिवार हेतु *एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सीय शिविर*, ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर हरिद्वार तथा ली क्रेस्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में गायनेकोलॉजिस्ट, हृदय रोग, कैंसर, जनरल फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक तथा बच्चों से संबंधित चिकित्सको द्वारा जांच की गई। चिकित्सा शिविर में लगभग 200 पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा उनके परिवार जनों का शिविर में चिकित्सीय परीक्षण किया गया, साथ ही परीक्षण के दौरान पाई गई बीमारियों /समस्याओं के उपचार हेतु दवाएं व चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

## ई रिक्शा ऑटो रिक्शा के मनमाने पार्किंग से आए दिन लग रहा है जाम



पहल टुडे / नेहाल अख्तर

रसडा,बलिया।. रसडा. नगर में वाहन स्टैंडो.के खिलाफ मुहिम चलाने के बाद प्रशासन उदासीनहो गया। टेंपो और ई-रिक्शा चालक जहां जी करता है। पार्किंग करते हैं। सवारियां भरते रहते हैं। सवारियां को बैठाने की होड़ में अक्सर जाम लगता है। लेकिन अफसरों को कोई इसकी परवाह नहीं है। ऑटो और ई-रिक्शा की मनमानी पर यातायात पुलिस का नियंत्रण नहीं है। लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही है। रसडा.कस्बे में जाम की समस्या कम नहीं हो रही है। प्रशासन की तरफ से सड़के के किनारे अतिक्रमण हटाने के बावजूद यह समस्या बनी हुई है। अब ज्यादा समस्या उन टेंपो और ई-रिक्शा चालकों की वजह से हो रही है। जो सवारियां बैठाने की होड़ में जहां इच्छा करे वही वाहन रोक दे रहे हैं। इनको न तो किसी निर्धारित जगह वाहन खड़े करने की फिक्र है। और न ही दूसरे की परेशानी का ख्याल रखते है।

## बाइक सवार उचक्कों ने ले उड़े महिला का पर्स

रेवती,बलिया। चौबेछपरा की रिंकू देवी के हाथ से बुधवार की शाम एक बाइक पर सवार दो उचक्कों ने पर्स छीन लिया। इसके बाद गांव से चौबेछपरा ढाला पर आ रही पिंकी पुत्री विजेंद्र गोंड का मोबाइल छीनने का प्रयास किया लेकिन शोर होने पर वह भाग गए। रिंकू गांव से पैदल ढाले पर आ रही थी, पीछे इसका पति भी साइकिल से आ रहा था। इसी बीच बाइक पर सवार गमछे से मुंह बांधे दो उचक्के पर्स छीन कर फरार हो गये। उक्त पर्स में आधार कार्ड, मोबाइल और लगभग 500 रुपये था। इसी मार्ग पर बीते माह भी कई छिनैती की घटनाएं हो चुकी हैं।

## कोतवाल ने चौकीदार की बेटी की शादी की उठाई जिम्मेदारी

**शाहजहांपुर** पुवायां थाने की पुलिस ने जरूरत का सामान चौकीदार को दिया। शाहजहांपुर में तमाम ऐसे वीडियो वायरल हुए, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए हैं। लेकिन दूसरी तरफ एक ऐसा मामला सामने आया है, जिससे पुलिस के प्रति लोगो का नजरिया सकारात्मक हुआ है। यहां थाने के एक चौकीदार के पास इतने रुपये नहीं थे कि, वो अपनी बेटी की शादी कर पाता, कोतवाल को जब इसकी जानकारी हुई तो, उन्होंने चौकीदार को बुलाकर बेटी की शादी की जिम्मेदारी ही उठा ली। पुलिस कराएगी चौकीदार की बेटी की शाद क्षेत्र के गांव दिलीपापुर के रहने वाले महेंद्र कुमार पिछले कई सालों से पुवायां थाने की चौकीदारी करते हैं।

## विधुत बिभाग के कर्मचारियों ने डोर टू डोर घूम कर अवैध बिजली के कनेक्शन को काटा

पहल टुडे / शकील खान



बैरिया बलिया। स्थानीय तहसील अंतर्गत कोटवा रानीगंज गांव में बिधुत बिभाग के कर्मचारियों ने डोर टू डोर घूम कर अवैध बिजली के कनेक्शन को काटा।

प्राप्त सूचना के अनुसार बिधुत बिभाग की टीम ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू बिजली बिल उपभोक्ताओं के लिए सौ प्रतिशत सरचार्ज ब्याज माफी योजना के अन्तर्गत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गांव में घूमकर बिजली बिल का बकाया वसूली और और अवैध बिजली कनेक्शन वालो का तार काटा गया। जिसमें दर्जनों लोगों के तार कटे। बिजली विभाग के एस डी ओ संतोष चौधरी ने बताया कि बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत कैम्प लगवा कर 30जून तक 100 प्रतिशत सरचार्ज ब्याज माफ किया गया था जिसको 15 जुलाई तक बढ़ाया गया है। समय से आने पर उपभोक्ताओं को ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। और अवैध बिजली कनेक्शन वालो के खिलाफ मुकदमा कराया जाएगा। इस अवसर पर जेई सुनील पाल, अमरनाथ वर्मा, अरविन्द सिंह, रमेश बर्मा, जयप्रकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में हुई वेब सीरीज चश्मिश की शूटिंग

# वेब सीरीज चश्मिश में क्षेत्रीय कलाकारों को मिल रहा है हुनर दिखाने का मौका:कमलेश चौधरी

### डेढ़ करोड़ के बजट में बन रही वेब सीरीज चश्मिश, ललितपुर शहर के ही फिल्माए जा रहे सीन

पहल टुडे /अजय बरया



ललितपुरःश्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय ललितपुर में वेब सीरीज चश्मिश की शूटिंग की गई। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी ग्राउंड, पार्क, ओपिन जिम, मुख्य भवन और क्लासरूम के सीन फिल्माए गए। इससे पहले वेब सीरीज चश्मिश की शूटिंग ललितपुर शहर के घण्टाघर, तलाबपुरा, आजादपुरा, रेलवे स्टेशन, सुम्मेरा तालाब और गोविंद सागर बांध के पास की गई। वेब सीरीज का डायरेक्शन डायरेक्टर हरीश राउत मुम्बई और राम तिवारी ललितपुर द्वारा किया जा रहा है। बेव सीरीज की थीम में बताया गया है कि ललितपुर जिले के एक लड़का और एक लड़की कॉलेज में पढ़ते हैं और धीरे-धीरे उनमें प्रेम हो जाता है। चूंकि लड़की चश्मिश होती है तो सब लड़की को चश्मिश के नाम से चिढ़ाते भी हैं। कॉलेज में हुई शूटिंग में एक लड़का और एक लड़की की कॉलेज लाइफ और लव स्टोरी के बारे में सीन शूट किए गए। इस दौरान महाविद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक कमलेश चौधरी ने बताया कि श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में वेब सीरीज चश्मिश की शूटिंग हुई है, इसमें मुम्बई से आई टीम और मायानगरी के किरदारों ने क्षेत्रीय कलाकारों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी इस वेब सीरीज में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में हुई शूटिंग में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी अभिनय करने का मौका मिला है। इससे अब ललितपुर जनपद और महाविद्यालय के विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आएगी और हमारे यहां से भी निकलकर कई लोग मुम्बई में जाकर फिल्म इंडस्ट्री में जिले का नाम रोशन करेंगे। डायरेक्टर हरीश राउत ने बताया कि बेवसीरीज डेढ़ करोड़ के बजट में बन रही है, इसकी शूटिंग के ललितपुर शहर में ही हो रही है। साथ ही डीओपी राम तिवारी ने बताया कि वेब सीरीज चश्मिश 2022 में ही अक्टूबर -नवम्बर तक एमेजॉन प्लेटफार्म पर रिलीज की जाएगी। वेब सीरीज चश्मिश में लीड रोल हीरो गौरव, लीड हीरोइन मालवीय, राज खान सेकेंड हीरो, राघव थर्ड हीरो व कॉमेडियन, इसमें हीरोइन- स्नेहा, सोनिया, प्रियंका कार्य कर रहीं हैं। विलेन का किरदार ऋषभ पाठक कॉलेज विलेन के रूप में निभा रहे है। वहीं ललितपुर शहर के निवासी संजीव बावरा हीरोइन के पिता का किरदार अदा कर रहे हैं। साथ ही ललितपुर शहर के निवासी आदित्य नारायण शर्मा हीरो के पिता का किरदार निभा रहे हैं। श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के प्रभारी अंशुल दुबे कॉलेज के प्रोफेसर की भूमिका में दिखेंगे। साथ ही कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स भी अभिनय कर रहे हैं। वेब सीरीज चश्मिश के निर्देशक हरीश राउत, राम तिवारी हैं। सह निर्देशक राम तिवारी ने बताया कि यह वेब सीरीज पहले बनारस में शूट होनी थी लेकिन जब उनकी वार्ता श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय की प्रबंध समिति कमलेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी से हुई तो उन्होंने ललितपुर में ही शूटिंग करने के लिए डायरेक्टर हरीश राउत को मनाया।

## सुद्दष्टि बाबा इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रैली निकाल सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को किया जागरूक

पहल टुडे / शकील खान



बैरिया बलिया। श्री सुदिष्ट बाबा इण्टर कालेज सुदिष्टपूरी के छात्र छात्राओं द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिये जन जागरूकता रैली निकाली।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार की सुबह सुदिष्ट बाबा इंटर कालेज के बच्चो द्वारा रैली निकाली गई। जिसमे सैकड़ो की तादाद में स्कूल के बच्चे कतार में लग कर जुलूस की शक्ल में सुदिष्टपूरी इंटर कालेज से निकल कर रानीगंज बाजार चौक ,फिर हास्पिटल मोड़ कोटवा तक गए। बच्चे नारा लगाते हुए लोगो से अपील कर रहे थे कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे नुकसान व पर्यावरण संकट के प्रति सचेत होने का शपथ लेने का लोगो से आग्रह किये। लोगो को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के संदर्भ में बताए कि सिंगल यूज प्लास्टिक के वजह से पर्यावरण को नुकसान तो हो ही रहा है सड़को पर बिखरी प्लास्टिक व कूड़े के ढेर में छुटे पशुओं द्वारा प्लास्टिक चबा कर खाने से हो रही बीमारियों को भी लोगो को बताकर जागरूक कियाइस अवसर पर सुदिष्टपुरी के शिक्षक संतोष कुमार पांडेय, काजल वर्मा, मनाली, ब्यूटी सिंह, आलोक सिंह, कृष्ण मोहन तिवारी, पवन कुमार, व पुलिस प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडेय ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

सम्पादकीय

# बदहाली की जवाबदेही

कभी चंडीगढ़ को देश में सिटी ब्यूटीफुल का खिताब हासिल था। शहर की विशिष्ट बनावट व योग्य अधिकारियों के दीर्घकालीन प्रयासों से ही शहर को यह खिताब हासिल हुआ था। अब देश में जब से स्वच्छता के मानक नये सिरे से बने, यह शहर खूबसूरती के पायदान में नीचे खिसकता गया। विडंबना देखिये कि पंजाब, हरियाणा व केंद्रशासित प्रदेश के अधिकारियों के लाव-लश्कर वाले शहर की खूबसूरती अब नाम की रह गई है। मानसून की पहली बारिश से दो राज्यों की राजधानी चंडीगढ़ में जलभराव से जिस तरह जन-जीवन बाधित हुआ, उसने तंत्र की काहिली की पोल खोल दी। फ्रांस के वास्तुकार द्वारा तैयार प्रारूप पर बसे देश के इस पहले नियोजित शहर में यदि जल-भराव के संकट पैदा होने लगे हैं तो निश्चित रूप से जल निकासी से जुड़ी नीतियां विफल हुई हैं। इस नियोजित शहर में अवैध निर्माण की गुंजाइश न के बराबर है तो जाहिर है कि वर्षा ऋतु से पूर्व ड्रेनेज सिस्टम की जांच इस तरह से नहीं हुई कि कहां जलभराव की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। निस्संदेह, हमारी जीवनशैली व खानपान में सहायक डिस्पोजल संस्कृति भी जल निकासी के मार्ग को अवरुद्ध करती है। लेकिन शहर की सफाई व जल निकासी के लिये जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भी जवाबदेही बनती है कि जल निकासी के मार्ग को अवरुद्ध करने वाले कारकों को दूर किया जाये। यह जरूर है कि चंडीगढ़ से बाहर जल के विस्तार क्षेत्र में निर्माण कार्यों में तेजी देखी गई है, जिससे जल निकासी के प्राकृतिक बहाव में बाधा आई है, लेकिन इस विशिष्ट शहर की देखरेख करने वाले तंत्र की चौकसी से ये समस्याएं समय रहते दूर की जा सकती थीं। यूं तो कमोबेश देश के तमाम शहरों का यही आलम है। महानगर, राष्ट्रीय व राज्यों की राजधानियों में जलभराव से परेशान करने वाले मंजर नजर आते हैं। लेकिन चंडीगढ़ की खास संरचना और नीति-नियंताओं की बड़ी फौज होने के बावजूद जलभराव कई तरह के सवालों को जन्म देता है, जिन पर मंथन जरूरी है।

दरअसल, पूरे देश में यही आलम है कि जब तक नागरिक सुविधाएं बाधित नहीं होती, तब तक इनके निराकरण के प्रयास नहीं होते। यानी आग लगने पर कुआं खोदने की प्रवृत्ति पूरे देश में बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण स्थानीय निकायों में कमोबेश यही स्थिति है। निकायों को संचालित करने वाले जनप्रतिनिधि राजनीतिक क्रियाकलापों में तो बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं लेकिन जन-समस्याओं के प्रति संवेदनशील नजर नहीं आते। बड़े शहरों में जलभराव से जीवन नारकीय हो जाता है क्योंकि तमाम कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर बस्तियों के निर्माण की अनुमति दी जाती है, जो जल प्रवाह के प्राकृतिक मार्ग को अवरुद्ध कर देते हैं। जब जल भराव का संकट गहरा जाता है तब समस्या दूर करने के लिये हाथ-पैर मारने शुरू किये जाते हैं। दरअसल, बढ़ती आबादी और अनियोजित निर्माण के चलते यह संकट गहरा होता जा रहा है। आने वाले समय की चुनौतियों के मुकाबले के लिये नियोजन कहीं नजर नहीं आता। देश में स्मार्ट शहर बनाने का शोर मीडिया में तो तैरता रहा है, लेकिन हकीकत के धरातल पर ये कहीं नजर नहीं आता। विडंबना ही है कि तंत्र की यह संवेदनहीनता शहरी व ग्रामीण स्तर पर बराबर नजर आती है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि व सूखे की मार से जब भी किसानों की फसल नष्ट होती है तो नुकसान के मूल्यांकन व राहत पहुंचाने में विलंब व लाग-लपेट की जाती है।

# अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7-9 जुलाई 2022 - शिक्षा का महाकुंभ

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की गाथा, सर्वोत्तम प्रथाओं पर परामर्श, विचार-विमर्श के लिए शिक्षा समागम मील का पत्थर साबित होगा




एड किशन भावनानी

"साथियों बात अगर हम इस समागम के उद्देश्यों की करें तो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक कुलपतियों और निदेशकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं के साथ-साथ उद्योग के प्रतिनिधियों को भी यह विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर लाएगा कि पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को कैसे और आगे बढ़ाया जा सकता है।"

**देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को केंद्र, राज्यों, निजी संस्थाओं में व्यापक कार्यान्वयन, परामर्श के लिए सटीक शिखर सम्मेलन**

गोंदिया - नई शिक्षा नीति 2020/ राष्ट्रीय शिक्षा नीति जब 29जुलाई 2020 से शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से लाभार्थी सभी छात्र छात्राओंके लिए यह केंद्रीययोजना जब लागू की गई तो इसका 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 100 फीसदी लाने का लक्ष्य रखा गया था तथा शिक्षा हेतु पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 फीसदी का सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया था और मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया था। इसमें पांचवी कक्षा तक शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय क्षेत्रीय भाषा को अपनाने पर बल दिया गया था तथा मातृभाषा को कक्षा आठ और आगे की शिक्षा तक प्राथमिकता देने का सुझाव भी दिया गया था तथा देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद यह एकल नियामक की परिकल्पना की गई थी,परंतु मीडिया में आई जानकारी के अनुसार चूंकि देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र का केंद्र, राज्यों, निजी संस्थानों में विस्तृत व्यापक स्तर पर आवंटन और नियंत्रण है इसीलिए नई शिक्षा नीति 2020 को व्यापक प्रचार, बल मिलने के में कठिनाई महसूस की जा रही थी इसीलिए ही इसे व्यापक बनानेके लिए अखिल भारतीय शिक्षा समागम/ शिखर सम्मेलन की सोच का उदय हुआ जिसपर आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 7 से 9 जुलाई 2022 तक चल रहे इस समागम की करें तो पीआईबी के अनुसार, यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को लागू करने में रणनीतियों, सफलता की कहानियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा, विचार-विमर्श और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए अग्रणी भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक



मंच प्रदान करेगा। कई विश्वविद्यालय पहले ही इस कार्यक्रम को अपना चुके हैं, लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे हैं जिनके लिए इन परिवर्तनों को अपनाना और उनके अनुकूल होना बाकी है। चूंकि देश में उच्च शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र केंद्र, राज्यों और निजी संस्थाओं तक फैला हुआ है, इसलिए नीति कार्यान्वयन को और आगे ले जाने के लिए व्यापक परामर्श की आवश्यकता है। परामर्श की यह प्रक्रिया क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर चल रही है। माननीय पीएम ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मुख्य सचिवों के एक सेमिनार को संबोधित किया था जहां राज्यों ने इस मुद्दे पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस संबंध में परामर्शों की श्रृंखला में यह शिक्षा समागम की अगली कड़ी है।

यूजीसी के अध्यक्ष नें मीडिया में बताया कि समागम में 2020 की नई शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी इस दौरान विद्वान अपने-अपने विचारों को रखेंगे,इसके साथ ही प्राचीनता के समागम को कैसे आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाए, इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में नई शिक्षा नीति के तमाम बिंदुओं के साथ आधुनिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाएगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी पर चर्चा की जाएगी। मंथन होगा कि मेरिट के अभाव में विद्यार्थी को कैसे इसमें एडमिशन मिल सकेगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों की समस्याओं को दूर करेगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक होगी।

साथियों बात अगर हम तीन दिनों तक चलने वाले इस समागम में कई सत्रों में चल रही चर्चा की करें तो, कई सत्रों में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हो रही हैं।इस शिखर सम्मेलन से विचारोत्तेजक चचाओं के लिए एक ऐसा मंच मिल सकने की उम्मीद है जो कार्ययोजना और कार्यान्वयन रणनीतियों को स्पष्ट करने के अलावा ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और अंत विषय विचारविमर्श के माध्यम से एक नेटवर्क का निर्माण करने के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगा और उचित समाधानों को स्पष्ट करेगा। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का मुख्य आकर्षण उच्च शिक्षा पर वाराणसी घोषणा को स्वीकार करना होगा जो उच्च शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत की विस्तारित दृष्टिकृत और नए सिरे से उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा।

शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसीऔर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के साथ मिलकर कई नीतिगत पहलों को शुरू किया है। इनमें अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, मल्टीपल एंट्री एग्जिट, उच्च शिक्षा में बहु अनुशासन और लचीलापन, ऑनलाइन और ओपन डिस्टेंस लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विनियम, वैश्विक मानकों के साथ इसे और अधिक समावेशी बनाने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे को संशोधित करने, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने और दोनों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने, कौशल शिक्षा को मुख्य धारा में लाने एवं आजीवन सीखने को बढ़ावा देने जैसी पहल शामिल हैं।

पीएम नें बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय सम्मेलन अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया इस सम्मेलन में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षकार उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध दृष्टिकोण के बारे में चर्चा हुई हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7-9 जुलाई 2022 शिक्षा का महाकुंभ है देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र को केंद्र, राज्यों, निजी संस्थाओं में व्यापक कार्यान्वयन परामर्श के लिए सटीक शिखर सम्मेलन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की गाथा, सर्वोत्तम प्रथाओं पर परामर्श विचार-विमर्श के लिए शिक्षा समागम मील का पत्थर साबित होगा।

# योग का वैश्विक विस्तारीकरण वैदिक युग से आधुनिक युग तक



संजीव ठाकुर

भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है।

योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है।

योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100% योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी। योग को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में रोजगार मूलक प्रशिक्षकों की बड़ी संख्या तैयार करनी पड़ेगी तथा योग को शारीरिक विकास विभाग के लाभ से जोड़कर इसका स्वरूप गैर धार्मिक बनाना होगा यह से इसमें संबंधित विवाद रहित कर समाज के सभी वर्ग मैं यह प्रचारित प्रसारित कर समाज की अर्थव्यवस्था के लिए सार्थक लाभ की तरह बहु उपयोगी हो सके तब ही इसकी संपूर्ण सार्थकता होगी। योग की प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक तौर पर सशक्त एवं मजबूत विकसित परंपरा रही है अतः योग के इस महत्व और परंपरा को चिकित्सा अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा की प्राप्ति में अधिकाधिक लाभ उठाने का साधन बनाना होगा।

# बाबा : रोजगार का नया अवसर



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा (उरतृप्त)

इन दिनों बाबा बनना क्रेज बनता जा रहा है। पहले बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त करते थे। इसमें पैसा भी बड़ा खर्च होता था। डॉक्टर, इंजीनियर बन भी गए तो इसकी कोई गारंटी नहीं कि धंधा चलेगा या नहीं। किंतु बाबा बनने के अपने ही मजे हैं। न पढ़ाई की चिंता न लिखाई की। दो-चार पुराने प्रवचनों की सीडी-वीडी देख ली। हू-ब-हू उसी तरह के प्रवचनों में अपनी स्टाइल का तड़का डाल दिया तो फिर कहने ही क्या। धंधा ऐसा चल पड़ेगा मानो टोल फ्री हाईवे पर मक्खन की तरह सरपट दौड़ती एसयूवी कार। आज के समय में बाबा बनने के कई लाभ हैं। इनका चोला इतना गेरुआ हो चुका है कि ट्रेन में बिना टिकट सफर करने पर गरियाने की भी हिम्मत नहीं होती, क्योंकि टीटीई भी तो बाल-बच्चे वाला है। जान है तो जहान है। पहले बाबाओं के कमंडल में श्राप देने के लिए जल भी नहीं होता था, अब तो पूरी की पूरी सरकार है। थोड़ी भी ऊँच-नीच हुई तो स्टेशन पर मारा-मारी, अफरा-तफरी मच जाने की प्रबल संभावना होती है। इसी बहाने एक धर्म के प्रति सहानुभूति लहर फैल जाती है। ऐसे में वहाँ चुनाव हो जाएँ तो कहने ही क्या।

ऐसा नहीं है कि बाबा बनने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। मेहनत तो करनी पड़ती है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस तरह के बाबा बनना चाहते हैं। सच्चा बाबा बनने के लिए अधिक मेहनत की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके लिए आपको निर्जन, शांत कोना चुनना पड़ता है और लग जाना पड़ता है तपस्या में। कहते हैं सच्चे बाबाओं की साधना ठीक उसी तरह होती है जिस तरह गौतम बुद्ध, महावीर, गुरुनानक, रैदास, कबीर, तुलसी की होती है। यदि आपने इन महानुभावों की तस्वीरों को गौर से देखा है तो ठीक है, नहीं तो आज देख लीजिए। आप देखेंगे उनके कपाल पीछे पीले रंग का बड़ा सा आभा मंडल होता है। ऐसा ही कुछ सच्चे बाबाओं के साथ होता है। जहाँ तक ओरिजिनल से लगने वाले डुप्लीकेट बाबा बनने की बात है तो यह बहुत कठिन और परिश्रम वाला काम है। इसके लिए सबसे पहले आपको देशभर के तीर्थस्थलों का भ्रमण करना पड़ता है। वहाँ के मठों-अखाड़ों में बाबाओं की राजनीति को करीब से देखना पड़ता है। जितना देखोगे उतना समझोगे। देश की असली राजनीति मठों, मदरसों, गुरुद्वारों, गिरजाघरों में ही तो होती है। वहाँ पर मठाधीश बनने के लिए गलाकाट होड़ लगी रहती है। कहने को तो है प्रार्थना का मंदिर लेकिन प्रार्थनाओं से अधिक टाँग खींचने, कान काटने का काम ही अधिक चलता है। सच्चाई तो यह है कि यहाँ मठाधीश बनने से आसान देश का प्रधानमंत्री बनना है।

बाबा तो बाबा होता है। फिर चाहे वह किसी भी क्षेत्र में जाए अपनी आध्यात्मिक छवि से सबको प्रभावित किए बिना नहीं रह सकता। यही कारण है कि मीडिया या पुलिस कोई भी इनके पास जाने से पहले लाख बार सोचता है। यदि वे व्यवसाय में जाते हैं तो इनके द्वारा बनाए सभी उत्पादों पर आध्यात्म का लेप लगाकर अंध भक्तों को खरीदने पर विवश कर दिया जाता है। स्थिति यह हो जाती है कि फलाँ बाबा जी का उत्पाद न खरीदने पर भक्त के धर्म पर ही सवालिया निशान खड़ा कर दिया जाता है। हमारे देश की खासियत यह है कि यहाँ लोग संविधान से ज्यादा बाबाओं और उनके अंधविश्वासों से डरते हैं। यदि संविधान देश की नियम पुस्तक न होकर धार्मिक ग्रंथ होता तो शायद इसका अमल अच्छे से होता। इतना तो मानना पड़ेगा कि संविधान हमारे धार्मिक ग्रंथों से न्यून है। नहीं तो न्यायालयों में संविधान की बातों का पालन करवाने के लिए धार्मिक ग्रंथों की शपथ थोड़े ही न दिलाते। यदि बाबा राजनीति में आ जाए तो कमाल, धमाल और मालामाल हो जाए। बाबा सत्तारूढ़ होने पर लाख गलत फैसले करे, लेकिन उस पर कोई उँगली उठाने की हिम्मत नहीं करता। क्योंकि उनका सोशल मीडिया ब्रिगेडियर इन सब पर हमला करने के लिए तत्पर रहता है। बाबा अविवाहित होता है। निस्संतान होता है। यही उसकी सबसे बड़ी योग्यता होती है। आज देश की सत्ता पाने का सबसे बड़ा गुरुमंत्र भी यही है। यही कारण है कि आज सांसारिक बंधनों में बंधकर रहने वाले लोग भी अविवाहित रहकर देश का उद्धार करने की बाट जोह रहे हैं।

# मां काली का अपमान

रचनात्मकता बेलगाम नहीं होती। उसकी भी हदें, परिधियां और मायने होते हैं। ऐसा सृजन मौलिक और स्वीकार्य नहीं हो सकता, जो अश्लील, अभद्र और किसी समुदाय की आस्थाओं को आहत करने वाला हो। रचनात्मकता आत्ममुग्धता तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। प्रयोग भी दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए किए जाने चाहिए। यह धार्मिक भावनाओं के उबाल, उन्माद और उत्तेजनाओं का दौर है। देश में आग-सी लगी है। जहर फैलाया जा रहा है। इंसान इंसान को ही मारने पर आमादा है। इस दौर ने सरकलम तक की पराकाष्ठा छू ली है। धमकियां तो चेहरा चमकाने का फैशन बन चुकी हैं। इसी दौरान काली डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर सार्वजनिक किया गया है, जो घोर आपत्तिजनक और अपमानजनक है। पोस्टर में मां काली को धूम्रपान करते दिखाया गया है और एक हाथ में समलैंगिक समुदाय का झंडा थमाया गया है। इस चरित्र चित्रण का मकसद और अभिव्यक्ति के मंसूबे क्या हो सकते हैं? फिल्म निर्देशक लीना मणिमेकलई मूलतः तमिलनाडु की हैं, लेकिन कनाडा में रहती हैं। वह मां काली की संवेदनशीलता और मौजूदा हालात से जरूर वाकिफ होंगी। उन्होंने वृत्तचित्र बनाने से पहले कमोबेश इतना अध्ययन तो किया होगा कि मां काली के देवत्व का क्या स्थान है?

करोड़ों लोगों की आस्था में मां काली दैवीय हैं और उनकी पूजा की जाती है। देवी मां का अपमान किया गया है, तो बहुसंख्यक हिंदुओं को भी अपमानित किया गया है, लेकिन फिर भी हिंदू इतना सहिष्णु है कि किसी ने फिल्मकार का सरकलम करने की धमकी तक नहीं दी है। कनाडा में भी हिंदुओं की आबादी कम नहीं है। प्रतिक्रिया उनमें से भी आ सकती है। सवाल यह है कि मां काली का यह रूप दिखाने में कौन-सी रचनात्मकता निहित है? हिंदू देवी-देवताओं के विकृत, अश्लील रूपांकन भी सामने आते रहे हैं। अपने दौर के प्रख्यात एवं विवादास्पद कलाकार एमएफ हुसैन ने हिंदू देवियों के अश्लील चित्र बनाए थे। मामला इतना गंभीर था कि अदालत को गैर जमानती वारंट जारी करने पड़े। सरकार ने तो उन्हें देशनिकाला ही दे दिया। जिंदगी के आखिरी पड़ाव में उन्हें कतर सरीखे इस्लामी देश में शरण लेनी पड़ी। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन ऐसी कला विकृत मानसिकता की अभिव्यक्ति ही हो सकती है। कला स्वान्तः सुखाय ही नहीं होनी चाहिए। काली डॉक्यूमेंट्री का संदर्भ ताजा है, लेकिन पीके फिल्म में हिंदू भगवानों पर अपमानजनक टिप्पणियां कराई गई थीं। आमिर खान ने वह किरदार निभाया था।

लूडो फिल्म में हिंदू देवी-देवताओं को सड़क पर नाचते दिखाया गया और अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया। एक वेब सीरिज तांडव में भी हमारी आस्थाओं का मजाक उड़ाया गया। हैरानी है कि काली के संदर्भ में बॉलीवुड के तमाम महानायक और सुपर स्टार खामोश हैं। हमारा ही मजाक उड़ाते हैं और हमीं से करोड़ों रुपए के मुनाफे कमाते हैं! क्या विरोधाभास है, कैसी दयनीय स्थितियां हैं हिंदुओं की! यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। जो हमारी आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं, उनका बहिष्कार करो! हालांकि फिल्मकार और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ देश के कई हिस्सों में पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं। यह सिर्फ कानूनी औपचारिकता है। कनाडावासी के खिलाफ दिल्ली-उप्र पुलिस का क्या अधिकार-क्षेत्र हो सकता है और वह कितना प्रभावी होगा? कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने अपना विरोध दर्ज कराया है, लेकिन टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के आयोजकों ने फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है और न ही डॉक्यूमेंट्री पर पाबंदी थोपी है। हमारा मानना है कि भारत सरकार के स्तर पर सख्त विरोध दर्ज कराया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री से बात करें कि भारत में मां काली की क्या धार्मिक, सांस्कृतिक प्रतिष्ठा है। यदि हमारे देवी-देवताओं और भगवानों के सम्मान सुरक्षित नहीं हैं, उनकी गरिमा को बार-बार दागदार किया जा रहा है, आम आदमी की आस्थाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है, तो फिर महान देश के तौर पर भारत को कौन स्वीकार करेगा? विश्व-गुरु बनने के बयान तो महज अखबारी साबित होते रहेंगे। यह हिंदुओं की आस्था का सवाल है, अतः इससे खिलवाड़ की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# भाजपा की सिद्धि

भाजपा फिर से जीतने के मनोबल को हैदराबाद की बैठक में साहसिक भी बनाती है। जीत अगर भाजपा की सिद्धि है, तो हिमाचल की बिसात पर नए खेल, नई रणनीति और नए चमत्कार पैदा करने की हिम्मत भाजपा कर रही है। भाजपा आक्रामक है और विपक्षी आलोचना की छोटी से मक्खी भी नाक पर बैठने नहीं दे रही। इसके मुकाबले कांगड़ा का रोडमैप वादे कर रहा है। ओल्ड पेंशन स्कीम, मनरेगा की दिहाड़ी को बढ़ाकर 350 रुपए तथा पुलिस भर्ती से लीक हुई विश्वसनीयता पर कांग्रेस जोरदार प्रहार कर रही है, लेकिन भाजपा एक परिदृश्य बना रही है। यह परिदृश्य समूचे राष्ट्र से गायब होती कांग्रेसी छवि और राजनीतिक घटनाक्रम से घटती प्रासंगिकता का जिक्र है। महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे सरकार का पतन भाजपा के अजेय फामूर्ले में एक और इजाफा करता है। यह गणित हर राज्य में अलग है, तो हिमाचल में कांग्रेस को शिकस्त देने के लिए भाजपा को ऐसा नया करना है जो सारा रिवाज बदल दे। जाहिर है हिमाचल की अपनी राजनीतिक परंपराएं, विषय, मुद्दे, मकसद और मतदाताओं के स्वभाव रहे हैं।

देखना यह होगा कि मतदाता इस बार प्रदेश और राष्ट्र को एक साथ देखता है या विधानसभा चुनावों में केवल हिमाचल को ही देखता है। अलग तरह की भूमिका में सोशल मीडिया और इसका इस्तेमाल, एक ऐसा वर्ग तैयार कर रहा है जो आपसी नफरत के बीच एक अनूठी सहमति के द्वार खोल देता है। रोजाना सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और उसके निशाने पर आ रहे लोग, यह साबित कर देते हैं कि कहीं एकतरफा खड़े होने के लिए मानसिक काफि ला तैयार हो चुका है। यह काफि ला अगर नूपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला की छवि को गिरा सकता है, तो चुनाव आने तक कितना विरोध बचेगा या कितने अहम लोगों पर प्रहार हो चुका होगा, कौन जानता है। कम से कम भाजपा अपनी चुनावी रथयात्रा से यह तो साबित कर ही रही है कि उसके मैदान पर ही चुनाव होने लगे हैं। दूसरा यह भी कि हर चुनाव में भाजपा खुद को प्रोत्साहित और विपक्ष को आशंकित करने का माद्दा रखती है। यहां अंतर मतदाता और प्रशंसक में भी पैदा होता है। मतदाता को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में डालकर भाजपा अपने इर्द-गिर्द प्रशंसक खड़े कर रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्प्लेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-148 मिर्जेल सिटी, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/78772 नोट- सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

# ग्रामीण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



पहल टुडे

पुरंदरपुर महराजगंजः फरेंदा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा मनीकौरा में गुरुवार को ग्रामीण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संजू चौधरी हल्का लेखपाल देवेंद्र पटेल सहित अन्य जिम्मेदार पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं सुना।साथ ही उनकी समस्या को दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कुल 10 मामले आए। जिसमें सभी मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से वरासत, घरौनी, राशन कार्ड के साथ ही स्वास्थ्य समस्याओं को भी दूर करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर पंचायत सहायक पूनम, रोजगार सेवक अजय कुमार, आशा प्रेमलता ,सफाई कर्मचारी अर्जुन प्रसाद , शक्तिधर शर्मा , बबीता, कोटेदार रामभुवन, लालमति, कौस कुमार चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# मंत्री ने बांध सहित विभिन्न तटबंधों का किया निरीक्षण , दिया आवश्यक निर्देंश

## किसी भी गांव या गरीब का न हो नुकसानः स्वतंत्र देव

पहल टुडे



**महराजगंज।** कैबिनेट मंत्री जलशक्ति विभाग स्वतंत्रदेव सिंह ने ए-गैप और बी गैप बांध सहित विभिन्न तटबंधों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बांध, बी गैप बांध के ठोकर 09, 12 व 13 और नेपाल बांध के स्पर संख्या 05 का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सईएन सिंचाई बाढ़ खंड से बाढ़ से बचाव हेतु 2022 में किये गए कार्यों की जानकारी ली। तटबंधों की सुरक्षा हेतु उठाये गए उपायों के बारे पूछा और निर्देश दिया कि बाँधों की सुरक्षा हेतु बोल्डर बिछाने और पॉरक्यूपाईन बिछाने का काम मानक के अनुसार निर्धारित सीमा में पूर्ण कर लें। अपूर्ण कार्यो को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने कहा कि गंडक नदी पर किये जा रहे बाढ़ से बचाव संबंधी कार्य सिर्फ जनपद के लिए ही नही बल्कि हमारे पड़ोसी और भाई नेपाल राष्ट्र के लिए भी बेहद अहम हैं। इसमें किसी स्तर पर कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि किसी गाँव व गरीब का नुकसान नही होना चाहिए और सिंचाई विभाग इसको सुनिश्चित करे।

मंत्री से नवलपरासी के स्थानीय नागरिकों ने बाँध उच्चीकरण का अनुरोध किया, जिसपर मंत्री द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार के समक्ष उनकी बात रखने का आश्वासन दिया गया। कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत मेयर नवलपरासी ने किया। जबकि सीडीओ नवलपरासी ने नवलपरासी में आने और बाढ़ कार्यों के निरीक्षण और जरूरी निर्देश के लिये धन्यवाद देते हुए स्मृतिचिन्ह भेंट किया। मंत्री ने भी नेपाल सरकार को धन्यावद ज्ञापित किया।

निरीक्षण से लौटते हुए मंत्री ने झुलनीपुर सेमरहना टोला स्थित मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के रेगुलेटर का निरीक्षण किया और रेगुलेटर की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेगुलेटर पर तैनात कर्मियों की संख्या की भी जानकारी ली और सभी को ईमानदारीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। उनके द्वारा पश्चिमी गंडक नहर झुलनीपुर पर जल पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया।

जनपद में जगह-जगह स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने मंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान विधायक सिसवां प्रेम सागर पटेल, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एक्सईएन सिंचाई बाढ़ खंड राजीव कपिल, उपजिलाधिकारी निचलौल सत्यप्रकाश मिश्रा, सीओ निचलौल सुनील दत्त दूबे समेत अन्य संबंधित अधिकारी व अन्य और उपस्थित रहे।

फास्ट ट्रैक

## धुम धाम से मनी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती



रूद्रपुर देवरिया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 121वें जन्म जयंती रूद्रपुर नगर के इमाम वाड़ा चौराहा पर सभासद जितेन्द्र गुप्ता के आवास पर मनाया गया जहा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया गयाकार्यक्रम में पकड़ी मंडल अध्यक्ष शकमलेश सिंह नगर महामंत्री एवं सभासद जितेंद्र गुप्ता जी, पूर्व नगर अध्यक्ष एवं सभासद श्री सुनील गुप्ता जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह जी, पकड़ी मंडल महामंत्री ऋषि सिंह , शक्ति केंद्र संयोजक उत्तम सिंह भाजपा नेता श्री प्रभाकर पाण्डेय बूथ अध्यक्ष श्री चंद्रदेव राव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान योजनान्तर्गत खरीफ फसल में प्रतियोगिता हेतु करें आवदेन

देवरिया। उप कृषि निदेशक राकेश कुमार ने बताया है कि कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता के उत्तरोत्तर वृद्धि में गति प्रदान करना समय की आवश्यकता है। जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकतम वृद्धि करने हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना की अहम भूमिका होती है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष 2022-23 में खरीफ फसल में कृषक निर्धारित तकनीकी बिन्दुओं का ध्यान रखते हुए खेती करके अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें। गुणवत्ता / प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें। जैविक उर्वरक का प्रयोग करें ।समय से खरीफ फसलों की बुवाई लाइन में करें। खरीफ बीजों में बीज शोधन एवं भूमि शोधन अवश्य करें। मृदा परीक्षण के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करें। खरपतवार /कीट एवं व्ययाधि रोगों का नियंत्रण समय से करें। फसल बीमा कराने वाले कृषकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। किसान सम्मान दिवस हेतु 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति / जनजाति का रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। लघु एवं सीमान्त तथा महिला कृषकों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करावे । उपरोक्त को ध्यान में रख कर खेती करने वाले कृषक किसान सम्मान योजनान्तर्गत खरीफ फसल में प्रतियोगिता हेतु आवेदन पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क 10/-रू0 जमा कर 22 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन उप कृषि निदेशक, देवरिया के यहाँ अवश्य करा लें, तदुपरान्त अधिकारिक तौर पर सक्षम कर्मचारी / अधिकारी के द्वारा क्राप कटिंग कराकर परिणाम बन्द लिफाफें ( गोपनीय ) में जिला स्तर पर उप कृषि निदेशक कार्यालय में ससमय जमा किया जायेगा। परिणाम में सर्वोच्च उत्पादन प्राप्त करने वाले दो कृषक को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माननीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर प्रदान किया जायेगा।उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील किया है कि ये उपरोक्त का ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराये एवं उत्पादन प्राप्त करके पुरस्कार का लाभ उठायें।

## डिमांड आधारित कौशल का मिले प्रशिक्षणःडीएम

### कौशल विकास केंद्रों पर विदेशी भाषाओं का भी दिया जाए प्रशिक्षणःडीएम

### जिलाधिकारी ने की जिला कौशल समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

देवरिया ।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कौशल समिति एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाजार की मांग आधारित कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत व्यक्ति को रोजगार मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा की कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाए। भारत सरकार का कई देशों के साथ कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए समझौता है। ऐसे में यदि लोगों को उन देशों की भाषाओं और वहां कि संस्कृति के विषय में प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जाए तो उन्हें विदेशों में रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी।

# श्रावण माह में पड़ने वाले त्योहारों के मद्देनजर कोल्हुई में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

### एसडीएम फरेन्दा रामसजीवन मौर्य व एसडीएम नौतनवा दिनेश मिश्रा व सीओ फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्र भी रहे मौजूद

पहल टुडे



**आनंदनगर,** महराजगंजःकोल्हुई थाना परिसर में एसडीएम फरेन्दा रामसजीवन मौर्य व एसडीएम नौतनवा दिनेश मिश्रा व सीओ फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में प्रभारी थानाध्यक्ष गंगाराम यादव द्वारा शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें सभी समुदायों के धर्मगुरुओ और संभ्रांत लोगों के साथ वार्ता कर सभी को आपसी सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में दोनो एसडीएम ने बकरीद के दृष्टिगत मस्जिदों व ईदगाहों और श्रावण मास के दृष्टिगत मंदिरों व शिवालयों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रस्तवित मार्गों को चिन्हित करते हुए तैयारी को सुनिश्चित करें।वही सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की अराजकता फैलाने वाले वीडियो और संदेशों को फैलाने से बचें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी को आगामी त्यौहारों के लिए बधाई व शुभकामना दिया।

बैठक में सीओ ने जनपद की शांति को बनाये रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों और धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनपद की छवि शांतिपूर्ण जनपद की है फिर भी उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों और अन्य लोगों से अपील है कि यदि कहीं कोई अप्रिय घटना होती है, तो सभी समुदायों के लोग मिलकर उसे हल करने का प्रयास करें, न कि उसे तूल दें। उन्होंने सभी अधिकारियों से त्यौहारों के दृष्टिगत तैयारी रखने और अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज दुर्गेश वैश्य, उपनिरीक्षक शाकिर सिकंदर, उपनिरीक्षक संदीप यादव, ग्राम प्रधान दिनेश त्रिवेदी, ग्राम प्रधान बबलू चौबे, ग्राम प्रधान रामकेश प्रजापति, ग्राम प्रधान प्रभाकर द्विवेदी, ग्राम प्रधान अशोक त्रिपाठी, ग्राम प्रधान बसंत गुप्ता, सेराज खान, ग्राम प्रधान पप्पू खान, सहित क्षेत्र के सभी समाज के व्यक्ति मौजूद रहे ।

## प्राथमिक विद्यालय परिसार में किया पौधरोपण



### स्वस्थ जीवन के आधार है पेड़ पौधेः राजनंदनी

भिटौली, महराजगंज। शासन के मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में पौध रोपण महा अभियान चल रहा है इसी क्रम में विकासखंड परतावल अंतर्गत ग्राम सभा धर्मपुर में ग्राम प्रधान राजनंदनी द्वारा प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान राजनंदनी में कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के मूल आधार है। इनकी सुरक्षा कर हमें पर्यावरण को मजबूत रखने की आवश्यकता है। ताकि हम सभी को स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण का लाभ मिलता रहे। घटते हुए पेड़ पौधों की संख्या आने वाली पीढ़ी एवं वर्तमान परिवेश के लिए चिंता का विषय है सरकार अपने स्तर से भरपूर कोशिश एवं प्रयास कर रही है हम सभी को भी इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेते हुए अत्याधिक पौधरोपण कर धरा की खूबसूरती एवंश्रृंगार में अमूल्य योगदान करना चाहिए।

# नवागत ई ओ ने नगर की सफाई का सफाई नायको से जाना हाल



### कहां - 15 जुलाई तक हर हाल में नगर के सीवर व नालों की सिल्ट की सफाई हो

पहल टुडे / मनोज रूंगटा ब्यूरो चीफ

रुद्रपुर देवरिया शासन के निर्देश में स्वच्छता अभियान के क्रम में मानसून के पूर्व न नाला नाली व सीवरों के सफाई के कड़े आदेश क्रम में नवागत ई ओ कमलेश शाही ने सफाई नायकों से रुद्रपुर के सीवर व नालो की सफाई का हाल जानाऔर कहा कि हर हाल में बरसात के पूर्व नालों की सफाई 15 जुलाई तक हो जानी चाहिए जिससे बरसात का पानी सड़क पर न लग सके गुरुवार ई ओ कमलेश शाही ने नगर के सभी सफाई नायको की बैठक ली बैठक में वार्ड वाइज लगे सफाई नायको को से कुड़ा तथा नाली नाला के सिल्ट के सफाई के बाबत पूछताछ की और कहा कि शासन के निर्देश पर 15 जुलाई तक सभी नाला नाली सफाई हो जानी चाहिए प्रतिदिन सफाई का फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर फोटो डालना होगा

उन्होंने सफाई नायको की समस्याओं को सुना और कहा कि सफाई कर्मी के साथ मीटिंग कर समस्या का निदान करेंगे

# अ.भा.म.वैश्य समाज के प्रदेश राजनैतिक प्रकोष्ठ के संयोजक वने सुवाष चन्द मद्धेशिया



पहल टुडे / मनोज रूंगटा ब्यूरो चीफ

रूद्रपुर देवरिया रुद्रपुर नगर के निवासी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चंद्र मद्धेशिया को अखिल भारतीय मद्देशिया वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उनके ईमानदारी व स्वजातीय बंधुओं को एक धागे में पिरो कर चलने पर अखिल भारतीय मद्देशिया वैश्य समाज के उत्तर प्रदेश का राजनैतिक प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है

उत्तर प्रदेश का राजनीतिक प्रकोष्ठ के संयोजक बनाए जाने पर सुरेश मद्धेशिया उर्फ आल्हा प्रदीप निगम रमाकांत साहनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिकन्दर यादव विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक यादव असगर अली हसनैन सहादत हुसैन अशोक मद्धेशिया योगेश सुरेंद्र सुरेश अरुण बबलू तारकेश्वर मद्धेशिया डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता घनश्याम गुप्ता डॉक्टर विजय कान्दू आदि लोग ने वधायी दी

## कट्टा लहराते वायरल वीडियो वाले युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर नगर के पकड़ी वार्ड में पंडा समाज में मांगलिक कार्यक्रम था जिसमें युवक व उसके दोस्त आए थे जहां उक्त युवक का कट्टा लहराते वीडियो वायरल हुआ था जिसमें पुलिस ने छानबीन कर मोबाइल को सर्विलांस नंबर पर लगा कर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जानकारी के अनुसार पकड़ी वार्ड में एक मांगलिक कार्यक्रम था जिसमें बाहर से भी कुछ दोस्त आए थे जहां उक्त वार्ड का ही निवासी का एक वीडियो कट्टा लहराते हुए वायरल हुआ था जहां पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच पड़ताल में पुलिस ने युवक का मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर कट्टा लहराते युवक धीरेन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है हालांकि हमारा पेपर वायरल वीडियो का पुष्टि नहीं करता

## मां-बेटी को झांसा दे नकली गड्डी के वदले जेवरात लेकर चलते बने ठग

मनोज रूंगटा ब्यूरो चीफ

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर नगर के सरकारी अस्पताल परिसर में दो ठगों ने मां-बेटी को झांसा दे नकली नोट की गड्डी पकड़ाते हुए उसके जेवरात लेकर फरार हो गएपीड़ित सुदामा देवी पत्नी विकाऊ निषाद ग्राम कोइलगड़हा ने रुद्रपुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मैं गुरूवार की सुवह अपने लड़की निवासी नकइल चंदा देवी के साथ मार्केट करने आई थी जहां धूप की वजह से अस्पताल परिसर में पेड़ के नीचे बैठी थी इतने में दो युवक आए और मुझे झांसा देकर 35हजार की एक गड्डी देकर हमसे मंगलसूत्र व जिऊतिया तथा दो हजार नगद लेकर फरार हो गए जहा रुपए की गड्डी नकली निकला

## पर्यावरण को हरा भरा व स्वच्छ रखने के लिए पौधा रोपड़ जरूरी



पहल टुडे / मनोज रूंगटा ब्यूरो चीफ

रूद्रपुर देवरिया अमृत महोत्सव के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपड़ अभियान के तहत श्री दुग्धेश्वरनाथ जनकल्याण समिति द्वारा बाईपास रोड़ अर्जुन का पौंधा लगा कर वृक्षा रोपड़ किया गयासमिति के अध्यक्ष शिव हरी त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष रमेश जयसवाल कहा कि आज पेड़ों के कट जाने से वातावरण प्रदूषित हो गया जिससे तमाम तरह तरह की बिमारियां हो रही है जिससे मनुष्य को कृत्रिम आक्सीजन का सहारा लेना पड़ रहा है पेड़ पौधे से प्रकृति प्रदत्त आक्सीजन प्राप्त होती है जो स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है वर्तमान परिवेश में प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे वातावरण प्रदूषित न होने पाए।

## नहाने गए वुर्जुग की नदी में डूबने से हुई मौत

रुद्रपुर देवरिया रूद्रपुर नगर के मल्लाह टोली निवासी छेदी उम्र 70 वर्ष कि गुरुवार को प्रातः वथुआ रिवर फ्रन्ट पक्का घाट पर नहाते समय डूबने से मौत हो गई जिसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भिजवाया मौके पर वुर्जुग का चप्पल व कपड़ा मिला

# गौ सेवा से शुरू होती है बहराइच के डीएम डॉ.दिनेश चंद्र के दिन की शुरूवात

### इनकी कामयाबी का राज जनता की सेवा और गौ माता का आशीर्वाद !

पहल टुडे / राजीव शर्मा



बहराइच/ गायों की सेवा करो, रोज नवाओ शीश खुश होकर देंगी तुम्हें, वे लाखों आशीष, जी हाँ इन्हीं संस्करों से भरे भाव से ओतप्रोत इनसे मिलिये ये हैं बहराइच जिले के कलेक्टर डॉ.दिनेश चंद्र।अपनी दिन चर्या में तमाम प्रशासनिक दायित्वों को निभाने के साथ साथ अपनी माँ से मिले संस्कार को आत्मसात कर हर दिन की नई शुरूआत गौ माता की सेवा से करते हैं बहराइच के जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र। गौ सेवा और गौ रक्षा की भावना से प्रेरित कलेक्टर डॉ.दिनेश चंद्र कभी भुसादान अभियान चलाने में सबसे आगे खड़े मिलते रहे तो कभी नेपियर घास की जिले के विभिन्न इलाकों के फार्म में बुवाई शुरू करने के प्रयासों के अभियान को गतिशील करने में।एक तरफ जब सरकार और सरकार की मशीनरी भी आवारा पशुओं को लेकर संजीदा हुई हो और पशु पालकों से अपने दुधारू पशुओं को नियम विरुद्ध खुला न छोड़कर उनके संवर्धन के प्रयासों में लगी हो तो गौ सेवक कलेक्टर की ये तस्वीर आवाम और पशु पालकों को सकारात्मक सोंच जागृत करने को प्रेरित कर रही है।

संस्कारों में भी गौ सेवा का अपना स्थान है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हर दौरे में सर्व प्रथम गौ सेवा करते हुए अक्सर दिखाई देते है यही नही सुबह की शुरूआत जहां एक मुख्यमंत्री की भी गौ सेवा से होती है उसी तरह बहराइच के कलेक्टर भी गौ सेवा करते अक्सर दिखाई देते है। गौ सेवा से जिले के कलेक्टर डॉ.दिनेश चंद्र को जहां आवाम के साथ जुड़कर प्रशासनिक दायित्व निभाने की सकारत्मक ऊर्जा मिलती है वही लाखों किसानों और नौजवानों को गौ सेवा की सीख भी तो कुछ इस तरह है बहराइच के कलेक्टर डॉ. दिनेश चंद्र।

## अफवाह फैलाने व शान्ति भंग का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगीः- डीएम

# त्यौहार उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति से मनायेंः-अविनाश कुमा

### उप जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकाली जायेगीं:- डी0एम0

### शहर के मोहल्लों एवं गांव के मजरों में बीट सिपाहियों की गस्त बढ़ायी जायेगी:- पुलिस अधीक्षक

### कांवर यात्रा से गुजरने वाले मार्गो पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जायेगा:- राजेश द्विवेदी

पहल टुडे



हरदोई, पुलिस लाइन सभागार में आहूत पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित धर्म गुरूओं, उद्योग व व्यापार संगठन के पदाधिकारी, समाज सेवी एवं सम्भ्रात लोगों से कहा कि बरीद के अलावा अन्य सभी पर्व व त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति के साथ मनायें।

उन्होने कहा कि त्यौहारों पर जनपद में शान्ति बनाये रखने हेतु अपने गांव तथा मोहल्लों में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति के बारे में जानकारी रखें और संदिग्ध व्यक्ति मालूम होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्यौहारों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरी नजर रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा तथा किसी तरह की अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बरीद पर व्यापक सफाई व्यवस्था रहेगी और पेयजल एवं विद्युत सप्लाई नियमित कराई जायेगी।उन्होने कांवड़ यात्रा के सदस्यों से कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार कोई भी कावंड़ यात्रा उप जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही निकाले और कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकाली जायेगीं तथा कोई नयी परम्परा नही की जायेग साथ ही डीजे पर निर्धारित आवाज में केवल भक्ति गीत ही बजाये जायेगें।

जिलाधिकारी ने उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि अपने माध्यम से क्षेत्र के लोगों बताये कि विगत वर्ष जो लोग कोरोना से गंभीर रूप से बीमार हो चुके है वह कांवड़ यात्रा न करें और आस्था प्रकट करने के लिए पास मंदिर में ही पूजा पाठ करें।उन्होने उपस्थित सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करें और बताये कि इससे गंदगी होने के साथ ही नाली-नालों में फस जाने से जल निकासी में अवरोध होने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर सफाई, पेयजल एवं विद्युत सप्लाई की समस्या होने पर संबंधित ईओ को फोन करें। उन्होने कहा कि कांवड़ यात्रा के मार्गो का निरीक्षण कराया जा रहा है और खराब सड़कों को ठीक कराया जायेगा और कांवड़ यात्रा मार्गो पर कांवड़ यात्रियों को ठहरने हेतु शिविर लगाने के साथ पेयजल

फास्ट ट्रैक

## दो बाईकों की टक्कर में तीन घायल, एक की स्थिती गंभीर

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के गोला कौड़ीराम मार्ग पर चिलवां पुल के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गयें। आसपास उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायलों को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी गोला लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुर निवासी 24 वर्षीय सोमनाथ पुत्र जयराम नौकरी के लिए बाहर कही जा रहा था जिसे कौड़ीराम छोड़ने के लिए 24 वर्षीय राहुल चौधरी पुत्र नागेन्द्र चौधरी बाईक से लेकर जा रहा था अभी वह चिलवां पुल के पास धौरहरा मोड़ के पास पंहुचा ही था कि गोला की ओर जा रहे बाड़ेपार निवासी 26 वर्षीय राकेश यादव पुत्र जितेन्द्र यादव के बाईक से आमने सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो कर गिर गये। बाईक चला रहे दोनो लोग राकेश यादव के सर में चोट के कारण वहीं बेहोश हो गया। जबकी राहुल चौधरी के जबड़े आदि में गंभीर चोट आई। जबकी सोमनाथ को कोई गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना को देख आसपास के लोगों ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस व 108 नंबर पर एंबुलेंस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी गोला पंहुचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद राकेश व राहुल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकी सोमनाथ को सीएचसी पर रोक लिया। अचेता अवस्था में राकेश को जिला अस्पताल भेज दिया गया परंतु परिजन राहुल को बड़हलगंज के निजी अस्पताल लेकर गये।

## क्षमता से अधिक कनेक्शन, रात भर कटौती, सुबह होते ही ट्रांसफार्मर जला

गोरखपुर। पादरी बाजार विद्युत उपकेन्द्र के अधीन जंगल धूसड़ फीडर के पूजा नगर कालोनी में 10 केवी के छोटे ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। क्षमता से ज्यादा कनेक्शन होने के कारण महीने में एक से दो बार बिजली बिगड़ती व बनती रहती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मंगलवार दिन से लगायत रात भर बिजली की आंख मिचौली चलती रही। बुधवार सुबह होते ही ट्रांसफार्मर भी जल गया। शिकायत करने गए लोगों को बताया गया कि अवर अभियंता का तबादला हो गया है। लिहाजा आन लाइन शिकायत दर्ज करवाई जाए तभी जला हुआ ट्रांसफार्मर बदल पाएगा। कुछ उपभोक्ताओं ने भी दर्ज करा दिया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में पादरी बाजार विद्युत उपकेन्द्र के उप खंड अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि अवर अभियंता एके सिंह का तबादला हो गया है। जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए मैनुअली शिकायत दर्ज कराई गई है। गुरुवार तक जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की संभावना जताई है। आगे उन्होंने बताया कि रिवैंप योजना के माध्यम से 10 केवी के स्थान पर 25 अथवा 63 केवी की क्षमता वृद्धि कराई जाएगी।

## बांसगांव में अधिवक्ताओं ने शुरू किया अनिश्चितकालीन हड़ताल

गोरखपुर। गगहा व खजनी थाने को वाह्य न्यायालय बांसगांव से सम्बद्ध करने की मांग को लेकर बुधवार से अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकालीन कलम बंद बहिष्कार आंदोलन शुरू कर दिया गया है। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्यों से विरत हो जाने के कारण दीवानी तथा तहसील के न्यायालयों में मुकदमों के पत्रवालियों की सुनवाई ठप पड़ गयी है जिससे वादकारियों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। पत्रवालियों में जनरल डेटिंग की जा रही है। वादकारियों को अगली तारीख की सूचना लेकर मायूस वापस लौट जाना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं के हड़ताल के कारण न्यायालयों में नये वादों को दाखिल करने का काम भी बंद हो जाने से जरूरतमंदों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पूर्व सैनिकों सहित भाजपा कार्यकताओं ने किया पौधरोपण

पहल टुडे

कुशीनगर सरकार के आह्वान पर प्रदेश व्यापी हुए पौधरोपण कार्यक्रम में जिले के पूर्व सैनिकों ने भी अपनी हिस्सेदारी निभाई। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले संगठन के मंत्री कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी की अगुवाई में पूर्व सैनिकों ने लगभग 300 पौधों का रोपण पडरौना रामकोला मार्ग पर दोनो किनारों पर किया। इस दौरान कैप्टन शमसुद्दीन, जगन्नाथ, यशोदानंद सिंह, राम अशीष, अनिल सिंह, उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, नियामत खान, भागवत प्रसाद, नथुनी प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री नवनीत तिवारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम मे पड़रौना नगरपालिका क्षेत्र में जुड़े गांव अहिरौली दीक्षित में युवा कार्यकताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसमें संदीप मिश्रा, अनुज चौहान, हिमांशु दीक्षित, पृथिपाल यादव, अंशु दीक्षित, राजन दीक्षित आदि मौजूद रहे। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी पूनम जायसवाल ने अपनी महिला मोर्चा टीम के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में विभिन्न जगहों पर हिस्सा लेकर विभिन्न पौधों का रोपण किया। उनके साथ गीता, मीरा, आशा, संध्या, रीमा के साथ ही कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



## विदेशों में सनातन धर्म का परचम लहरा रहे पूर्वांचल के भारतीय

- थाईलैंड के साथ मजबूत हो रहा रोटी बेटी का रिश्ता
- अषाढ़ नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर में चल रहा भव्य पूजन अर्चन

पहल टुडे

गोरखपुर। रोजी रोजगार के लिए विदेशों की ओर पलायन करने वाले पूर्वांचल के कामगार देश के लिए विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के साथ सनातन धर्म का भी परचम लहरा रहे हैं। पश्चिमी संस्कृतियों के बीच भी उनका लगाव सनातन धर्म से दूर नहीं है। अषाढ नवरात्रि पर थाईलैंड के दुर्गा मंदिर पर भव्य पूजन अर्चन चल रह है।

पूर्वांचल के गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, मऊ, आजमगढ बलिया, वाराणसी सहित अन्य जनपदों के युवक थाईलैंड, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, सउदी अरब, मलेशिया, इराक, आस्ट्रेलिया सहित अन्य विदेशी मुल्कों में रोजगार कर रहे हैं। इनमें थाईलैंड के साथ रोटी बेटी का मजबूत रिश्ता है। गोरखपुर जनपद के दक्षिण में स्थित बडहलगंज का आधा हिस्सा मिनी थाईलैंड के रूप में विख्यात है। बडहलगंज क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से के गांवों की एक बडी आबादी थाईलैंड में है। यूं तो थाईलैंड अंतर्राष्ट्रीय बाजार के साथ पश्चिमी देश के पर्यटकों के लिए अहम स्थान है मगर यहां रहने वाले अप्रवासीय भारतीय सनानत धर्म को मजबूत कर रहे हैं। थाईलैंड के हिंदू धर्म सभा विष्णु मंदिर हो या रामजानकी मंदिर। यहां निर्मित भव्य दुर्गा मंदिर अप्रवासियों के लिए धरोहर से कम नहीं है। अयोध्या राममंदिर बनने से पूर्व थाईलैंड विष्णु मंदिर में वर्ष 2004 में ही भगवान राम की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इस कार्यक्रम में गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए थे। देवरिया के बरहज दुबौली निवासी तथा थाईलैंड के अप्रवासीय भारतीय मुन्ना दुबे बताते हैं कि दुर्गा मंदिर पर आचार्य पं अनिमेष शास्त्री की देखरेख में प्रतिदिन पूजन अर्चन का आयोजन होता है। विशेष पर्व दिवस पर यहां भव्य आयोजन होता है जिसमें सभी अप्रवासी भारतीय शामिल होते हैं। अप्रवासियों ने आपसी सहयोग से मंदिर को भव्यता प्रदान की है। अषाढ़ नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर में भव्य पूजन अर्चन चल रहा है। मंदिर पर मुन्ना दुबे, आशुतोष राव, शेर शाही, अशोक सिंह, बिंदु राव, अरविंद यादव, लल्लू यादव, अनिल गुप्ता, मनोज वर्मा, सुदामा प्रजापति, संजय निशाद, रानू दुबे, धर्मेंद्र सिंह व आलोक मणि तिवारी द्वारा पूजन अर्चन व भगवती जागरण का आयोजन किया।



## एसएसपी ने दक्षिणांचल के थानों का किया औचक निरीक्षण




- मातहतों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश
- एसएसपी के पहुंचते ही बढ़ी धड़कने, उनके थाने से निकलते ही ली राहत की सांस

पहल टुडे

गोरखपुर। जिले के नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर ने जनपद के दक्षिणांचल के थानों का औचक निरीक्षण किया। और थानों पर जनसुनवाई के लिए नियुक्त पुलिस कर्मियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसएसपी अपने कार्यालय में जनसुनवाई के बाद दोपहर में एसपी दक्षिणी को लेकर दक्षिणांचल की तरफ निकल पड़े। उनके निकलने की सूचना मिलते ही थानों पर व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गयी। एसएसपी सबसे पहले सिकरीगंज थाने पहुंचे। उसके बाद उरूवां थाना और फिर गोला थाने पहुंचे। वहां से निकलने के बाद बांसगांव और फिर बेलीपार थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानो पर बने जनसुनवाई डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण किया गया तथा सम्पूर्ण परिसर को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक एवं व्यवस्थित रखाव, अपराध/अपराधियों के विरुद्ध शख्ती से कार्यवाही करने तथा थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष गण को निर्देशित किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी खजनी, क्षेत्राधिकारी बांसगांव, क्षेत्राधिकारी गोला, प्रशिक्षु उपाधीक्षक/प्रभारी निरीक्षक बेलीपार व अन्य संबन्धित थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष गण मौजूद रहे।

### एसएसपी के पहुंचते ही बढ़ी धड़कने, उनके थाने से निकलते ही ली राहत की सांस

गोला, गोरखपुर। नवागत एसएसपी डा गौरव ग्रोवर के दक्षिणांचल की तरफ निकलने की सूचना मिलते ही थाने पर व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गयी। अपरान्ह चार बजे के करीब एसएसपी का काफिला अचानक थाने पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। उनके पहुंचने पर थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। नये कप्तान के कड़क तेवर के होने के खबर से थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस कर्मियों की धड़कने बढ गई। लेकिन कुछ मिनट में निरीक्षण कर उनके वापस लौटते ही सभी ने राहत की सांस ली।

### एसएसपी ने बांसगांव थाने का किया औचक निरीक्षण

गोरखपुर। नवागत एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने बांसगांव थाने का औचक निरीक्षण किया। एसएसपी के अचानक 5-30 बजे थाने पहुंचने पर अफरा तफरी फैल गयी। उन्होने महिला डेस्क का काम देख रही कांस्टेबल से आज आने वाली शिकायतों की जानकारी कर उसके निस्तारण के सम्बंध में एसएचओ सत्यप्रकाश सिंह से पूछताछ की। एचएचओ के जबाव पर उन्होने संतोष व्यक्त किया।

तत्पश्चात एसएसपी थाना कार्यालय के कामकाज की संक्षिप्त जानकारी कर एसएचओ को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का निर्देश देकर लौट गये। इस अवसर पर एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह, सीओ अंजनी कुमार पाण्डेय, एसएसआई लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, इंस्पेक्टर सुनील निषाद, एसआई राजेश यादव, अखिलेश कुमार, चंदन नरायन आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया शिवमंदिर का निरीक्षण व पौधरोपण



पहल टुडे

**कुशीनगर** आगामी श्रावणी मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी कुशीनगर व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अपने मातहतों के साथ प्राचीन शिवमन्दिर कुबेरस्थान पहुंचकर मंदिर के अंदर व बाहर पूजन के क्रम में शिवभक्तों की सुविधाओ की जानकारी ली और मंदिर परिसर में पर्यावरण संतुलन हेतु पौधरोपण किया। कुबेरस्थान कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जिलाधिकारी कुशीनगर एस राज लिंगम व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जयसवाल लाव लश्कर के साथ गुरुवार को दोपहर में पहुंचे। सर्वप्रथम मंदिर में जाकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद श्रावणी पूजन हेतू आने वाले शिवभक्तों के सैलाब को देखते हुए मंदिर के सेवादार राजकुमार गिरी से शिवभक्तों आने जाने व ठहराव का जायजा लिया। तत्पश्चात वृक्षारोपण पखवारे के क्रम में मंदिर परिसर में दो अदद आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतू संदेश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पडरौना महात्मा सिंह, सीओ सदर कुंदन सिंह, सदर तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, कुबेरस्थान पुलिस आदि सहित विक्रांत मिश्र लेखपाल, आदित्य गुप्ता, पवन वर्मा लेखपाल आदि राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## चौरीचौरा में यूरीनल की भारी समस्या, महिलाओं के लिए परेशानी का सबब

तहसील, थाना, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन समेत सार्वजनिक स्थलों पर नही है युरीनल

पहल टुडे



गोरखपुर। चौरीचौरा में तहसील मुख्यालय, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, पोस्ट आफिस, सहित दर्जनों विद्यालय मौजूद हैं। यहां रोज हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है। लोग अपने गंतव्य को जाने के लिए बस स्टेशन, टैम्पो स्टेशन भोपा बाजार तथा फुटहवाइनार चौराहे आते हैं और अपने सवारी का इंतजार करते हैं। इसी बीच यदि किसी को लघुशंका की आवश्यकता महसूस हुई तो लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी मुसीबत महिलाओं के लिए होती है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन भोपा चौराहा तथा फुटहवाइनार चौराहा अति व्यस्ततम चौराहा है। लेकिन इन स्थानों पर एक भी यूरीनल की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यहां के यात्रियों को यूरीनल के अभाव में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल, हीरामणि यादव, संतोष कुमार जायसवाल, दिलीप निषाद आदि का कहना है कि अति व्यस्त चौराहा होने के कारण यूरीनल की व्यवस्था होना अति आवश्यक है। इसके अभाव में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुरुष वर्ग तो दायें बायें कर के अपना काम निकाल लेते हैं लेकिन सबसे अधिक समस्या महिलाओं को होती है। जिनके लिए कहीं भी सुरक्षित जगह नहीं मिलती है। लोगों ने बस स्टेशन, तहसील मुख्यालय, भोपा बाजार तथा फुटहवाइनार चौराहे पर लोगों की सुविधाओं को देखते हुए शिघ्र यूरीनल लगवाने की मांग प्रशासन से किया है।

### विधायक ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक के खरैला गांव के अमृत सरोवर पोखरे पर सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनीकरण व औद्योगिक समय में पर्यावरण की महत्ता से हम भाग नहीं सकते, इसे स्वीकारना होगा और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण के संतुलन को बरकरार रखना होगा। वही आने वाली पीढ़ी के प्रति हम लोगों का उत्तरदायित्व होगा।

इस अवसर पर पिपरौली बिडीओ अभिषांक निगम, ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, छोटे लाल मौर्या, धर्मराज गौंड, रवि प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान चंद्र कुमार सिंह, ग्राम सचिव नीरज यादव, गिरीश सिंह, संजय सिंह, आकाश गुप्त, परमात्मा सिंह सहित अन्य की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवागत बीईओ ने पदभार ग्रहण किया



गोरखपुर। विकास खंड चरगांवा के नवागत बीईओ श्यामसुंदर पटेल ने ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) चरगांवा कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया शिक्षा निदेशक बेसिक प्रयागराज के आदेश के क्रम में श्यामसुंदर पटेल का श्रावस्ती जनपद से गोरखपुर जनपद के लिए स्थानांतरण किया गया है पदभार ग्रहण करने के बाद बीईओ श्यामसुंदर पटेल ने बताया कि ब्लॉक को शिक्षा के क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए कार्य किया जाएगा

## मत्स्य पालकों को दी गई सरकार के योजनाओं की जानकारी

पहल टुडे



**कुशीनगर** कप्तानगंज ब्लाक सभागार में तहसील क्षेत्र के मत्स्य संचालकों की एक बैठक हुई जिसमें प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जागरूक किया गया। आयोजन को सम्बोधित करते हुए सहायक निदेशक मत्स्य अनंत कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य संचालकों को लाभान्वित करने के लिये हर तहसीलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना को उद्यमिता व व्यवसायिक स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु प्रोत्साहित भी किया जाएगा लघु एवं सीमांत मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने के लिए परियोजना में व्यक्तिगत लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर की सीमा तक लाभ प्राप्त कर सकेगे। वही योजना समूह के माध्यम से संचालित होती है तो यह सीमा 2 हेक्टेयर प्रति व्यक्ति के गुणांक से अधिकतम 20 हेक्टेयर तक निर्धारित है। तहसील क्षेत्र के मछुआ प्रतिनिधि राजेश साहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य मातिस्यकी क्षमता का सतत उत्तरदायी समावेशी और सामयिक तरीके से विदोहन करना है।

योजना के तहत सभी मत्स्य पालक लाभ उठा सकते हैं।

इस दौरान गिरजा शंकर साहनी विजय कनौजिया सूरज साहनी हरिहर निषाद सुरेंद्र साहनी सुनीता आदि लोग मौजूद रहे।

### बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर करें कठोर कार्रवाई : एसएसपी

## नवागत एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने ली पहली क्राइम मीटिंग



पब्लिक को कराएं पुलिस की मौजूदगी का एहसास

पहल टुडे

गोरखपुर। जिले के नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने पहली क्राइम मीटिंग ली। पुलिस लाइंस में आयोजित इस मीटिंग में सभी एसपी, एडिशनल एसपी, सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने पुलिस को साफ तौर पर दो टूक कहा कि अपराध और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

एसएसपी ने कहा कि बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर उनपर प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्राइम पर पूरी तरह से अंकुश लगाए। साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ नियमित पैदल गश्त किया जाए। भीड़-भाड़ वाली जगहों, बाजारों में लगातार गश्त होने से पब्लिक में जहां पुलिस की मौजूदगी का एहसाह होगा, वहीं अपराधियों में पुलिस का खौफ बढ़ेगा। जिससे कि भीड़ भाड़ वाली जगहों पर होने वाली क्राइम की घटनाओं पर अंकुश लगाने में काफी मदद मिलेगी।

एसएसपी ने जिले में अवैध कच्ची शराब पर पूरी तरह पाबंदी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर थानेदारों को हिदायत देते हुए कहा कि अगर कच्ची शराब बिकने की शिकायत मिली तो इसके लिए सीधा थानेदार ही जिम्मेदार होंगे। वहीं, उन्होंने सी-प्लान ऐप/डिजिटल वॉलिंटियर्स के संबंध में पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### भूमि विवाद की सभी सूचनाओं पर करें प्रभावी कार्रवाई

एसएसपी ने कहा कि रूटीन के कामों के साथ पुलिस पाबंदी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर, हिस्ट्रीशीटर और माफियाओं पर पैनी नजर रखते हुए अभियान चलाए। साथ ही ररढ ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और भूमि विवाद से संबंधित सूचनाओं पर दोनो पक्षों को थाना दिवस पर बुलाकर प्रत्येक प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करने के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए।

## प्रधान संघ सरदार नगर ने दिया भूख हड़ताल की चेतावनी

गोरखपुर। चौरी चौरा तहसील क्षेत्र के सरदार नगर के ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष अच्छे लाल साहू कि अध्यक्षता में एक बैठक कर संगठन के पदाधिकारियों ने बीडीओ को सौपा ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले एक साल से मनरेगा में कराये गये कार्यों एवं मैटेरियल के भुगतान न होने पर प्रधानों में भारी आक्रोश व्याप्त है उक्त प्रकरण में यह दूसरी बार ज्ञापन दिया गया ग्राम प्रधानों ने मनरेगा से संबंधित कर्मचारियों के लापरवाही से भुगतान न होने का आरोप लगाया

## पेट्रोल का पैसा मांगने पर पंप कर्मचारी का फोड़ा सर

### गोला थाना क्षेत्र के चंदौली स्थित पेट्रोल पंप पर हुआ मारपीट

पहल टुडे



गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के चंदौली स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारी को तेल का पैसा मांगना मंहगा पड़ गया। पेट्रोल भराने आये मनबढो ने तेल का पैसा मांगने वाले कर्मचारी का सर फोड़ने के साथ पंप पर भी जम कर तोडफोड किया। उक्त घटना की जानकारी तहरीर के माध्यम से पेट्रोल पंप के संचालक ने पुलिस को दे दिया है। वहीं घायल को सीएचसी गोला से प्राथमिक इलाज के जिला अस्पताल भेज दिया गया।

पेट्रोल पंप संचालक फयानाथ यादव ने पुलिस को दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि सुबह 9 बजे करीब बगल गांव कोडरहिया (बसन्तपुर) के दो युवक बाइक में तेल भराने आए तेल भराने के बाद कर्मचारी द्वारा पैसा मांगने पर दोनों दबंग युवक कर्मचारियों को गाली गुप्ता देने लगे। विवाद बढ़ा तो दोनों दबंग गांव के कुछ लोगों को फोन कर बुला लिए करीब एक दर्जन दबंग युवकों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को दौड़ा- दौड़ाकर पीटा जिससे अभिमन्यु यादव का सर फट गया है। हरिश्चंद्र यादव व सुनील यादव घायल हो गए हैं। पेट्रोल पंप पर तेल भराने आए ग्राहकों की चार बाइक तोड़ दिए। पेट्रोल पंप पर भी तोड़ फोड़ किए। काउंटर से एक लाख रुपया निकाल लिए। और जान माल की धमकी देते निकल गए।

# विधायक निर्मल वर्मा, भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा व भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव सहित सभी ने वृक्ष लगाकर दिया हरियाली का संदेश

## भाजपा बिसवां देहात मण्डल की सम्पन्न हुई बैठक

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव



**सीतापुर !** भारतीय जनता पार्टी बिसवां देहात मण्डल कार्यसमिति की बैठक ग्राम पंचायत रामाभारी में संपन्न हुई। विधायक निर्मल वर्मा ने ग्राम पंचायत रामाभारी में वृक्षारोपण कर हरियाली का दिया संदेश।उन्होंने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ,कार्यकताओं एवम ग्रामवासियों को पर्यावरण व वातावरण को संतुलित बनाएं रखने के लिए पांच पांच व्रक्ष लगाने का संकल्प दिलाया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य पूनम मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू सहित सभी पदाधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फाउंडेशन की प्रदेश संयोजक व अधिवक्ता पूनम मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री रमेश कुमार भार्गव दीपू, मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर कश्यप, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, नगर महामंत्री रोहित शुक्ला, महामंत्री खुशीराम मौर्य, छोटे लाल भार्गव महामंत्री, पूर्व ब्लाक प्रमुख मिथिलेश सिंह, मधुकांत मौर्य, सुमेरी सिंह चौहान, राम नरेश सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुख्तार अनीस स्मृति यात्रा का जनपद सीतापुर के सभी प्रमुख स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत

- पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, वरिष्ठ सपा नेता अय्यूब कुरैशी एवम युवा सपा नेता कय्यूम कुरैशी के नेतृत्व में यात्रा का किया गया स्वागत व अभिनंदन।

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव



**सीतापुर !** गांजर के गांधी, पूर्व मंत्री मुख्तार अनीस स्मृति यात्रा का यात्रा का जनपद सीतापुर के सभी प्रमुख स्थानों पर लोंगों ने किया जोरदार स्वागत।


नगरिक अधिकारों की हिफाजत व मुक्कमल बदलाव के लिए सीतापुर लालबाग पार्क में शहीदों को श्रधांजिल देकर जिले के खैराबाद और मानपुर होते हुए देर शाम नगर बिसवां पहुँची। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी के आवास पर यात्रा का पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी व उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर यात्रा में सहभागी लोगो का सवागत किया।मुख्तार अनीस स्मृति यात्रा का भरत पैलेस बिसवां में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अय्यूब कुरैशी एवम युवा सपा नेता कय्यूम कुरैशी व उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया।

यात्रा का नगर के बड़े चौराहे पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव आर पी सिंह ,नागरिक अधिकार संगठन के सचिव हरीशंकर गुप्ता, अधिवक्ता संतोष कठेरिया सहित दर्जनों लोगो स्वागत किया। मुख्तार अनीस स्मृति यात्रा सोशलिस्ट यूनिटी फोरम की संयोजक सादिया खान के कुशल नेतृत्व में आयोजित की जा रही है।ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय महासचिव डॉब्रजविहारी ने कहा मुख्तार अनीस की विरासत को बुलंद करने के मायने है ,आम आदमी के हक अधिकारों को लेकर सड़क से सांसद तक जनता के अधिकारों के लिए आवाज को बुलंद करना। युवाओं को आगे आकर जातिवादी ,साम्प्रदायिक, अवसरवादी राजनीति को इतिहास के कूड़ेदान में फेंक देने के लिए बड़े पैमाने पर सामाजिक ,राजनीतिक अभियान को संगठित करने की।उन्होंने आगे कहा राजनीति धंधेबाजों से समाज में बदलाव नही हो सकता है।उन्होंने ने आगे कहा राजनीतिक धंधेबाजों ने राजनीति के मायने ही बदल दिए है।एक साफ सुथरी राजनीति से ही भ्रस्टाचार को जड़ मूल से नष्ट किया जा सकता है।विकास को पारदर्शी ,जन पक्षीय बनाकर युवाओं को सहकारी ग्रामीण उधोगों का निर्माण करता संचालक शक्ति बनाने का है। यात्रा की संयोजक व शोशल यूनिटी फोरम की फाउंडर सादिया खान ने कहा मुक्कमल सामाजिक आर्थिक बदलाव के किये सामाजिक सांस्कृतिक व राजनीति जन आंदोलन को खड़ा करना है।जहां शिक्षित अशिक्षित शहरी और ग्रामीण रोजगार की गारंटी के साथ रोजगार व मनरेगा जैसे कानून का शहरी क्षेत्र में विस्तार किया जाय और इसके साथ श्रम कानूनों पर सही मायने में अमल हो।

फास्ट ट्रैक

# एक देश,एक निशान,एक प्रधान का नारा दिया था डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने : महेन्द्र सिंह यादव

## पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र सिंह यादव ने अपने कार्यालय पर मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121 वीं जयंती।



पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव

सीतापुर ! विधानसभा बिसवां से पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई।पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र सिंह यादव ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण किया।पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि एक देश,एक निशान,एक प्रधान का नारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही दिया था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उनके सपनों को बखूभी साकार करने का काम किया है।उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकत्व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, उसको देश हमेशा याद रखेगा।उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सिद्धांत, आदर्शों एवम राष्ट्रवाद के लिए सत्ता का परित्याग कर भारतीय राजनीति में अपनी अलग पहचान कायम की थी।वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव चरण मिश्रा, पुतान सिंह यादव, मनोज कुमार बाजपेई, केदार यादव, पूर्व प्रधान चंद्र पाल, चंद्रभान गौतम, टॉनिक चंद वर्मा, नागेंद्र यादव, जगत पाल यादव जेपी यादव, कमलेश यादव आदि सभी लोंगों ने भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण किया।

# भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों विद्युत विभाग के खिलाफ बैठे धरने पर



भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अफसरों ने कर्मियों पर ग्रामीणों के घर में घुसकर अभद्रता करने एवं फर्जी मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाया है।गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष कातिल खटियान के नेतृत्व में शामली के खड़ीकरमू स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भाकियू कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों के घरों में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता कर रहे हैं। जिसको लेकर कई बार विरोध भी किया जाता है तो ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं।हाल ही में गांव बलवा व डांगरोल में भी किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए।जब तक किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस नहीं लिया जाता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।इस अवसर पर मैनपाल चौहान, संजीव राठी, योगेंद्र सिंह, राजन जावला, मुन्नवर, असजद तोमर, कंवरपाल प्रधान आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी ने ईद-उल-अजहा के मद्देनजर पुलिस, प्रशासनिक एवं संबंधित अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति के संघ की बैठक



पहल टुडे / फाईज अली सैफी





गाज़ियाबाद।पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी मुनिराज ने ईद-उल-अजहा के मद्देनजर पुलिस, प्रशासनिक एवं संबंधित अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति के संघ एक बैठक का आयोजन किया। आपको बता दें कि इस बैठक में आगामी ईद-उल-अजहा के पर्व को मद्देनजर रखते हुए सभी मस्जिदों के इमाम, मौलानाओं, मुस्लिम धर्मगुरुओं को बुलाया गया और उनसे बातचीत की गई।

इस दौरान जनपद के सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं सभी एएसपी, सीओ, उपनगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी-अपनी बात को रखा और उसपर विचार विमर्श किया गया।इसके अलावा सभी मुस्लिम धर्मगुरुओं ने प्रशासन की बात को गंभीरता से लिया और उसपर अमल करने का आश्वासन दिया। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस-प्रशासन ने भी सभी मुस्लिम धर्मगुरुओं को आश्वासन दिया कि वह अपने ईद-उल-अजहा के पर्व को नियमों के अनुसार अच्छे से बनाएं। एसएसपी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन हमेशा की तरह आपके साथ हैं।उन्होंने कहा कि यदि किसी तरह की कोई दिक्कत या परेशानी उनके सामने आती हैं, जो अपराध की श्रेणी में आ रही हो तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें, पुलिस-प्रशासनिक तत्काल उसपर एक्शन लेगा।

# जलालाबाद में तिकोलाघाट पुल निर्माण कार्य पूरा:जल्द शुरू हो जाएगा आवागमन, टापू के बीच बसने वाले गांवों को मिलेगा लाभ

**जलालाबाद** जनपद के तहसील जलालाबाद के कुछ गांव वहबुल नदी के पार है। और उसके आगे कलान तहसील के गांव पड़ते हैं।गांव के लोगों का वहबुल नदी के कारण आवागमन प्रभावित रहता है।जनता की मांग पर शासन ने तिकोलाघाट पर वहबुल नदी का पुल स्वीकृत किया था।सेतु निर्माण निगम द्वारा बनाया जा रहा पुल का 90% कार्य पूरा हो चुका है और कुछ ही दिनों में पुल जनता के लिए समर्पित हो जाएगा।पुल के लिए अप्रोच रोड बाढ़ के बाद बनाया जाएगा।यह जानकारी देते हुए जेई बद्री प्रसाद ने बताया बाढ़ आने से पूर्व करीब एक दर्जन गांव के लोग तिकोला घाट के नवनिर्मित पुल से आवागमन कर सकेंगे। जिससे जनता को भारी राहत मिलेगी। मतदान बहिष्कार और आंदोलन के बाद हुआ निर्माणजलालाबाद से करीब 8 किलोमीटर दूर बहंगुल नदी पर पुल निर्माण की मांग लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जाती आ रही थी। इसको लेकर ग्रामीणों ने मतदान का भी बहिष्कार किया था और आंदोलन भी किया।

# बाजे बाजे बैंड बाजे केसाथ शांतिपूर्वक निकाली गई शोभायात्रा



सान्डी - दैनिक पहल टुडे सावन सैनी

हरदोई।। सान्डी नगर के प्रसिद्ध मंदिर मा मंगला देवी मैं आज 1 हफ्ते से चल रहे कार्यक्रम मूर्ति स्थापना के लिए पूजा अर्चना के उपरांत आज शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में बैंड बाजा भांगड़ा राधाकृष्ण . हनुमान . शंकर पार्वती . काली माता की झाकी राही मूर्ति स्तपना की मूर्ति . हनुमान जी . गणेश जी का परिवार . दुर्गा माता . सन्तोषी माता . सरस्वती माता को पिकाप डाला पर राखकर नगर मे।घुमाया गया और यजमान रहे पूर्व चेयरमैन दिनेश चन्द्र गुप्ता ने नगर के सभी मंदिरों मे घूम कर पूजन किया शोभा यात्रा मगंला देवी से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर मगंला देवी मान्दिर म सामापन हुई यात्रा से सिओ एस के सिंह व रऊटसहित लगभग पांच थानों की पुलिस पीएसी बल राह मौजूद शोभायात्रा में मंदिर समिति के सदस्य बबला रस्तोगी राजू गुप्ता बबुआ रस्तोगी राजकुमार गुप्ता संजीव गुप्ता अनिल गुप्ता समाज सेवी डिंपल गुप्ता अंशुल गुप्ता देबू गुप्ता शिवू गुप्ता सहित यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तगण रहे मौजूद

# दलीम-बिरयानी का ठेला हटाने को लेकर ठेले वाले पर जाललेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

**दलीम-बिरयानी का ठेला हटाने एवं पुरानी-रंजिश को लेकर किया गया लाठी-डंडों व चाकू आदि से जानलेवा हमला**

पहल टुडे / फाईज अली सैफी





गाज़ियाबाद। मुरादनगर थानाक्षेत्र के चुंगी नंबर-तीन इलाके में दलीम-बिरयानी के कई ठेले लगाए जाते हैं, वहां लोग-बाग बड़े शौक से दलीम-बिरयानी खाने आते हैं। इसी के चलते दलीम-बिरयानी के एक ठेले पर कुछ लोग आए और उन्होंने ठेले वाले से कहा कि वह आगे से यहां ठेला नहीं लगाएगा। जैसे ही ठेले वाले ने इस बात का विरोध किया तो आरोप है कि दबंगों ने उसपर लाठी-डंडों व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें, उसके शरीर और सर पर गंभीर रूप से चोटें आई।

हमले के दौरान एकत्रित भीड़ को अपनी ओर आता देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल ठेले वाले फैजान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर में भर्ती कराया गया हैं। फैजान तीन नंबर चुंगी क्षेत्र का ही निवासी बताया जा रहा हैं। वहीं, घायल फैजान की पत्नी शाहना ने चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी हैं। जिसका नाम मेहताब, साजिद, शहबाज और वसीम बताया जा रहा हैं। इतना ही नहीं, कुछ लोग अज्ञात भी बताए जा रहे हैं, जोकि एक कार में सवार होकर आए थे। पुलिस थाने में दी गई तहरीर के अनुसार मामले की जांच कर रही हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए:-अविनाश कुमार

हरदोई।।आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर की बैठक हुई। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। खनन विभाग को खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिये। पिहानी नगर पालिका को लक्ष्य के अनुरूप रणनीति बनाकर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। गोपामऊ अधिशासी अधिकारी को खराब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट डॉ सदानन्द गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों ने नुक्कड़ नाटय के माध्यम से बताए संक्रमित बिमारियों से बचाव के उपाय

दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई



सुरसा विकास खंड के मॉडल प्राथमिक विद्यालय म्योनी के बच्चों द्वारा गुरुवार को म्यौनी गाँव में जगह जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया।बच्चों ने जन जागरूकता अभियान के तहत पूरे गाँव में कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा हमारे शरीर में संक्रमण कैसे फैलता है जिससे हम लोग बीमार पड़ जाते हैं और इसके बचाव के लिए हम क्या करना चाहिए और व्यक्ति के संक्रमित होने पर हमें डॉक्टर को बुलाकर प्राथमिक उपचार कराना चाहिए।पात्र के रूप में हर्ष और अभिषेक ने ग्रामीण व्यक्ति और उमंग सिंह ने डॉक्टर ,सारिका सिंह व उपमा सिंह ने गृहणी की भूमिका निभाई अप्रांशु ने जागरूक व्यक्ति की भूमिका अदा की बच्चों द्वारा इस प्रकार के जन जागरूकतासंदेश को अभिभावकों ने बहुत प्रशंसा की इस अवसर पर पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, जीत बहादुर सिंह, जगदीश, वीरबहादुर ओमप्रकाश, विद्यायल परिवार के सभी शिक्षक मौजूद रहे।गाँव में बच्चों द्वारा इस अनोखी पहल के लिए लोगों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर की सराहना की।

# खंड विकास अधिकारी व उनके अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के शोषण के खिलाफ प्रधान संघ बिसवां धरना प्रदर्शन करने को हुआ विवश

- **प्रधान संघ बिसवां का ब्लॉक मुख्यालय पर लगातार तीसरे दिन भी धटना प्रदर्शन जारी।**
- **अखिल भारतीय प्रधान संघ बिसवां ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां के माध्यम से भेजा।**
- **तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बिसवां को धरना स्थल पर प्रधान संघ ने सौपा ज्ञापन।**

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव



**सीतापुर !** अखिल भारतीय प्रधान संघ बिसवां के तत्वाधान में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां की अनुपस्थिति में तहसीलदार बिसवां एवम प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बिसवां को ब्लॉक परिसर बिसवां में ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक बिसवां प्रधान संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ब्लॉक परिसर के सभी प्रमुख कार्यालय में अपना ताला लगाकर विरोध व आक्रोश व्यक्त किया।

प्रधान संघ ब्लॉक बिसवां के द्वारा अपनी 6 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में विगत दिवस से अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था।प्रधानों द्वारा खण्ड विकास अधिकारी ब्लॉक बिसवां व उनके अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट किया।

प्रधान संघ बिसवां के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भेजे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ब्लॉक बिसवां में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का बकाया सामग्री का भुगतान वर्ष 2021 - 2022 व 2022 - 2023 सभी ग्राम पंचायतों में कराया जाय।ब्लॉक बिसवां में लम्बित पंचायत भवन व अन्य कार्यों की लम्बित एम बी कराकर भुगतान कराया जाय।

15 वें वित्त व राज्य वित्त कार्यो का 5 लाख तक स्वीकृत करने का अधिकार का खंड विकास अधिकारी / सहायक विकास अधिकारी पंचायत से मुक्त कराया जाय।

## पुलिसकर्मियों के साथ अपराधिक घटना करने के मामले में 8 हुए नामजद, 40 से 50 पुरुष व महिलाओं पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज

# पुलिस चौकी और पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले 11 आरोपी गिरफ़्तार , अन्य की तलाश जारी

पहल टुडे / फाईज अली सैफी




गाज़ियाबाद।लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र के सेवाधाम इलाके में दो पक्षों में किसी बात को लेकर बारात में झगड़ा हो गया था।जिसके बाद एक पक्ष के युवक मोनू शर्मा ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की बात की।जिसके मद्देनजर पुलिस ने तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया था और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही थी। गौरतलब है कि पुलिस के मुताबिक मोनू शर्मा फिर भी अपने समर्थकों के साथ सेवाधाम पुलिस चौकी पर पहुंचा और पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए उसने चौकी का घेराव कर दिया। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस कर्मियों के काफी समझाने के बावजूद भी मोनू शर्मा नहीं माना। आरोप है कि मोनू शर्मा ने चौकी का घेराव करते हुए उसपर धावा बोल दिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इतना ही नहीं, आरोप है कि पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोन तक भी छीन कर तोड़ दिए गए और तो और पुलिस कर्मियों के साथ मार-पीट तक की, जिसमें कई पुलिस कर्मियों के चोटे तक आई हैं। आपको बता दें कि उग्र भीड़ द्वारा फायरिंग करने की भी बात प्रकाश में आई तो घटना का वीडियो देखने के उपरांत भीड़ में मौजूद असलाह धारियों को गिरफ़्तार कर लिया गया। पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की भी बात सामने आ रही हैं। इसके अलावा सरेराह सड़क को भी रोक दिया गया था। जिसके चलते लंबा जाम लग गया था। इस पूरी घटना को लेकर पुलिस ने मोनू शर्मा समेत 8 लोगों को नामजद करते हुए 40 से 50 अज्ञात पुरुष और महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया हैं।

हालांकि, पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया हैं, जिनके नाम मोनू शर्मा उर्फ बाबा पुत्र हरचंद शर्मा, प्रदीप पुत्र लक्ष्मण सिंह, रामपाल सिंह पुत्र विशंभर सिंह, कैलाश नाथ पुत्र जगन्नाथ, महेश पुत्र सुखपाल, उमाकांत पुत्र प्यारेलाल, प्रदीप पुत्र गोरेलाल, शंकर पुत्र मुन्ना, मुकुट पुत्र शंकरलाल, राजकुमार पुत्र कल्लू राम और 11वां दुर्गेश पुत्र राजकुमार निवासी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक डीबीबीएल लाइसेंसी गन समेत दो कारतूस भी बरामद किए हैं। एसपी ग्रामीण ईरज राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बारात में दो पक्षों में झगड़ा हो गया था जिसके बाद एक पक्ष के मोनू शर्मा की ओर से तहरीर दी गई थी। जिसके बाद 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन, फिर भी मोनू शर्मा द्वारा पुलिस पर अपराधिक बल का इस्तेमाल किया गया तथा चौकी पर पथराव, मार-पीट व पुलिस के सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न किया था। जिसके उपरांत इस मामले में 11 लोगों की गिरफ़्तारी की गई हैं। जिसमें, नामजद और प्रकाश में आए अभियुक्त हैं। इसके अलावा एसपी ग्रामीण ने बताया कि जिस समय चौकी का घेराव किया हुआ था उस समय आवश्यक बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर सड़क पर से जाम हटाया गया था तथा जाम को खुलवाया गया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इनको जेल भेज दिया हैं तथा अन्य की तलाश जारी हैं।

# जिन्हैरा में संयुक्त सचिव ने जल जीवन के लिए तालाब का जायजा

पहल टुडे / अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। ब्लाक मारहरा के जिन्हैरा पंचायत में गुरूबार को भारत सरकार के संयुक्त सचिव सुरेन्द्र प्रसाद यादव जल शक्ति अभियान के तहत कराये गये कार्यो का जायजा लेने गांव जिन्हैरा पहुँचे। इस दौरान उन्होंने पोखर सौंदर्यीकरण एवं जल संचयन, कैच द रैन आदि का विशेष रूप से मुआयना किया। पोखर में योजना को देखा एवं उसके तौर तरीके की सराहना की। संयुक्त सचिव के साथ अनाखा साइंटिस्ट बी नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक निर्मल कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। गाँव जिन्हैरा में निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जो भी कार्यक्रम



आयोजित किया जाए, वहां जनसमुदाय को बडी संख्या में आमंत्रित कर उनकों जल संचयन के प्रति जागरूक किया जाये। गांव जिन्हैरा परिसर का पूरा बरसात का पानी तालाब के अंदर जाए, इसकी व्यवस्था की जाए। ताकि जल संजयन अधिक मात्रा में हो सके। समय-समय पर इसकी देखभाल की जाए उन्होंने कहा कि जल संचयन की दिशा में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी। जल संचयन के कार्य को सभी अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में गम्भीरता से लें। जल संरक्षण अभियान केंद्र सरकार के प्रमुख अभियानों में से एक है। इसके बाद वहां पर मौजूद सभी अधिकारियों ने पौधारोपण किया। मौके पर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी यादवेन्द्र सिंह यादव, एडीओ पंचायत सतेंद्र वर्मा, एडीओ एजी महेंद्रपाल वर्मा, बड़े बाबू रफीक मोहम्मद, तकनीकी सहायक जगवीर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश उपाध्याय, कुलदीप निराला, विजेंद्र गांधी, पंचायत सहायक प्रशांत मौर्य, विशाल गोला, रोहित गौतम, सत्यम सिंह, आनंद उपाध्याय, मुनीश उपाध्याय, बबलू शर्मा सुमित निराला आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत 15 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

पहल टुडे

एटा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत परियोजना (1) निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं निवेश हेतु 6.0 हैक्टेयर, (2) बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 04 यूनिट, (3) रियरिंग यूनिट निर्माण हेतु 4.600 हैक्टेयर, (4) 06 टैंक क्षमता मध्याकार रीसकुर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 01 यूनिट, (5) 100 क्यूबिक मीटर क्षमता लघु रीसकुर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 20 यूनिट, (6) बैकयार्ड रीसकुर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम निर्माण हेतु 60 यूनिट, (7) मोटर साइकिल विद आइसबॉक्स क्रय हेतु 26 यूनिट, (8) साइकिल विद आइसबॉक्स क्रय हेतु 24 यूनिट, (9) थ्री-व्हीलर विद आइसबॉक्स क्रय हेतु 01 यूनिट, (10) जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र हेतु 05 यूनिट, (11) कियॉस्क निर्माण हेतु 08 यूनिट, का लक्ष्य जनपद एटा को आवंटित किया गया है, जिस हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आर्मंत्रित किये जाते है।

उन्होंनें कहा कि इच्छुक व्यक्ति जो लाभार्थी अंश लगाने में सक्षम एवं सहमत हों, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल द पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.07.2022 से 15.07.2022 तक कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधित अभिलेख, रु0 100/- के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र, मत्स्य समृद्धि फार्म, जाति प्रमाण पत्र, हस्ताक्षर, ड्राइविंग लाइसेन्स आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवत प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित लक्ष्य की सीमा तक किया जायेगा।

जिन परियोजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं है, उन परियोजनाओं में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों को 60ः तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जातियों को 40ः अनुदान देय है।

अनुदान के अतिरिक्त शेष धनराशि लाभार्थी अंश है जिसे लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधन अथवा बैंक ऋण के माध्यम से व्यय किया जायेगा।

सभी परियोजनाओं में अनुदान बैकइन्डेड है। परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी विकास भवन, एटा स्थित मत्स्य विभाग के कार्यालय एवं विभागीय वेबसाइट अण्पद से प्राप्त की जा सकती है।

## टेज्ड कम्प्यूटर में चार माह का प्रषिक्षण हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति के युवक/युवतियां करें 16 जुलाई तक आवेदन

एटा। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर द्वारा संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु सबप्लान प्रशिक्षण योजानान्तर्गत के प्रथम बैंच हेतु 45 युवक/युवतियों को स्वतः रोजगार हेतु चार माह का प्रशिक्षण कम्प्यूटर टेज्ड में प्रदान किया जाना प्रस्तावित हैं।

उन्होनें कहा कि उक्त प्रशिक्षण में, जिन अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन किया है उन्हें सूचित किया जाता है, कि दिनांक 16.07.2022 प्रातः 12:00 बजे से कार्यालय, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र एटा में चयन हेतु, उनका साक्षात्कार होना सुनिश्चत हुआ हैं। अतः उक्त साक्षात्कार में प्रतिभाग करने हेतु समस्त मूल दस्तावेजो सहित नियत तिथि व समय पर इस कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

फास्ट ट्रैक

## मां काली के विवादित पोस्टर के विरोध में उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। मां काली के विवादित पोस्टर के विरोध में हिंदू एकता संगठन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री भारत सरकार के नाम उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया। फिल्म लीना मनीमेकलाई ने जो मां काली का विवादित पोस्टर बनाया था उसके विरोध में हिंदू एकता संगठन ने उप जिलाधिकारी अलंकार अग्निहोत्री को सूचना एवं प्रसारण मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें लिखा है लीना मनीमेंकलाई फिल्म प्रोड्यूसर ने मां



काली के विवादित पोस्टर को बनाया है सनातन धर्म की देवी काली मां के ऊपर फिल्म बनाई है जिसमें देवी काली मां को आपत्तिजनक सिगरेट पीते हुए दिखाया है इस सारे कृत्य में लीना की पूरी टीम शामिल है जिसमें 12 लोग शामिल हैं इन 12 लोगों द्वारा समस्त सनातन धर्म को मानने वाले बहुसंख्यक हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत की है जिससे समस्त हिंदू समाज में भारी रोष है एवं मानसिक तनाव भी है सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आग्रह है कि इन सभी व्यक्तियों पर कार्यवाही के साथ-साथ यह फिल्म पूरे भारत के साथ विश्व में प्रतिबंधित कराई जाए अगर ऐसा ना हुआ तो हिंदू एकता संगठन उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगा इस मौके पर अतुल लोहार अंकुश कुमार अश्विनी कुमार अनिल प्रधान राजेश वार्ष्णेय मौजूद थे।

# पेड काटते तीन अभियुक्त गिरफ्तार



पेड काटने पर पेड मालिक सहित पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज।

पहल टुडे

जलेसर। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने तीन अभियुक्तों को पेड काटते पकडा पेड मालिक सहित पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर तीनो अभियुक्तों को जेल भेजा। वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेंद्र बाबू दोहरे व कांस्टेबल योगेश कुमार शांति व्यवस्था वह पिकेट ड्यूटी चेक करते हुए मरघट वाली सड़क से होते हुए ग्राम शंकरगढ़ गांव की तरफ जा रहे थे तो डॉक्टर गोकुल के मेडिकल कॉलेज के सामने खेत में खड़े सफेद यूपी (यूकेलिप्टस) के पेड़ों को काटा गया जब खेत मालिक का नाम पता पूछा गया खेत से पत्ती साफ करने वाले तीन व्यक्ति जो मौजूद थे ने बताया कि खेत पेड़ों का कुलदीप मालिक है तथा यह पेड़ हनीफ मेंबर पुत्र जमालुद्दीन निवासी बसंत टाकीज के पास कस्वा जलेसर ने कटवाए हैं मौके पर पत्ती साफ करने वाले एवं लकड़ी काटने वाले तीन व्यक्ति मिले जिनसे नाम पते पूछे गए तो अपना नाम शाहरुख पुत्र हनीफ, राशिद पुत्र मौसम, साजिद पुत्र मौसम निवासीगण ग्राम मकसूदपुर थाना जलेसर एटा बताया जब लकड़ी काटने संबंध में पूछा गया तो बताया हम लोगों ने दो दिन पहले लकड़ी काटी थी आज पत्ती साफ कर रहे थे इसके बाद खेत में खड़े शेष पेड़ों को काटते जब तक आप ने पकड़ लिया वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेंद्र बाबू दोहरे ने बताया कि यह क्षेत्र टी टी जेड क्षेत्र में आता है यहां पर पेड़ों को काटना पूर्णता प्रतिबंधित है और इस क्षेत्र में पेड़ों का कटान नहीं होगा इसमें खेत मालिक कटाई ठेकेदार सहित पांच अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है कोतवाली पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है पकड़े हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

## मारहरा में खाद्य विभाग की टीम ने की छापामार कार्यवाही, हडकंप

मारहरा। कस्बा मारहरा में मिलावटी दूध एवं मिठाइयों को लेकर एटा खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। छापामार कार्रवाही की भनक लगते ही कस्बा के दुकानदारों में हडकंप मच गया और वह अपनी- अपनी दुकानों को बंद कर भागने लगे। वहीं छपामार टीम एक चाय की दुकान का सैंपल भरने में कामयाव रही। जिले के खाद्य विभाग को कस्वा में मिलावटी दूध एवं मिठाइयों की जानकारी की शिकायतें काफी समय से मिल रहीं थी। इसी को लेकर बुधवार को कस्बा मारहरा में खाद्य विभाग की छापामार टीम जैसे ही पिदौरा अडडा पर अंगनलाल चाय की दुकान पर पहुंची जहां से टीम ने दूध का सैंपल भरा। वहीं कस्बा में जैसे ही खाद्य विभाग की छापामार टीम की जानकारी हुई बैसे ही मिलावटी मिठाइंयां बनाने बाले दुकानदारों में हडकंप मच गया

## 04 क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन करें आवेदन

एटा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश दिव्यांगजनों को 04 क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होनें बताया है कि उ0प्र0 के दिव्यांजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बेंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (भ्पहीं नचचवतज छममक प्देजतनउमदजे) क्रय हेतु वित्तीय सहायता। उ0प्र0 के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा- कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता।

# कस्बा में हुई आगामी त्यौहारों के लिए शांति सुरक्षा की बैठक



कांवड़ यात्रा, बकरीद, जुमे की नमाज तथा रक्षाबंधन के दृष्टिगत सीओ द्वारा सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, के साथ की गई बैठक।

पहल टुडे / अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। गत बुधवार को सीओ राघवेन्द्र सिंह द्वारा कांवड़ यात्रा, बकरीद, सावन मेला, जुम्मे की नमाज व रक्षाबंधन के दृष्टिगत मिरहची चौकी पर सम्भ्रांत व्यक्ति एवं गणमान्य नागरिकों व धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। इस अवसर पर सीओ ने जनपद के अमन-चैन को बरकरार रखते हुए आगामी त्यौहारों को मनाने तथा सभी को आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

बैठक के पश्चात सीओ राघवेंद्र सिंह ने कस्बा में गश्त के दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर खिलाड़ी राम साहू, अब्दुल सलाम भारती, सुनैहरी, राजेश कुमार, साहू, गोपी चन्द्र राठौर, अब्दुल कलाम, अमित महाजन, राजकुमार वर्मा, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सी0एम0एस0 अलीगढ़ मण्डल ने होम्योपैथिक कार्यालय एटा पर किया वृक्षारोपण एवं निरीक्षण

एटा। अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ के होम्योपैथिक विभाग की (सी0एम0एस0) डा0 रागिनी गुप्ता ने दिनांक 06.07.2022 को एटा आकर होम्योपैथिक चिकित्सालय का तथा नगला केवल के अम्बेडकर पार्क में स्थित जिला होम्योपैथिक अधिकारी के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा सबकुछ सही पाये जाने पर होम्योपैथिक अधिकारी के कार्यो की सराहना की। डा0 रागिनी गुप्ता (सी0एम0एस0) ने नगला केवल के अम्बेडकर



कर पार्क में स्थित जिला होम्योपैथिक कार्यालय के सामने वृक्षारोपण भी किया। वृक्षारोपण के समय जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा0 रूप किशोर, डा0 विजयलक्ष्मी जादौन, डा0 संगीता, डा0 स्वाती तोमर, डा0 हितेश खन्ना, डा0 महेन्द्र अग्रहरी, डा0 रूपेश सक्सैना, डा0 मुकेश वर्मा, चीफ फार्मासिस्ट राजेश कुमार यादव, संजय भास्कर, हरिवंश सिंह, दुष्यन्त गुप्ता, महेन्द्र पाल राजन, कृपाल, सत्यपाल, सुमित आदि उपस्थित रहे। आपको बतादें कि डा0 रागिनी गुप्ता अलीगढ़ आने से पूर्व बदायूँ में जिला होम्योपैथिक अधिकारी (डी0एच0ओ0) के पद पर कार्यरत थी तथा इसी सप्ताह उनकी पदोन्नति करके अलीगढ़ मण्डल की सी0एम0एस0 बनाकर भेजा गया है। अलीगढ़ में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सर्व प्रथम एटा आकर होम्योपैथिक कार्यालय तथा जिला चिकित्सालय में स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय का निरीक्षण एवं वृक्षारोपण किया। डा0 रागिनी गुप्ता के प्रथम बार एटा आने पर एटा के (डी0एच0ओ0) डा0 रूपकिशोर ने अपनी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। महिला चिकित्सकों ने फूल मालायें पहनाकर तथा पुरूष चिकित्सकों ने उन्हें फूलों के गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

# अमेठी में राज्यमंत्री के भाई का निधन

लखनऊ में लिया अंतिम सांस, वर्षो से लीवर की बीमारी से थे ग्रसित

पहल टुडे

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के तिलोई विधानसभा के विधायक एवं राज्य मंत्री छोटे भाई का लंबी बीमारी के बाद कल रात लखनऊ के में निधन हो गया। बीते कई वर्षो से वह लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। विधायक के छोटे भाई के निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात उनका पार्थिव शरीर तिलोई स्थित उनके आवास राजभवन पहुंचा। जहां आज पूरे रीति-रेवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। विधायक को शोक संवेदना देने उप मुख्यमंत्री तिलोई पहुंचे हैं।



### तिलोई राज भवन में लोगो का लगा रहा तांता

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई अभिषेकशरण सिंह उर्फ लाल बाबा का बुधवार देर रात लखनऊ के हास्पिटल में निधन हो गया है। लाल बाबा बीते कई वर्षों से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। वर्ष 2012 में लाल बाबा का लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था।

जिसके बाद से वह लगातार लीवर सम्बंधित बीमारी से परेशान रहते थे। जिसका इलाज हॉस्पिटल में लंबे समय से चल रहा था। लीवर की बीमारी के चलते वह अन्य कई बीमारियों से भी ग्रसित थे। लाल बाबा के निधन से पूरे तिलोई क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बीती देर रात उनका पार्थिव शरीर तिलोई स्थित उनके आवास राजभवन पहुंचा। जिनका अंतिम संस्कार आज पूरे रीति-रेवाज के अनुसार तिलोई में किया गया।

### शोक संवेदना व्यक्त करने तिलोई पहुंचे उप मुख्यमंत्री

राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के भाई के निधन की सूचना मिलते ही उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तिलोई राजभवन शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। उप मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, तहसीलदार पवन कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण संविदा कर्मी करंट के चपेट आने से हुई मौत

जगदीशपुर -अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनगंज कलां गांव में बिजली की लाइन सही करते समय बिजली की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनगंज कलां गांव में 11000 वोल्ट की लाइन ठीक करते समय पोल में अचानक करेंट आ जाने से लाइनमैन विजय कुमार निवासी पूरे लाला ईश्वरी दास थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उसकी चपेट में आ गया तथा पोल से नीचे गिर गया। जहां वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# स्मृति की पहल पर मिली सुविधा, माता वैष्णो धाम जाने वाली ट्रेन का निहालगढ़ में होगा ठहराव

पहल टुडे

अमेठी अमेठी संसदीय क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली रेलवे की सुविधा में इजाफा हुआ है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री व सांसद दीदी स्मृति इरानी की मांग पर अब मां वैष्णो देवी के धाम तक चलने वाली ट्रेन का निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। वहीं वाराणसी से लखनऊ तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अब कल सुबह से मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। केंद्रीय मंत्री व अमेठी की सांसद दीदी स्मृति इरानी के प्रतिनिधि



विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी की मांग पर रेल मंत्रालय ने दोनो गाड़ीयो की ठहराव मंजूर की है गाड़ी संख्या 14611/12 गाजीपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस ट्रेन निहालगढ़ (जगदीशपुर) रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। इस ट्रेन को यहां रोकने की मांग लंबे समय से चल रही थी। इसी तरह मुसाफिरखाना व आस-पास के गांवों के लोग भी काफी समय से 20401/02 वाराणसी- लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे थे। अब यह ट्रेन मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। दोनों ट्रेनों के ठहराव की सुविधा मिलने से यहां के लोगों को लाभ होगा

# जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बैठक सम्पन्न

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जायें........जिलाधिकारी

पहल टुडे

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में उद्योग व्यापार मेमोरेण्डम की समीक्षा/एक जनपद एक उत्पाद/मूंज क्राफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना संचालित किये जाने की स्वीकृति तथा विद्युत भार स्वीकृति एवं ऊर्जीकरण पर विचार, पूंजी निवेश, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित औद्योगिक संगठनों/उद्यमियों के सुरक्षा व्यवस्था तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक/व्यापारी बन्धु की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और व्यापारिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यम स्थापना में कोई समस्या आ रही हो तो समिति को अवगत करायें। उन्होंने उद्योग/व्यापार संगठनों की समस्याओं को सुना तथा औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर की सड़कों की उच्चिकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के साथ जर्जर पेडों को कटवाने नालियों एवं नालो की साफ-सफाई करवाने सहित बैंकों से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि व्यापार बन्धुओं की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र राजीव कुमार पाठक ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश पांडे, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता यूपीएसआईडीसी सहित उद्योग बन्धु/व्यापारी बन्धु आदि उपस्थित रहे।

## आगामी त्यौहारों के समय विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं साफ सफाई की रहे पर्याप्त व्यवस्था जिलाधिकारी

# आगामी त्यौहारों को लेकर अधिकारियों, धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ डीएम व एसपी ने की कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक

परंपरागत रूप से त्यौहारों को मनाने की किया अपील।

थानाध्यक्ष से लेकर एसडीएम तक अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ सतत संवाद बनाएं जिलाधिकारी

अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर......एसपी

पहल टुडे

अमेठी कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों ईद-उल-अजहा (बकरीद), नाग पंचमी,



मुहर्रम, रक्षाबंधन एवं श्रावण मास कांवड़ यात्रा को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, एवं जनपद के प्रतिष्ठित जनों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे, अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं से सतत संवाद बनाए रखें, मंदिरों व मस्जिदों का निरीक्षण कर वहां पर साफ सफाई, बिजली, पानी इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लें साथ ही आने जाने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करा लें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं एवं सार्वजनिक जगहों एवं मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाह के पास साफ-सफाई रहे। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां सड़कों के किनारे शिविर लगाए जाते हैं उनकी सूची लोक निर्माण विभाग को एवं नगर पालिकाओं को उपलब्ध करा दें। जिससे सड़कों का गड्ढा मुक्त संभव हो सके एवं रोड पट्टी पर घास की सफाई भी प्रत्येक दशा में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण सील रहे। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी दशा में ना हो एवं मुख्य चौराहों या मुख्य मार्गो या खुले स्थानों पर कोई कुबार्नी नहीं की जाएगी। एवं बचे हुए अवशेषों को गांव में गड्ढे खुदवा कर अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया जाए। एवं नगरों में नगरपालिका अपनी वाहनों द्वारा अवशेषों को ढक कर शहर के बाहर किसी खुले स्थान पर गड्ढा खोदकर दबा दें एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए

## आबकारी विभाग ने से पकड़ी दिल्ली की 10 बोतल शराब

पहल टुडे (अनिल तोमर)

बुलंदशहर। आबकारी आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देश एवम जिलाधिकारी के आदेश पर जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी टीम संख्या 1 द्वारा जनपद बुलंदशहर में गाजियाबाद - सिकंदराबाद मार्ग पर गुज्जर चैक पर दिल्ली से आने वाले प्राइवेट वाहनों एवम रोडवेज बसों की सवारियों के सामानों की सघन चेकिंग के दौरान एक सरकारी रोडवेज बस संख्या यूपी 76 के 7325 से 10 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की फॉर सेल इन दिल्ली ओनली बरामद हुई, बरामद शराब के संबंध में पूछताछ करने पर शराब का कोई मालिक मौके पर नही मिला। बस के कंडक्टर को सख्त चेतावनी दी गई की सभी सवारियो को दिल्ली की शराब प्रदेश में न लाने की चेतावनी अनिवार्य रूप से दी जाए। टीम द्वारा बरामद शराब को कब्जे में लेकर अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 में अभियोग पंजीकृत किया गया।



## मिशन शक्ति 4.0 अभियान अंतर्गत कैंप आदि के माध्यम से महिलाओं को जागरूक बनाए - रामसखी कठेरिया

### अधिकारियों को सम्बन्धि शिकायतों को जल्द निस्तारण करने के दिए निर्देश

पहल टुडे (अनिल तोमर)




बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रामसखी कठेरिया की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में सभी विभागों की योजनाओ से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सदस्य द्वारा निर्देश दिए गए कि समस्त विभागाध्यक्ष सुनिश्चित कर लें कि यदि कोई महिला किसी योजना की जानकारी के लिए उनके पास आई है तो संबंधित विभाग से संपर्क कर उस महिला को योजना का लाभ दिलाए, साथ ही मिशन शक्ति 4.0 अभियान अंतर्गत कैंप आदि के माध्यम से महिलाओं को जागरूक बनाए तथा अधिक से अधिक योजनाओ से महिलाओं जोड़े। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी स्याना, महिला थाना प्रभारी, प्रतिनिधि डूडा, महिला कल्याण अधिकारी, सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर, डीएलएसए से अधिवक्ता ,सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के बाद महिला जनसुनवाई के दौरान 4 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमे 3 शिकायत घरेलू हिंसा से संबंधित तथा एक शिकायत कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न संबंधित प्राप्त हुई, सभी शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। ग्राम मैथना जगतपुर में एक जागरूकता चैपाल की गई। जिसमें मिशन शक्ति 4.0 अभियान अंतर्गत महिलाओं को जागरूक किया गया। जागरूकता चैपाल में समस्त विभागो द्वारा योजनाओ संबंधित स्टॉल लगाए गए। महिला आयोग सदस्य द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण भी किया गया। महिला बंदियों के साथ बच्चो को खाद्य सामग्री वितरित की गई। महिला बैरक में खाना व्यवस्था, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर आदि का निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में सभी व्यवस्था सही पाई गई।

फास्ट ट्रैक

## उमस भरी तेज गर्मी में बिजली आपूर्ति लोकल फाल्ट अघोषित कटौती के कारण होती है बाधित

पहल टुडे



**उतरौला (बलरामपुर)** इस उमस भरी तेज गर्मी में उतरौला क्षेत्र की बिजली कटौती से आम जन त्रस्त है ।दिन हो या रात्रि कभी लोकल फाल्ट के कारण कभी अघोषित कोटौती के कारण उतरौला की बिजली गुल रहेती है ।बीते रात्रि बदलपुर आईपीडीएस से होने वाली नगर क्षेत्र की आपूर्ति में एक फेज बिजली न मिलने से लोग बेहाल हो गये पहेले तो मेन लाइन ब्रेकडाउन के कारण एक से डेढ़ घन्टा बिजली कटौती हुई फिर जब बिजली आयी तो अपीडीएस बदलपुर से एक फेज आपूर्ति क्षेत्र में नही हो पा रही थी ।जब नगर से 5 किलोमीटर दूर दर्जनों लोगो ने जा कर प्रयास तेज करवाये तो लाइन मैन सचिन वर्मा की कोशिश से बिजली आपूर्ति करीब 3 बज कर 30 मिनट पर शुरू हो पाई इस दौरान मुख्य लाइनमैन बरकतुल्लाह को फोन जाता रहा पहेले तो उन्होंने फोन नही उठाया फिर आने का वादा कर नही आये प्रभारी जेई प्रवेश कुमार तो कभी दिन में फोन नही उठाते रात्रि में फोन उठना जे ई अपीडीएस का न मुमकिन ही है लोगो द्वारा जेई प्रवेश कुमार को फोन किया जाता रहा पर उनका फोन नही उठा ऐसे में अधिकारी कर्मचारी की ऐसी उदासीनता विभाग को बदनाम करने के काम करती है गौर तलब है की क्षेत्रीय विधायक द्वारा भी कई बार विभाग के एम डी स्तर के अधिकारी को पत्र सौंप कर उतरौला क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में कड़े सुधारो की माँग की गयी है पर बिजली आपूर्ति कुछ दिन ठीक चलने के बाद खराब तारो और जर्जर ट्रांफार्मर के कारण लोकल फाल्ट अघोषित कटौती की भेंट चढ़ ही जाती है।

## अग्निशमन विभाग शामली द्वारा ग्राम मवी तहसील कैराना में आयोजित बाढ़ आपदा मेगा मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया गया



उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जनपद शामली द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर के कुशल निर्देशन में आज बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु जनपद स्तरीय मेगा मॉक- ड्रिल- 2022 कार्यक्रम का आयोजन यमुना घाट ग्राम मवी अहतमाल तिमाली कैराना में आयोजित किया ।जनपद स्तरीय बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु आयोजित मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सकुशल संपन्न हुआ ।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अपर जिलाधिकारी शामली श्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आपदा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के हर जनपद में आज मॉक ड्रिल किया जा रहा हैं ।उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि जो बाढ़ प्रभावित गांव है वहां के लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके ताकि कोई अपरिहार्य घटना ना घटे ।कार्यक्रम संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह भी बाढ़ प्रभावित गांव है परंतु हमारे जनपद में उतनी बाढ़ नहीं आती है,लेकिन फिर भी यदि कोई आपदा आती है तो जिला प्रशासन उससे बेहतर तरीके से निपटेगा ।उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से सेना,पुलिस प्रशासन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी बाढ़ जो एक आपदा है उससे कैसे बचाव हो,किसी डूबते हुए को कैसे बचाया जाए,उसके आगे क्या करना है

## व्यापारियों ने जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का किया विदाई समारोह



पहल टुडे

बुलंदशहर। बुधवार की देर शाम प्रधान कार्यलय उद्योग व्यापार मंडल नरेन्द्र पर पूर्व जेल अधीक्षक मिजाजिलाल यादव का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महान संत परम देव ने और मंच का संचालन अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने किया। इस मौके पर जिला प्रभारी शैलेन्द्र तिवेर्दी ने कहा कि जेल अधीक्षक मिजाजिलाल ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें लोग एक बार मिलकर भुला नहीं सकते। इसके बाद जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने भी जेल अधीक्षक मिजाजिलाल के साथ बीते पलो को याद दिलाते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिला मीडिया प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि मिजाजिलाल जी का कार्यकाल कभी ना भूलने वाला है जिला कारागार का स्वरूप बदलकर बन्दियों में सकारात्मक ऊर्जा भरने का काम भी इन्होंने बखूबी निभाया है। इस दौरान जिला सचिव पीताम्बर शर्मा ने भी इनके साथ बीते अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में मोहम्मद रियाज, सफात मलिक, घनेन्द्र शर्मा, रोहित मावी, प्रीतम कुमार प्रेम, जितेन्द्र सिंह, करणवीर सिंह, आरके गुप्ता, अमित भारद्वाज, अभिनव वर्मा, पत्रकार मुकुल शर्मा, अनुभव शर्मा, जाकिर बर्नी, संजय सार्थक, तेजवीर सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने बिजलीघर का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

बुलंदशहर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने खुर्जा नगर देवी मंदिर के निकट गुलशन विहार कॉलोनी सिद्धेश्वर रोड में 250 केवी के ट्रांसफर फुंकने के संबंध में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने चार नंबर बिजली का खुर्जा का घेराव किया। कार्यकताओं ने कहा कि यदि 1 महीने के अंदर 250 केबी से बढ़ाकर 500 केबी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखने की मांग की। कार्यकताओं ने कहा कि यदि मांग पूरी नहीं की जाती है तो महा आंदोलन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आस मोहम्मद, नगर अध्यक्ष अमित अरोरा, जिला उपाध्यक्ष भूरा शर्मा, मंडल सचिव अमित राघव, युवा जिला महामंत्री पिंटू राघव, संदीप भाटी जिला उपाध्यक्ष मेरठ मंडल, संगठन मंत्री चैधरी चंद्रवीर सिंह, संजीत कुमार नगर अध्यक्ष मजदूर मोर्चा खुर्जा, साहे आलम युवा जिला मीडिया प्रभारी, अमर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष खुर्जा, सुरेंद्र जिला सचिव, शिवकुमार शर्मा पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष आदि के साथ साथ सभी कॉलोनी वासियों उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने थाना सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया



पहल टुडे

बुलंदशहर। रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा थाना सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेख, शस्त्रागार, त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन कर कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि की साफ-सफाई आदि को चैक किया गया। थाना प्रभारी सलेमपुर को अभिलेख पूर्ण कराने व थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराने आदि आवश्यक निर्देश दिए गए।

## अग्रिम कार्यक्रमों पर बनी रणनीति रूमोनिका वार्ष्णेय



पहल टुडे

बुलंदशहर। जहाँगीराबाद नगर की वार्ष्णेय उत्थान समिति रजि. की मासिक बैठक में अग्रिम कार्यक्रम की हुई रुपरेखा तैयार, अध्यक्ष बोली पौधे घर का श्रंगार है खूब सजाओ खूब लगाओ। नगर की वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति रजि. की अध्यक्ष मोनिका वार्ष्णेय ने बताया की समिति की मासिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें अग्रिम कार्यक्रमों की रणनीति बनाई। उन्होंने बताया की किसी भी कार्य को करने संघर्ष व साहस की जरूरत हें, तभी कार्य को किया जाता हें। उन्होंने कहा की इस मौके पर समिति की पदधिकारी चारु वार्ष्णेय , सीमा वार्ष्णेय , दीपा वार्ष्णेय , अंजलि वार्ष्णेय , नीतू वार्ष्णेय , नेहा वार्ष्णेय , अनुराधा वार्ष्णेय , पूनम वार्ष्णेय, सुषमा वार्ष्णेय, महक वार्ष्णेय, संगीता वार्ष्णेय , सारिका वार्ष्णेय , कुमुद वार्ष्णेय , उपमा वार्ष्णेय , शालिनी वार्ष्णेय आदि समिति की सदस्य मौजूद रहीं।

## पौधे मानव जीवन की लाइफ लाइन,देते है शुद्ध आक्सीजन : डॉ. आर.ए.वर्मा

### वृक्षारोपण पुण्य का काम,आने वाली पीढ़ियों को रखते हैं सुरक्षित : शैलेंद्र प्रताप सिंह।

पहल टुडे / निकहत दीबा



सुल्तानपुर ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी का पौध रोपण अभियान निरंतर जारी है। बुधवार व गुरुवार को पार्टी ने जिले के 26 मंडलों में 18 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया ।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आरए.वर्मा के नेतृत्व एवं पौधरोपण अभियान के जिला प्रमुख घनश्याम चौहान के संयोजन में में चल रहे पौधरोपण अभियान में कार्यकर्ता पूरे जोश व उत्साह के साथ छायादार व फलदार पौधे लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष डा. आर.ए. वर्मा ने जयसिंहपुर विधानसभा के सुरौली गांव में मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा के संयोजन में पौधरोपण करने के बाद कहा पौधे मानव जीवन की लाइफ लाइन है ।पौधे हमको जीवन के लिए शुद्ध आक्सीजन पहुंचाते हैं ।और वातावरण को स्वस्थ व सुन्दर रखते हैं ।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने धनपतगंज मंडल अध्यक्ष संदीप तिवारी के संयोजन में विभिन्न गांव में पौधरोपण करते हुए कहा वृक्षारोपण बहुत ही पुण्य का काम है ।कहा जाता है कि अगर आप अपने आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो वृक्षारोपण करिये। इस मौके पर कूरेभार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब तक 28 हजार से अधिक पौधे रोपे गए हैं। दुबेपुर मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह डिंपल की उपस्थिति में दूबेपुर मंडल के शक्ति केंद्र दूबेपुर, दिखौली, भांई, अमेठा, दादूपुर, ढकवा आदि बूथों पर बरगद, पीपल, अमरुद, नींबू, आंवला आदि के पौधे लगाएं। इस मौके पर विश्वनाथ यादव, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र पाल दिनेश वर्मा आदि मौजूद रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल, संजय सिंह त्रिलोकचन्दी, विजय त्रिपाठी, सुनील वर्मा, आशीष सिंह रानू, मनोज मौर्या, राजेश सिंह, प्रदीप शुक्ला, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल,राम अभिलाख सिंह,सुभाष वर्मा, संदीप पांडे, राजेश चतुर्वेदी आदि आदि ने पौधरोपण अभियान में सक्रिय योगदान दिया।

## एलिंगुवा पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

पहल टुडे (अनिल तोमर)

बुलंदशहर। वृक्षारोपण अभियान के तहत भाजपा कार्यताओं नेएलिंगुवा पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। इस दौरान स्कूल बच्चों से एक-एक पौधा रोपित कर उसे वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करने का आह्वान किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह के नेतृत्व में एलिंगुवा पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि यदि हमें प्रथ्वी को हरा भारा और अपने जीवन को स्वच्ध्य रखना है तो इसके लिए पेड़ पौधों की बहुत आवश्यकता है।

## खंड शिक्षा अधिकारी संघ सुल्तानपुर की कार्यकारिणी हुआ गठन

### उदयराज मौर्य अध्यक्ष, श्याम बहादुर महामंत्री व शिखा तिवारी बनी महिला उपाध्यक्ष।

पहल टुडे



सुल्तानपुर ब्यूरो। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुल्तानपुर में खंड शिक्षा अधिकारी संघ सुल्तानपुर का गठन प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार किया गया इसमें समस्त ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से उदय राज मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी धनपतगंज को खंड शिक्षा अधिकारी संघ का अध्यक्ष चुना गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी को सर्वसम्मति से महामंत्री, अरविंद बहादुर सिंह खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंहपुर को उपाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष विपुल कुमार उपाध्याय मीडिया प्रभारी मनोजीत राव महिला उपाध्यक्ष शिखा तिवारी तथा संरक्षक के रूप में अजय कुमार सिंह एवं सुधीर कुमार सिंह को चुना गया। बैठक में उक्त के अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा, राम तीरथ वर्मा, दिलीप कुमार सुनील कुमार यादव रामबहादुर, बलदेव प्रसाद यादव, रोजी सिंह आदि उपस्थित रहे। नवागत जिला बेसिक अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी का सभी खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा व पूरे कार्यकारिणी की तरफ से पूरी भव्यता के साथ स्वागत किया गया तथा नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी संघ को बधाई दी गई।

## रोटरी क्लब के नेशन बिल्डर अवॉर्ड से सम्मानित हुए शिक्षक

पहल टुडे




सुल्तानपुर ब्यूरो। शहर के गार्डन व्यू होटल में रोटरी क्लब सुल्तानपुर की वर्तमान सत्र की प्रथम बैठक संजय केसरवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी, डॉक्टर, व्यवसायी, शिक्षक आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में रोटरी क्लब सुल्तानपुर के नेशन बिल्डर अवॉर्ड 2022 की घोषणा क्लब के सदस्य संदीप श्रीवास्तव द्वारा की गई। उन्होंने क्लब के सदस्यों के समक्ष प्राथमिक विद्यालय मुरली लम्भुआ के प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय केसरवानी ने बताया कि यह पुरस्कार शिक्षक को परिषदीय विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन में रासायनिक खादों से रहित हरी एवम ताजी सब्जियों के उत्पादन एवं विद्यालय की उत्तमशैक्षणिक व्यवस्था के लिए दिया जा रहा है जिससे अन्य विद्यालय एवम समाज के लोग भी प्रेरित होकर रसायन रहित खादों का प्रयोग कृषि कार्यों में करें और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढायें और स्वस्थ्य पर्यावरण के प्रति अपना योगदान दें। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह के कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महामंत्री वेद प्रकाश जायसवाल, डॉ रवि त्रिपाठी, नीरव पाण्डेय, विजय सेठ, राकेश सिंह पालीवाल , संदीप श्रीवास्तव, अलंकार टण्डन, आर के सिंह, तृप्ति श्रीवास्तव, शशि तिवारी, डॉ आशीष सिंह, सागर तिवारी, सरिता पाण्डेय ,विजय सेठ, वी के झा, शिप्रा टण्डन, तनु टण्डन, तपन टण्डनआदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### योजना के तहत दो बार हुआ कूल्हे का आपरेशन, मिला दो लाख रुपये से अधिक का उपचार

## आयुष्मान के सहारे अपने पैरों पर खड़े हुए उमेश

पहल टुडे

सुल्तानपुर ब्यूरो। महंगा उपचार कराने में असमर्थ लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का बड़ा सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में जिले के ही उमेश आयुष्मान योजना के सहारे एक बार फिर अपने पैरों पर खड़े हो पाए हैं। जनपद के भदैया ब्लॉक के विकवाजीतपुर निवासी 31 वर्षीय उमेश आयुष्मान योजना के सहारे एक बार फिर अपने पैरों पर चलने में सक्षम हो पाए हैं। सुजीत ने बताया कि उनके परिवार में पिता, पत्नी, चार बच्चे और एक बहन हैं। पहले वह पूरी तरह ठीक थे और राजगीर मिस्त्री का काम करते थे। उनकी पत्नी रेशमा देवी मजदूरी करती थीं। करीब साल भर पहले अचानक उन्हें कूल्हों में तेज दर्द होने लगा, यहाँ तक कि चलने-फिरने में भी परेशानी होने लगी, तब से उनकी पत्नी ही मेहनत-मजदूरी करके परिवार चला रही हैं।

उमेश ने जिला चिकित्सालय में डाक्टर को दिखाया पर दर्द का कोई कारण पता नहीं चला तो लखनऊ दिखाने के लिए कहा गया। लखनऊ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाने पर पता चला कि उमेश के दोनों कूल्हे जाम हो चुके हैं और उनके कूल्हों का आपरेशन करना पड़ेगा जिसके लिए 3.5 लाख रूपए का खर्च आएगा। उमेश ने कहा कि पहले से ही परिवार चलाने में कठिनाइयों का सामना करन पड़ रहा था, जिसके चलते उन्होंने अपने उपचार की आस छोड़ दी थी। एक चिकित्सक की राय पर उमेश ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज में दिखाया जहाँ उन्हें आपरेशन कराने की सलाह दी गई, जिसका पूरा खर्च 2.14 लाख रुपये बताया गया। पैसो की परेशानी बताने पर चिकित्सक ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। तब उमेश को याद आया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, कार्ड के आधार पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज में ही सितम्बर 2021 में उनके एक कूल्हे का निःशुल्क आपरेशन हुआ और मई 2022 में दूसरे कूल्हे का भी आपरेशन हुआ । उमेश आज आयुष्मान योजना की मदद से अपने पैरों पर दोबारा खड़े हो गए हैं।

आयुष्मान भारत योजना के जिला इन्फॉर्मेशन सिस्टम मैनेजर दुर्गेश नंदन ने बताया कि उमेश का आपरेशन आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया है। यह योजना गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए बड़ा वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत पात्र लाभार्थी परिवारों को पांच लाख रुपये वार्षिक तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना के पात्र लाभार्थी कार्ड बनाने के लिए करें संपर्क - आयुष्मान योजना के तहत प्रति लाभार्थी परिवार पांच लाख रुपये सालाना तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। पात्र लाभार्थी आयुष्मान योजना से सम्बद्ध सभी सरकारी चिकित्सालयों, पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर और समय-समय पर आयोजित होने वाले आयुष्मान कैंप में जाकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं।

## किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने धर्मेंद्र तिवारी

सुल्तानपुर ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गोविंद त्रिपाठी (टाड़ा भैया) ने अपनी कमेटी में गठन करते हुए एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी उर्फ बड़े को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है ।मनोनयन पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। लोगों ने कहा कि इनके नेतृत्व में भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगी ।बधाई देने वालों में राजधर शुक्ला,मुकेश अग्रहरि,सतेंद्र तिवारी,राजन,जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय दीपू,प्रधान जामता,संदीप यादव, भैरोदीन पासी,अरुण पाठक,जगलाल पासी समेत कई लोग शामिल रहे।

खास समाचार

## आपसी सौहार्द के साथ मनायें त्यौहार : एसडीएम

– चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

जालौन। आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार किसी प्रकार की कोई अराजकता न बरतें तथा मांस की दुकानों पर पर्दा डालकर बिक्री की जाए। त्यौहार के मौके पर साफ-सफाई तथा बिजली आदि की उत्तम व्यवस्था किए जाने के लिए दिये गये निर्देश उपजिलाधिकारी व सीओ ने संयुक्त रूप से शांति समिति बैठक के दौरान दिये। स्थानीय प्रशासन द्वारा चौकी परिसर पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में तथा सीओ उमेश पांडे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश सिंह व सीओ उमेश पांडे ने संयुक्त रूप से मुस्लिम भाइयों से आने वाले त्योहार को शांति से मनाये जाने की अपील की गयी। त्यौहार को देखते हुए साफ-सफाई तथा बिजली की उत्तम व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए। त्यौहार को आपसी सौहार्द से मनाएं किसी प्रकार की कोई भी अराजकता न फैलाये। अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा मांस की दुकानों पर मांस की बिक्री पर्दा डालकर की जाए। अगर खुले कोई दुकान पर मांस की बिक्री करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान कोतवाल शैलेंद्र सिंह क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र पटेल चौकी इंचार्ज सहित इकबाल मंसूरी इमरान अहमद अंसारी सहित मौलाना तथा नगर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## यदि कोई पशुपालक अपने गौवंशों को छोड़ता है तो होगी सख्त कार्यवाही

उरई/जालौन। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न अंचलों से निरन्तर छुट्टा गोवंश छोड़े जाने के कारण फसलों एवं जनमानस को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें लगातार बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही है। छुट्टा गोवंश छोड़ने पर रोक लगाने संबंधी शासनादेश के प्रस्तर सं० 7 में प्राविधान है कि नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा-255 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये उ० प्र० पंचायती राज मैनुअल के अध्याय-4 के अन्तर्गत धारा-15 ₹छुट्टा पशु और पशुधन₹ के विरुद्ध निवारक कार्यवाही की जाए। उ0 प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा-37 की उपधारा (1) सपठित उ० प्र० पंचायती राज मैनुअल नियम 220 एवं 224 के अन्तर्गत एवं शासनादेश के प्रस्तर सं0-3 पशु अतिचार अधिनियम 1871 (संशोधित 21 अगस्त, 1996) में दिये गये प्रावधान व पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 की धारा-4 के अधीन स्थापित भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश पत्रांक-9-3 / 2018-19 / पीसीए० दिनांक 12.07.2018 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 की धारा 10 (1) के अनुसार गोवंश छुट्टा / लावारिस छोड़ जाने पर आईपीसी की धारा 428 एवं 429 के अन्तर्गत किसी भी जानवर को छोड़ने पर 03 माह तक का दंड भुगतना पड़ सकता है। जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील है कि कोई भी व्यक्ति अपना पालतू गोवंश किसी भी दशा में छुट्टा न छोड़े, यदि कोई पशुपालक गोवंश छोड़ता पाया जाता है तो उस व्यक्ति के विरूद्ध उक्त सुसंगत धाराओं में संबंधित क्षेत्र के थाने में थानाध्यक्ष द्वारा अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## मकरंदपुर-घटपुरी पर ब्लॉक, कई ट्रेन प्रभावित

कासगंज। रेलवे प्रशासन द्वारा इज्जतनगर मंडल पर मकरंदपुर-घटपुरी रेलखंड के मध्य समपार सं. 265ध्सी पर सीमित ऊंचाई वाले पुल के निर्माण के लिए शुक्रवार को 10.45 बजे से 16.15 बजे तक ब्लाक दिया जायेगा। इसकी वजह से 08 जुलाई को गाड़ी संख्या 05370 लालकुआं-कासगंज को लालकुआं से 120 मिनट रि-शिड्यूल्ड, गाड़ी संख्या 05423 कासगंज-भरतपुर को कासगंज से 60 मिनट रि-शिड्यूल्ड, गाड़ी संख्या 05336 कासगंज-काशीपुर को कासगंज से 60 मिनट रि-शिड्यूल्ड करके चलाया जाएगा। कासगंज-बरेली सिटी गाडी संख्या 05337 को मकरंदपुर से शार्ट ओरिजनेटिंग करके चलाया जाएगा, अर्थात गाड़ी संख्या 05337 कासगंज से मकरंदपुर के मध्य निरस्त रहेगी।

## दो और मिले कुपोषित बच्चे, भेजे जिला अस्पताल

पटियाली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आरबीएस टीम ने पटियाली ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर में जांच कर दो कुपोषित बच्चों को तलाश किया है, उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आरबीएस टीम के डा. हेमंत कुमार व विनय श्रीवास्तव ने गांव अशोकपुर से राजीव कुमार के डेढ़ वर्षीय पुत्र प्रतीक एवं दुर्गविजय सिंह की एक वर्षीय बेटी आरती की जांच की। जांच में दोनों बच्चों को कुपोषित घोषित कर पटियाली सीएचसी लाया लाया गया, जहां से एनआरसी जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## घटना के 90 दिनों के भीतर की जा सकती है शिकायत

कासगंज। अधिनियम के तहत लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत घटना के 90 दिनों के भीतर आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में दर्ज करानी चाहिए। शिकायत लिखित रूप में की जानी चाहिए। यदि किसी कारणवश पीड़िता लिखित रूप में शिकायत करने में सक्षम नहीं है तो समिति के सदस्यों को उनकी मदद करनी चाहिए। यदि शिकायत नियोजक के विरूद्ध है तो वह भी स्थानीय समिति में दर्ज कराई जायेगी। अधिनियम के अनुसार पीडित की पहचान गोपनीय रखी जाना अनिवार्य है।

## कौन कर सकता है शिकायत

कासगंज। महिला कल्याण विभाग में कार्यरत राज्य सलाहकार नीरज मिश्रा का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिस महिला के साथ कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है, वह खुद शिकायत कर सकती है। पीड़िता की शारीरिक या मानसिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह खुद शिकायत कर सके तो रिश्तेदार, मित्र, सह कर्मी, उसके विशेष शिक्षक, मनोचिकित्सकध मनोवैज्ञानिक, संरक्षक या ऐसा कोई भी व्यक्ति जो उसकी देखभाल कर रहा हो अथवा ऐसा कोई भी व्यक्ति जो घटना के बारे में जानता है और जिसने पीड़िता की सहमति ली है या राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग के अधिकारी शिकायत कर सकते हैं। यदि दुर्भाग्यवश पीड़िता की मृत्यु हो चुकी है तो कोई भी व्यक्ति जिसे घटना के बारे में पूरी तरह जानकारी हो वह पीड़िता के कानूनी उत्तराधिकारी की सहमति से शिकायत दर्ज करा सकता है। कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायतेंमइव.दपब.पद के माध्यम से भी की जा सकती है ।

## कासगंज सहकारी समिति प्रथम पर सचिव का खुला आतंक

निर्धारित रेट से डेढ सौ रुपए मंहगी बैच रहे हैं डीएपी खाद

भोले भाले किसानो को सचिव द्वारा खुलेआम गुमराह कर जा रहा है ठगा

कासगंज। भले ही योगी सरकार किसानो के लिए चहेती हो, लेकिन सहकारी समिति प्रथम कासगंज में तैनात एक सचिव सीधे साधे किसानो को गुमराह कर निर्धारित रेट से डेढ सौ रुपए मंहगी बैच रहे है ।इस मामले की जानकारी पर पहुंचे मीडियाकर्मियों के कैमरे के सामने सचिव ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए किसानो से लिए ज्यादा पैसों को वापस करने की बात कहीं है।

दरअसल भोले भाले अन्नदाताओ का ठगने का मामला कासगंज सहकारी समिति प्रथम का है ।जहां पर तैनात सचिव यतेंद्र कुमार वर्मा हैं, जोकि किसानो को डीएपी खाद निर्धारित रेट 1350 रुपए है, जबकि सचिव यतेंद्र द्वारा डीएपी खाद 15 सौ रुपए की बैची जा रही है। जिससे अन्नदाताओं का खुलेआम शोषण हो रहा है, जबकि अन्य समिति केंद्रों पर खाद के निर्धारित रेट 1350 के हिसाब से बैची जा रही थी। केंद्र पर डीएपी खाद लेने पहुंचे किसान सुभाष का कहना है वह तीन दिन पहले डीएपी खाद लेने के लिए सहकारी समिति प्रथम कासगंज पर गया था। जहां 15 सौ रुपए लेकर डीएपी खाद दी, जबकि अन्य केंद्रों पर 1350 रुपए की मिल रही थी, जब वापस करने गये तो मारपीट पर उतारू हो गये। जब इस मामले में समिति पर मौजूद सचिव यतेंद्र कुमार से बात की गई तो उनका कहना था कि यह डेढ सौ रुपए महंगी चार पांच दिन से नहीं मात्र कल से अखवार में निकला था ,कि डीएपी खाद की कीमतों में बढोत्तरी हो गई है, उसको लेकर गलती हुई है,जो किसान डेढ सौ रुपए महंगी लेकर गये हैं, उनके पैसे वापस करेंगे।

# वृद्ध माता पिता की सेवा कर करना हर संतान का कर्तव्य: डीएम

– डीएम ने वृद्धाश्रम सहित की आश्रम पद्धति विद्यालय की समीक्षा की

पहल टुडे



बांदा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धजन आवास वृद्धाश्रम योजना, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण एवं समस्याओं के निस्तारण तथा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से सम्बन्धित बैठक कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने वृद्धजन आवास वृद्धाश्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि वृद्धजनों माता-पिता की सेवा करना हर बच्चे का कर्तव्य है, किन्तु यदि किसी कारण वश कोई भी अपने वृद्ध माता-पिता जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है, उनके लिए सरकार द्वारा भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अनुसार उनके भरण-पोषण की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने अपेक्षा की है कि ऐसे वृद्ध माता-पिता को वृद्धावस्था में रखा जा सकता है, जिनके लिए संस्था ने निवासरत संवासियों की मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, वस्त्र, औषधि, मनोरंजन, पर्सनल केयर आदि की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम जनपद बांदा में 150 क्षमता का है, जिसमें से 117 वृद्ध रजिस्टर्ड है और 33 अभी खाली हैं, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि यदि किसी को ऐसे वृद्ध जो असहाय एवं चलने-फिरने में असमर्थ हों एवं उनके बच्चे उनका भरण-पोषण करने में असमर्थ हों तो वह व्यवस्थापक वृद्धाश्रम श्याम किशोर त्रिवेदी, मोबाइल नम्बर 7906104189 एवं 8858308241 से सम्पर्क कर असमर्थ वृद्धजनों का रजिस्टेशन कराकर वहां रख सकते हैं एवं जिलाधिकारी, सी0डी0ओ0 एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी से दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण एवं समस्याओं से सम्बन्धित स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, कल्याणकारी उपाय, आर्थिक सहायता एवं उभयलिंगी व्यक्तियों के पहचान पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि विषयों की समीक्षा की गयी। इनके सुरक्षा सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। उभयलिंगी व्यक्तियों के पहचान पत्र हेतु विभागीय वेबसाइट है।

जिलाधिकारी श्री पटेल ने हरदौली एवं बबेरू में चल रहे राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की समीक्षा की गयी, जिसमें बताया गया कि आश्रम पद्धति विद्यालय में कक्षा-6 से कक्षा-12 तक की कक्षायें संचालित की जाती है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली में 490 छात्रों की क्षमता के सपेक्ष 417 छात्र पंजीकृत हैं।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी के छापे से मिलावटखोरों में मचा हड़कंप, धड़ाधड़ गिरी दुकानों की शटरें



पहल टुडे

कोंच/जालौन। कस्बे में किराना, मिठाई आदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की लगातार मिलने वाली शिकायतों को संज्ञान में लेकर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बाजार में छापेमारी की जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते ज्यादातर दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरे और दुकानदार रफूचक्कर हो गए। अधिकारी सिर्फ दो दुकानों से ही सैंपल ले सके।

गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक पटेल ने विभागीय कर्मियों के साथ कस्बे के बाजार में छापा मारा जिसमें खुली मिलीं दो दुकानों से वेसन व अनार जूस का जांच हेतु नमूना भरा। रोडवेज बस स्टैंड पर पटवा कन्फेक्शनरी से अनार के जूस का तथा रामगंज बाजार में कमलेश गिरवसिया की दुकान से बेसन का नमूना लिया है। अधिकारी के बाजार में होने की खबर पर ज्यादातर दुकानदार अपने शटर गिरा कर भाग खड़े हुए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रयोगशाला में जांच के उपरांत अगर मिलावट साबित हुई तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को आगाह किया कि वैध लाइसेंस बनवाकर ही दुकान का संचालन करें और दूषित व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कदापि न करें।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की रणनीति बनाने में जुटी भाजपा

पहल टुडे

कोंच/जालौन। आगामी 16 जुलाई को जनपद जालौन के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैथेरी गांव में होने वाली जनसभा में अधिकाधिक भीड़ जुटाए जाने को लेकर भाजपाई दिन रात मगजमारी कर रहे हैं। कोंच नगर और ग्रामीण मंडलों को भी लक्ष्य दे दिए गए हैं। किसको कहां से कितनी भीड़ ले जाने है, यह जिम्मेदारियां बांटकर उन्हें वाहन प्रमुख बनाया गया है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के रूप में इस घोर पिछड़े भूभाग को बड़ी सौगात देने आ रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 16 जुलाई के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए न केवल भाजपा संगठन बल्कि परोक्ष रूप से पूरी प्रशासनिक मशीनरी लगी हुई है। महज ढाई साल के छोटे से वक्त में सौ फीसदी तैयार हुए इस 296 किमी लंबे एक्सप्रेस वे का लोकार्पण उरई तहसील के गांव कैथेरी में करने वाले हैं पीएम मोदी। उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है और यूपी शासन के आला अधिकारी तथा मंत्री लगभग हर रोज इन तैयारियों का जायजा लेने पहुंच रहे हैं। जिले से एक लाख से ऊपर भीड़ जुटाने के मिले लक्ष्य को पूरा करने की कवायद में जिले भर के भाजपाई जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में कोंच को भी अधिकाधिक लोगों को सभा स्थल तक पहुंचाने का काम सौंपा गया है जिसके लिए नगर और ग्रामीण मंडलों के पदाधिकारी लोगों खासतौर पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क साधने में दिन रात एक किए हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने बताया कि कैथेरी गांव कोंच से ज्यादा दूर नहीं है इसलिए ज्यादातर लोग अपने अपने चार पहिया वाहनों से जाने में सुविधा महसूस कर रहे हैं जिसके चलते लगभग डेढ़ सैकड़ा फोर व्हीलर और दस बसों द्वारा नगर से करीब दो से ढाई हजार के बीच लोगों को ले जाने की व्यवस्था है। बसें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। सभी बसों के पॉइंट्स और बस प्रमुखों को नामित करते हुए जन सामान्य के अलावा ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं को ले जाने की योजना है। बसों के प्रभारी वरिष्ठ लोग बनाए गए हैं और महामंत्री द्वय आशुतोष मिश्रा व ओपी कुशवाहा को पांच पांच बसों का व्यवस्थापक बनाया गया है।

## आपसी सौहार्द के साथ मनायें जायें त्यौहार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए जनपद के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मानने की अपील की गई। इस मौके पर थाना प्रभारियों ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सतत निगरानी के लिए लगातार क्रियाशील सोशल मीडिया सेल है। भ्रामक खबरों और अफवाहों को फैलाने वालों पर की कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बताते चलें कि आगामी बकरीद का पर्व 10 जुलाई को रहा है। इसके अलावा कांवण यात्रा भी शुरू होने वाली है। इन्हीं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के कुशल निर्देशन में जनपद में आगामी त्यौहारों सावन का महीना, कांवड़ यात्रा और बकरीद आदि को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज समस्त थानों में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने की अपील की गई ।

# नगर पालिका परिषद पीड़ित की निजी जमीन पर करा रहा जबरिया निर्माण कार्य

पहल टुडे / अनुराग मिश्रा उर्फ पवन



मिश्रित सीतापुर / नगर पालिका परिषद में लंबरदार / सरवराहकारी प्रथा लागू होने के बावजूद भी नगर पालिका परिषद द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप करके लिखे गए वक्फनामा के आधार पर पैत्रक रूप से भूमि पर काबिज चले आ रहे सरवराहकार और अपर जिला जज कोर्ट संख्या 6 के पारित आदेश की अनदेखी करके नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध रूप से बोरिंग कराकर नलकूप और टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा मिश्रित के मोहल्ला चंदूपुर में सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज के निकट स्थित भूमि गाटा संख्या 910 मिल जुमला रकबा 0.37 डिसमिल 910 मिलजुमला रकबा 0.98 डिसमिल व 910 स , रकबा 0.15 डिसमिल पर कस्बे के निवासी लंबरदार द्वारा विगत 25 मार्च 1941 में बाबूराम को भूमि निष्पादित की थी । इसी आधार पर ठाकुर जी भगवान के नाम चली आ रही उक्त भूमि पर बाबूराम के परिवारजन सरवराहकार के रूप में निरंतर का भी चले आ रहे है । उनके कब्जा और दखल के संबंध में जनपद न्यायालय के अपर जिला जज कोर्ट संख्या 6 के पीठासीन जावेद शमीम द्वारा 25 मई 022 को बाबूराम द्वारा स्थापित निजी ट्रस्ट ठाकुर जी स्थित मिश्रित अंदर नगर पालिका परिक्षेत्र के सरवराहकार गाटा संख्या 510 व 510 स में सूरज कुमार त्रिपाठी को नियुक्त माना गया है । फिर भी नगर पालिका परिषद न्यायालय के उक्त आदेश की अवहेलना करके जेसीबी मशीन से खुदान कराकर प्रकृति ही परिवर्तित नहीं की जा रही है । बल्कि प्रशासनिक दबंगई से इस भूमि पर जबरिया नलकूप और टंकी का निर्माण कराने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है । जब कि अपर जिला जज कोर्ट संख्या 6 के आदेश की कापी या प्रति लेकर न्यायालय द्वारा भूमि पर काबिज माने गए सरवराहकार सूरज कुमार त्रिपाठी ने पालिका के अधिशासी अधिकारी और जनपद के जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर न्यायालय आदेश के अनुपालन में नगर पालिका परिषद नैमिषारण्य की भूमि पर अनावश्यक हस्तक्षेप और अवैध कब्जे को रोके जाने की गुहार लगाई है । मांमले में मजेदार बात यह है ।

## कोंच में कृषि निवेश मेला एवं प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

पहल टुडे



कोंच/जालौन। विकास खंड कोंच में बुधवार को कृषि निवेश मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, भाजपा की सरकार किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान परक योजनाओं का लाभ उन्हें मिलता रहेगा ताकि किसानों की आय बढ़ सके। खंड विकास कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा नेता सुनील शर्मा, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. केदारनाथ सिमिरिया, भाकियू तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह, प्रगतिशील किसान राजेंद्र निरंजन नक्टेला आदि के विशिष्ट आतिथ्य में संजोए गए इस कार्यक्रम में विधायक ने किसानों से कहा, कृषि वैज्ञानिक लगातार नए नए शोध कर कृषि के क्षेत्र में पैदावार बढ़ाने के उपाय खोज रहे हैं। किसानों को चाहिए कि कृषि विभाग के संपर्क में रह कर उन शोधों का लाभ उठाएं और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लेकर अनुदान/सब्सिडी पर उत्तम किस्म के बीज, खाद, कृषि यंत्र देकर किसानों की आय दोगुनी करने का अपना संकल्प पूर्ण करने में तेजी से जुटी हुई है। कृषि वैज्ञानिक द्वय डॉ. राजीव कुमार व डॉ. बिस्टर ने मूंग, अरहर, उर्द, धान, सोयाबीन, तिली, मूंगफली आदि खरीफ फसलों की नई प्रजातियों व जैविक खेती के बारे में विस्तार से बताया। संचालन बीज खरीद केंद्र नदीगांव के प्रभारी नीरज अग्रवाल ने किया। कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, कृषि प्रसार अधिकारी अभिषेक चंद्रा आदि ने कृषि के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को एक फसल के भरोसे न रहकर तीनों फसलें अपनानी चाहिए।

## धार्मिक कस्बे में छाया अंधेरा जिम्मेदार मौन

पहल टुडे

मिश्रिखःसीतापुर नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य में तैनात प्रशासनिक अधिकारी के अनदेखी के चलते धार्मिक कस्बे में अंधेरा छाया हुआ है महर्षि दधीचि की तपोस्थली कही जाने वाली मिश्रिख तीर्थ को जाने वाले रास्ते पर नगर पालिका मिश्रित द्वारा एक बड़े पोल में लाइट लगवा कर उजाला किए जाने की योजना बनाई गई लेकिन यह योजना आज भी मुंह चिढ़ाते नजर आ रही है आपको बता दें मिश्रिख दधीच तीर्थ के रास्ते पर लगे पोल में 8 माह के बाद भी अभी तक लाइट नहीं लगवाई गई केवल पोल खड़े कर दिए गए दूसरा पोल स्टेशन रोड पर जुगल किशोर सभासद प्रतिनिधि के घर के निकट लगवाया गया जिसमें अभी तक लाइट नहीं लगी है और एक पोल नैमिषारण्य में लगवाया गया लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते इन पोलों पर अभी भी लाइट नहीं लगवाई गई यात्री एवं राहगीर अंधेरे में आने के लिए मजबूर हैं यह लाइटें नगर पालिका मिश्रिख नैमिषारण्य के द्वारा लगवाई गई जिस पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की और आई इंडिया संवाददाता कोबताया कि 8 महीने से यहां पर पोल तो खड़े कर दिए गए लेकिन अभी तक उसमें लाइट नहीं लगाई गई ऐसे ही कई अन्य छोटे पोल भी हैं जो जिन पर लाइट नहीं लगी है जुगुल किशोर,रामौतार, सर्वेश कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि 14 जुलाई को शुरू होने वाली कावड़ यात्रा से पहले प्रकाश व्यवस्था सुद्रण करने की कवायद की जाए जिससे आने वाले कांवाड़ियों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े उपजिलाधिकारी मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया जानकारी मिली है ठेकेदार को बुलवाता हूं।

## जिलाधिकारी ने लहरा गंगा घाट पर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का मौके पर लिया जायजा

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्थी के साथ विकास खण्ड सोरों क्षेत्र में स्थित लहरा गंगा घाट पर पहुंच कर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया। स्नान के दौरान व्यवस्थायें बनाये रखने के लिये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न रहे कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु सोरों क्षेत्र में गंगा स्नान के लिये आते हैं। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिये व्यापक व्यवस्थायें की गई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्नान के लिये गंगा नदी के किनारे बांस बल्ली, बेरीकेटिंग, चेंजिग रूम एवं अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिये नावों, गोताखोरों व सुरक्षा बल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

ग्राम कुरसेंड़ा में फैली अव्यवस्थओं को देख जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, कार्यवाही के दिए निर्देश

# जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने ग्राम पंचायत कुरसेंड़ा का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

पहल टुडे



माधौगढ़/जालौन। गुरुवार को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने माधौगढ़ विकासखंड के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन व ग्राम कुरसेंडा का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर बच्चों की कम उपस्थिति देख फटकार लगाई बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर न दिखाने पर प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। यूनिफॉर्म में बच्चे न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के यूनिफॉर्म के लिए सरकार रुपए दे रही है अभिभावकों से वार्ता कर सभी बच्चों की यूनिफॉर्म बनवाएं। जिलाधिकारी ने स्कूल में ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया उन्होंने बच्चों से जवाब सवाल भी किए जिस पर बच्चों ने बखूबी से प्रश्नों के उत्तर दिए जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इन्हें उच्च शिक्षा प्रदान करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा शिकायत की है कि यह सामुदायिक शौचालय अक्सर बंद ही रहता है और सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा दिया लेकिन अभी तक गड्ढे नहीं खोदे गए। जिस पर जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया और ग्रामीणों द्वारा बताई गई कमियों को भी देखा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय का कार्य पूर्ण हो चुका है अभी तक गड्ढे नहीं खोदे गए हैं और संबंधित का भुगतान भी करा दिया है जिससे आप की संलिप्तता प्रतीत होती है उन्होंने सचिव के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश दिए और इनके कार्यकाल में कराए गए कार्यों की भी जांच की जाए साथ ही सचिव के खिलाफ स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उसके पश्चात उन्होंने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक कार्यालय में उपस्थित नहीं रहता है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए ताकि संबंधित के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा न दिखाने पर फटकार लगाई और निर्देशित किया कि 2 दिन के अंदर कराए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत करें।

## जो मित्र सुख और दुख दोनों में काम आए वही सच्चा मित्र कहलाता है

– श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र की कथा का किया गया वर्णन

पहल टुडे

जालौन। दुख और सुख में जो मित्र मित्र के काम आए वही सच्चा मित्र कहलाता है। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन की कथा को श्रवण कराते हुए कथा व्यास ने सुदामा सुदामा चरित्र की कथा को बैठे श्रोताओं को श्रवण कराते हुए कहीं। इस दौरान बच्चों ने कृष्ण और राधा की सुंदर झांकियां भी निकाली खनुवा में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री गौड़ बाबा मंदिर स्थान पर किया जा रहा है। कथा के सातवें दिन सुदामा चरित की कथा को कथा व्यास द्वारा श्रवण कराया गया। व्यास जी ने कहा कि मित्र अपने मित्र के सुख दुख में शामिल होकर अपने मित्र को सही रास्ते पर चलने में मदद करता है। वही सच्चा मित्र होता है। आज कल लोग स्वार्थ के मित्र बनकर अपना काम निकालते हैं। अगर मित्रता करनी है तो सुदामा और कृष्ण जैसी मित्रता करो। जो अपने सुख दुख को भूल कर सिर्फ मित्र की ओर के दुख से दुखी होकर अपने आप को खो देता है। जब सुदामा जी अपने मित्र से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। तो द्वारपालों उनकी दशा को देख कर दरवाजे पर ही रोक लेते हैं। सुदामा जी कहते हैं कि इस द्वारकापुरी के राजा हमारे सखा हैं। द्वारपाल यह सुनकर न सिर्फ अचंभित होते हैं बल्कि सुदामा पर जोर जोर से हंसने लगते हैं। कि इस भिखारी के एक राजा सखा कैसे हो सकते है। लेकिन उनमें से कुछ द्वारपालों ने यह सूचना राजा को दी। जब सुदामा की आने की सूचना कृष्ण को लगी तो वह अपनी सुख-सुविधाओं को छोड़कर नंगे पैर अपने महल से दौड़ पड़े ।कृष्ण को जब दौड़ते हुए महल के बाहर देखा गया तो उनकी रानियां भी पीछे से दौड़ी। यह सब दृश्य जब वहा लोगो ने देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ। कृष्ण भगवान अपनी सखा सुदामा से इस प्रकार मिल रहे थे।